Page 11

खेल



जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09

देश




पहली बार विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बनाई, मार्टा ने पाओलिनी कोदी...

पंजाब कांग्रेस के नेताओं के साथ भूपेश बघेल की बड़ी बैठक, चन्नी के फैसले पर सबकी निगाहें


कृष्ण पक्ष, कृतिका, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 10 जुलाई 2026 • वर्ष 28 • अंक 218 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,31,300 | ₹ 2,45,000 |




## आज का इतिहास

**2008** : भारतीय मूल के ब्रिटिश लेखक सलमान रुश्दी को बेस्ट ऑफ बुकर पुरस्कार प्रदान किया गया।

**1925**: भारतीय रहस्यवादी और आध्यात्मिक गुरु मेहर बाबा ने 1969 में अपनी मृत्यु की शुरुआत मौनपालन से की थी, केवल एक वर्णमाला के माध्यम से या अनोखे हाथ के इशारों से संवाद करना।

## न्यूज बाइट्स

### 15 जुलाई तक पीएफ खातों में जमा होगा 8.25% ब्याज

**नई दिल्ली (ए.)** । कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से जुड़े करोड़ों नौकरीपेशा कर्मचारियों और पेंशनधारकों के लिए राहत भरी खबर है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने घोषणा की है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 8.25 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की राशि 15 जुलाई तक पात्र सदस्यों के पीएफ खातों में जमा कर दी जाएगी। ब्याज जमा होने के बाद सदस्य अपनी ई-पासबुक में इसकी जानकारी देख सकेंगे। सरकार के अनुसार इस बार लगभग 1.44 लाख करोड़ रुपये की ब्याज राशि 34 करोड़ से अधिक पीएफ खातों में हस्तांतरित की जाएगी। इससे करोड़ों कर्मचारियों के भविष्य निधि (पीएफ) खाते की जमा राशि में वृद्धि होगी और उन्हें प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ मिलेगा।

### बिहार में 3,035 सरकारी शिक्षक बर्खास्त

**नई दिल्ली (ए.)** । बिहार सरकार ने फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 3,035 सरकारी शिक्षकों की सेवा समाप्त करने का निर्णय लिया है। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि इन शिक्षकों से अब तक प्राप्त वेतन और मानदेय की ब्याज सहित वसूली भी की जाएगी। विभागीय जांच में सामने आया कि संबंधित शिक्षकों ने फर्जी शैक्षणिक प्रमाणपत्रों के आधार पर सरकारी नौकरी हासिल की थी। इसके बाद शिक्षा विभाग ने सभी मामलों की समीक्षा कर सेवा समाप्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अनियमितताओं वाले 1,830 शिक्षकों के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराई जा चुकी है या दर्ज कराने की प्रक्रिया चल रही है। इनके विरुद्ध आपराधिक कार्रवाई भी की जाएगी।

सीएम सम्राट चौधरी ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी की मौजूदगी में की विभागीय कार्यों की समीक्षा

# बिहार में बनेंगे एक करोड़ नए राशन कार्ड : सीएम

- लाभार्थियों का अद्यतन डेटाबेस तैयार करने, राशन वितरण की नियमित मॉनिटरिंग और वेयरहाउसिंग व्यवस्था को आधुनिक बनाने पर जोर

निज संवाददाता | पटना



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी के साथ खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की योजनाओं तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में राज्य में खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को एक करोड़ नए राशन कार्ड बनाने के लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग की सभी योजनाओं के लाभार्थियों का व्यापक एवं अद्यतन डेटाबेस तैयार किया जाए, ताकि पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंच सके। उन्होंने बिहार की ऑनलाइन सार्वजनिक वितरण प्रणाली (ऑनलाइन पीडीएस) की सराहना करते हुए इसे और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

### खाद्यान्न भंडारण होगा आधुनिक

समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के सफल क्रियान्वयन का भी आकलन किया गया। खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए स्मार्ट वेयरहाउस विकसित करने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही सार्थक पीडीएस मॉडल, उसके विभिन्न मॉड्यूल, तकनीकी संरचना तथा लागत साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने राज्य के सभी खाद्यान्न गोदामों (वेयरहाउस) की गुणवत्ता, सुरक्षा और रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। साथ ही सभी गोदामों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा, ताकि खाद्यान्न का सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित हो सके और सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अधिक मजबूत एवं विश्वसनीय बने। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि केंद्र सरकार से प्राप्त सुझावों के अनुरूप विभाग समन्वय स्थापित कर तेजी से लक्ष्यों को पूरा करे। उन्होंने बिहार दौरे पर आए केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी द्वारा राज्य की योजनाओं की समीक्षा करने तथा बिहार के विकास में सहयोग का आश्वासन देने के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया। बैठक में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी, बिहार सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, सचिव संजय कुमार सिंह, भारत सरकार के संयुक्त सचिव रविशंकर, विभागीय सचिव दीपक आनंद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### राशन वितरण की होगी सख्त मॉनिटरिंग

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राशन वितरण व्यवस्था की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रत्येक पात्र लाभार्थी को सम्मानपूर्वक और बिना किसी बाधा के खाद्यान्न उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'गरीब कल्याण विद डिग्निटी' के संकल्प को धरातल पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## बिहार का बालू अब जाएगा दूसरे राज्यों में
# सरकार ने दी के-लाइसेंसधारियों को अनुमति

- ई-चालान व्यवस्था लागू, पहले बिहार की जरूरत होगी पूरी, अवैध खनन और दुलाई पर सख्त निगरानी के निर्देश
- एम, एसएसपी, एसपी और स्थानीय पुलिस को विशेष निगरानी व छापेमारी के निर्देश।



निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने राज्य में बालू के कारोबार को लेकर बड़ा नीतिगत फैसला लिया है। अब राज्य के K-लाइसेंसधारियों के माध्यम से बिहार का बालू दूसरे राज्यों में भी भेजा जा सकेगा। खान एवं भूतत्व विभाग ने इसके लिए ई-चालान जारी करने की व्यवस्था लागू कर दी है। सरकार का कहना है कि इस निर्णय से राज्य के राजस्व में वृद्धि होगी और मॉनसून के दौरान भी बालू का कारोबार व्यवस्थित तरीके से संचालित हो सकेगा।

खान एवं भूतत्व विभाग के अनुसार, दूसरे राज्यों में बालू भेजने की यह व्यवस्था पूरी तरह अस्थायी है और इसकी नियमित रूप से उच्चस्तरीय समीक्षा की जाएगी। यदि मॉनसून के दौरान बिहार में बालू की कमी होती है या कीमतों में अनावश्यक वृद्धि होती है, तो इस व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जा सकता है। सरकार ने बताया कि 15 अक्टूबर के बाद जब राज्य में बालू खनन दोबारा सामान्य रूप से शुरू होगा, तब स्थिति की समीक्षा कर यह तय किया जाएगा कि इस व्यवस्था को आगे जारी रखा जाए या नहीं।

### मॉनसून में खनन बंद, बालू की नहीं होगी कमी

मॉनसून अवधि के कारण फिलहाल राज्य में बालू खनन पर पूरी तरह रोक लगी हुई है। ऐसे में अगले चार महीनों तक निर्माण कार्य प्रभावित न हों और बाजार में बालू की कृत्रिम कमी या कालाबाजारी की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए सरकार ने पहले से ही व्यापक तैयारी की है। विभिन्न जिलों में करीब 30 से 35 लाख क्यूबिक फीट (सीएफटी) बालू का बफर स्टॉक सुरक्षित रखा गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि सबसे पहले बिहार के भीतर निर्माण कार्यों के लिए पर्याप्त बालू उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य की आवश्यकता पूरी होने के बाद ही अधिशेष (सरप्लस) बालू को दूसरे राज्यों में भेजने की अनुमति दी जाएगी।

### अवैध खनन पर सरकार की सख्ती

सरकार ने बालू के अवैध खनन और बिना चालान ढुलाई पर भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। खान एवं भूतत्व विभाग ने सभी जिलाधिकारियों (डीएम), एसएसपी और एसपी को विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया है। स्थानीय पुलिस थानों को नियमित गश्त और छापेमारी करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि मॉनसून के दौरान अवैध खनन और परिवहन पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। सरकार का कहना है कि इस नई व्यवस्था का उद्देश्य एक ओर राज्य के राजस्व में बढ़ोतरी करना है, वहीं दूसरी ओर बिहार में बालू की उपलब्धता बनाए रखते हुए निर्माण कार्यों को सुचारु रूप से जारी रखना और अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना भी है।

## टीएमसी के तीन पूर्व सांसद बीजेपी में शामिल

**कोलकाता (पं.बं.) (ए)।** बंगाल में हाल में हुए सत्ता परिवर्तन व भाजपा की सरकार बनने के बाद राजनीतिक समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। हाल में तृणमूल कांग्रेस छोड़ने वाले तीन पूर्व राज्यसभा सदस्यों- सुखेंदु शेखर राय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बराइक ने गुरुवार को भाजपा का दामन थाम लिया। तृणमूल के तीनों पूर्व नेताओं ने कोलकाता के साल्टलेक स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में बंगाल भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भट्टाचार्य ने भाजपा का झंडा थमाकर तीनों पूर्व सांसदों का पार्टी में स्वागत किया। बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की करारी हार व पार्टी में बगावत के बीच तीनों नेताओं ने पिछले महीने राज्यसभा की सदस्यता और पार्टी, दोनों से इस्तीफा दे दिया था। खबर है कि तीनों के इस्तीफे के चलते बंगाल में राज्यसभा की खाली हुई तीन सीटों पर होने जा रहे उपचुनाव के लिए भाजपा तीनों को उम्मीदवार बना सकती है।

# उत्पाद निरीक्षक के ठिकानों पर ईओयू का छापा
## आय से 201% अधिक संपत्ति का खुलासा

निज संवाददाता | पटना

आय से अधिक संपत्ति के मामले में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने गुरुवार को सिवान में पदस्थापित उत्पाद निरीक्षक अंकेश कुमार गोंड उर्फ अंकेश राज गोंड के दानापुर, मुंगेर और सिवान स्थित पांच ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। प्रारंभिक जांच में उनके पास 2.36 करोड़ रुपये से अधिक की ऐसी संपत्ति मिलने के साक्ष्य मिले हैं, जो उनकी ज्ञात आय से 201 प्रतिशत अधिक बताई गई है। इस मामले में ईओयू थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा कार्रवाई की जानकारी मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग को भी भेज दी गई है। ईओयू के अनुसार,



अंकेश कुमार गोंड की नियुक्ति वर्ष 2005 में उत्पाद सहायक अवर निरीक्षक के रूप में हुई थी। जांच में सामने आया कि उन्होंने सेवा अवधि के दौरान पटना, मुंगेर और सिवान में तीन भूखंड और एक मकान खरीदा। इनमें मुंगेर स्थित व्यावसायिक भवन एवं मकान को करीब 1.40 करोड़ रुपये में बिना किसी बैंक ऋण के खरीदा गया, जबकि उसका नवीनीकरण भी कराया जा रहा है। इसके अलावा दानापुर में दो कट्ठे जमीन पर निर्मित तीन मंजिला आलीशान मकान की अनुमानित कीमत करीब 80 लाख रुपये आंकी गई है।

छापेमारी के दौरान अंकेश कुमार एवं उनके परिजनों के नाम पर विभिन्न बैंकों में आठ बैंक खाते और एक पीपीएफ खाता मिला, जिनमें लगभग 54 लाख रुपये जमा पाए गए। ईओयू ने सभी खातों को फ्रीज कर दिया है। एक बैंक लॉकर भी मिला है, जिसकी तलाशी अभी शेष है। जांच में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और अन्य बीमा कंपनियों की पांच बीमा पॉलिसियों के दस्तावेज भी मिले हैं, जिनका वार्षिक प्रीमियम करीब तीन लाख रुपये है। इसके अलावा म्यूचुअल फंड निवेश, आभूषण खरीद और अन्य वित्तीय निवेश से संबंधित दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। ईओयू को जांच के दौरान आधा दर्जन से अधिक चारपहिया और दोपहिया वाहनों का भी पता चला। इनमें पत्नी के नाम पर खरीदी गई करीब 25 लाख रुपये की इनोवा क्रिस्टा, टाटा अल्ट्रोज कार, ह्युंडई आई-10 तथा एक महिंद्रा स्कॉर्पियो शामिल है। जांच में यह भी सामने आया कि स्कॉर्पियो वाहन एक रिश्तेदार के नाम पर खरीदकर सिवान उत्पाद विभाग में अनुबंध पर लगाया गया था, जबकि उसका उपयोग स्वयं उत्पाद निरीक्षक कर रहे थे।

## आईएसटीपी से एक महीने में 21.65 करोड़ रुपये का राजस्व, 19 हजार वाहन हुए पंजीकृत

- जून तक विभाग को 505.26 करोड़ रुपये की आय, अवैध खनन के खिलाफ 12,877 छापेमारी, 14 वृहद खनिज ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया तेज

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार के अंतर-राज्य परिवहन पास (आईएसटीपी) से एक महीने में 21.65 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। प्रत्येक सप्ताह औसतन 5.60 करोड़ रुपये की आय हो रही है। यह जानकारी खान एवं भूतत्व मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने गुरुवार को विकास भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। मंत्री ने बताया कि आईएसटीपी पोर्टल पर अब तक 19 हजार वाहनों का पंजीकरण हो चुका है। झारखंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, हरियाणा, राजस्थान और उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्यों से प्रतिदिन औसतन चार हजार खनिज लदे वाहन बिहार आ रहे हैं। विभाग ने इस व्यवस्था से प्रतिवर्ष लगभग 250 करोड़ रुपये के अतिरिक्त राजस्व का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 10 जून से अंतर-राज्य परिवहन पास व्यवस्था लागू की है। इसके तहत जिन वाहनों के चालान में खनिज का वजन अंकित है, उनसे 60 रुपये प्रति मीट्रिक टन तथा जिन चालानों में वजन अंकित नहीं है, उनसे 85 रुपये प्रति घन मीटर की दर से ट्रांजिट पास शुल्क लिया जा रहा है। इस व्यवस्था के लागू होने के पहले सप्ताह में ही 4.31 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ था।

## बांकीपुर उपचुनाव : भाजपा प्रत्याशी अभिषेक बंटी ने किया नामांकन, राजद और जन सुराज से होगा त्रिकोणीय मुकाबला

निज संवाददाता | पटना



पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार अभिषेक कुमार उर्फ बंटी ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन से पहले उन्होंने अपने माता-पिता का आशीर्वाद लिया और हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद समर्थकों और भाजपा नेताओं के साथ गांधी मैदान स्थित समाहरणालय पहुंचकर नामांकन किया। नामांकन के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, सांसद रविशंकर प्रसाद सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा ने इस अवसर को शक्ति प्रदर्शन के रूप में प्रस्तुत किया। घर से निकलने से पहले अभिषेक कुमार ने अपनी मां के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और पिता का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि माता-पिता का स्नेह और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। नामांकन से पूर्व उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि माता-पिता का त्याग, साथ और समर्थन उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव भाजपा के पूर्व विधायक एवं वर्तमान राज्यसभा सदस्य नितिन नवीन के इस्तीफे के बाद कराया जा रहा है। इस सीट के लिए 13 जुलाई तक नामांकन होगा। 30 जुलाई को मतदान और 3 अगस्त को मतगणना होगी। यह सीट वर्ष 1995 से भाजपा का गढ़ मानी जाती है। पहले यहां से नवीन प्रसाद विधायक रहे, जबकि उनके निधन के बाद 2006 से नितिन नवीन लगातार चुनाव जीतते रहे। उनके राज्यसभा सदस्य बनने के बाद यह सीट रिक्त हुई है।

## बिहार के सरकारी स्कूलों में मिड-डे मील का मेन्यू बदला

**पटना(नि.सं.)।** बिहार में मानसून के दौरान बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग ने मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) योजना में बदलाव किया है। अब सरकारी स्कूलों में बनने वाले भोजन में कुछ खास सब्जियों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। विभाग ने सभी जिलों को नई गाइडलाइन जारी कर दी है। नई व्यवस्था के तहत सरकारी प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में बनने वाले मिड-डे मील में अब बैंगन, भिंडी, पत्ता गोभी और सभी तरह के पत्तेदार साग का उपयोग नहीं किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने निर्देश दिया है कि इनकी जगह स्थानीय स्तर पर मिलने वाली ताजी और सुरक्षित मौसमी सब्जियों का इस्तेमाल किया जाए।

## बाढ़ की तैयारियों में लापरवाही नहीं, तटबंधों की सतत निगरानी के निर्देश

निज संवाददाता | पटना

उपमुख्यमंत्री एवं जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बाढ़ संघर्षात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को तटबंधों की सतत निगरानी, रात्रिकालीन औचक निरीक्षण तथा आवश्यक सामग्रियों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को सिंचाई भवन में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी बाढ़ परिक्षेत्रों के मुख्य अभियंताओं से तैयारियों की जानकारी ली गई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य बाढ़ के मौसम में प्रवेश कर चुका है, इसलिए किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी तैयारियां समय पर पूरी रहनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अधिकांश स्थानों पर कटाव निरोधक कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि शेष कार्यों को हर हाल में एक सप्ताह के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।


आमंत्रण

बिहार विधान सभा सचिवालय, प्राईड (लोक सभा) एवं बिपार्ड के संयुक्त तत्त्वावधान में दिनांक-11.07.2026 एवं दिनांक-12.07.2026 को बिहार विधान सभा के माननीय सदस्यों के लिए बिपार्ड, गया जी में दो दिवसीय आवासीय प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। माननीय सदस्यों के उक्त कार्यक्रम में शामिल होने हेतु गया जी में दिनांक-10.07.2026 को अप0 से ही आवासन की व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन भारत के माननीय उप राष्ट्रपति श्री सी0 पी0 राधाकृष्णन करेंगे। बिहार के माननीय राज्यपाल ले0 ज0 (सेवानिवृत) श्री सय्यद अता हसनैन इस कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी मुख्य अतिथि होंगे।

अष्टादश बिहार विधान सभा के माननीय सदस्यगण (माननीय मंत्रीगण सहित) से अनुरोध है कि दिनांक-11.07.2026 एवं दिनांक 12.07.2026 को बिपार्ड, गया जी में आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम में भाग लेने की कृपा की जाय।

डॉ० प्रेम कुमार
अध्यक्ष, बिहार विधान सभा




ऊर्जा, रक्षा और आतंकवाद के खिलाफ साझा मोर्चा, भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंध हुए और मजबूत

# ऑस्ट्रेलिया से भारत को मिलेगा यूरेनियम, समुद्री सुरक्षा पर बढ़ी साझेदारी

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गुरुवार को आयोजित तीसरे वार्षिक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने रक्षा, ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद-रोधी सहयोग को नई मजबूती देने पर सहमति जताई। दोनों नेताओं ने बदलते वैश्विक परिदृश्य में रणनीतिक साझेदारी को और व्यापक



बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण समझौतों और पहलों की घोषणा की। संयुक्त प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि दोनों देशों ने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत ऑस्ट्रेलिया से भारत को शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम की आपूर्ति का मार्ग प्रशस्त होगा, जिससे भारत के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को बल मिलेगा। दोनों प्रधानमंत्रियों ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि बनाए रखने के लिए समुद्री सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस उद्देश्य से दोनों देशों ने समुद्री सहयोग का नया रोडमैप तैयार किया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुरूप समुद्री और हवाई मार्गों की स्वतंत्र आवाजाही का समर्थन किया तथा क्षेत्रीय विवादों का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से करने पर बल दिया।

### आतंकवाद के खिलाफ मिलकर करेंगे काम

शिखर वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने आतंकवाद और उग्रवाद की कड़े शब्दों में निंदा की। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने आतंकवादी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान, सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय और आतंकवाद-रोधी सहयोग को और मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से 5 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल, नवादा रेफर

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत उतरवारी धमनी गांव में गुरुवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक 5 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बालक की पहचान उत्तरवारी गांव निवासी सुरेन्द्र कुमार के पुत्र समीर कुमार के रूप में हुई है। स्वजनों ने बताया कि समीर कुमार सड़क किनारे खेल रहा था। इसी दौरान तेज गति से गुजर रहे एक ट्रैक्टर की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्वजनों ने आनन-फानन में घायल बालक को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कौआकोल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### 11 जुलाई 2026 को एकदिवसीय रोजगार मेले का होगा आयोजन

**नवादा।** युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के निर्देशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा 11 जुलाई को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई.टी.आई.), नवादा के प्रांगण में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी, नई दिल्ली द्वारा शिक्षक के 10 रिक्त पद अधिसूचित किए गए हैं। उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक (ग्रेजुएशन) के साथ बेसिक अंग्रेजी का ज्ञान होना आवश्यक है। चयनित अभ्यर्थियों को 14,500 प्रतिमाह वेतन के साथ 3,000 मकान किराया तथा अन्य सुविधाएँ, जैसे ई.पी.एफ. एवं स्थानांतरण होने पर किराया देय होगा। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 45 वर्ष निर्धारित है। कार्यस्थल नवादा होगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों एवं आधार कार्ड की छायाप्रति, रंगीन फोटो तथा बायोडाटा के साथ चयन हेतु संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई.टी.आई.), नवादा के प्रांगण स्थित कैम्प स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक आयोजित होगा। जो अभ्यर्थी एन.सी.एस. पोर्टल पर निबंधित हैं, वही रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। जो अभ्यर्थी निबंधित नहीं हैं, वे एन.सी.एस. पोर्टल पर स्वयं अथवा जिला नियोजनालय, नवादा में निबंधन कराकर रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं। नियोजन की शर्तों के लिए नियोजक स्वयं उत्तरदायी होंगे। जिला नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में होगा।

### नारदीगंज पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन आज

**नारदीगंज (नवादा)।** पंचायती राज मंत्री दीपक कुमार 10 जुलाई 2026 को नारदीगंज पहुंचेंगे। यहां पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन और योजनाओं का निरीक्षण करेंगे। बीडीओ सोनिया ढ़नढ़ननिया ने कहा पंचायती राज मंत्री 10 जुलाई 2026 को 3 बजकर 30 मिनट में नारदीगंज पंचायत में पंचायत सरकार भवन का उदघाटन व निरीक्षण करेंगे। उसके बाद 4 बजकर 30 मिनट में हंड़िया पंचायत में विकास योजनाओं का निरीक्षण करेंगे।

### आरोपी को भेज दिया गया न्यायालय


**नारदीगंज, नवादा।** दिनांक 07/ 07/26 को नारदीगंज थाना कांड संख्या 240/26 दिनांक 05/07/26 धारा 115(2)/126(2)/118(2)/3(5)bns एवं कांड संख्या 242/ 26 दिनांक 07/07/26 धारा 115(2)/126(2)/118(2)/109 bns के नामजद प्राथमिकी सौरभ कुमार पिता सहदेव चौधरी एवं रविi राज उर्फ बली पिता रूपनारायण प्रसाद दोनों ग्राम हरनारायण थाना नारदीगंज जिला नवादा को गिरफ्तार कर l आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया है।

### सड़क दुर्घटना में मौत मामले में चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**नारदीगंज( नवादा)।** थाना क्षेत्र के बलवापर निवासी स्व.बाल्मीकि प्रसाद का 21 वर्षीय पुत्र प्रियांशु राज का सड़क हादसे में मौत के मामले में ट्रक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज हो गया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा मृतक के मां अनिता कुमारी के लिखित शिकायत पर परिवहन विभाग नवादा में मामला दर्ज हुआ है।

### प्रदेश नेतृत्व ने संगठन विस्तार की जिम्मेदारी सौंपी,कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**बिक्रमगंज :** जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा की अनुशंसा पर वरिष्ठ जदयू नेता अनंत कुमार गुप्ता को बिहार प्रदेश जनता दल (यू) का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है । उनके मनोनयन की घोषणा होते ही रोहतास जिले सहित शाहाबाद क्षेत्र के जदयू कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई । नवनियुक्त प्रदेश महासचिव अनंत कुमार गुप्ता ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है,उस पर मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करूंगा ।



उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना,कार्यकर्ताओं को सम्मान दिलाना तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास और सामाजिक न्याय के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी । उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा सौंपी गई नई जिम्मेदारी का पूरी प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करूंगा और संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए लगातार कार्य करूंगा । अनंत कुमार गुप्ता के प्रदेश महासचिव बनने पर रोहतास जिला जदयू अध्यक्ष विंदा चंद्रवंशी,मनोज पटेल,धनजी पटेल, संजय वर्मा,अभिषेक पटेल,अरविंद कुमार,सुधीर चौधरी,मधुसूदन सिंह, दुष्यंत सिंह,अनिल कुमार,प्रमोद पटेल,राजेश पटेल,विरेंद्र कुशवाहा, आयुष कुमार सिंह,विजेंद्र पटेल,जय शंकर राय,राजेश पांडेय,पिंटू सिंह सहित बड़ी संख्या में जदयू नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं ।

### चेनारी के फुलवरिया पंचायत के मुखिया, पिता और भाई का दबंगई आया सामने

#### जांच से नाराज मुखिया के पिता और भाई ने आवेदन करता को पिटा, लोगो मे रोष

**रोहतास।** *खबर रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र से है जहां फुलवरिया के मुखिया के साथ पूर्व से चली आ रही विवाद के बाद मुखिया के भाई ने आवेदन करता को तेलारी बाजार मे घसीट के मारने का मामला प्रकाश मे आया है।*आपको बता दे की एक हफ्ते पूर्व मनरेगा योजना में फुलवरिया पंचायत के मुखिया सुशील कुमार के द्वारा अवैध तरीके से पैसे की निकासी कर ली गई थी जिसके बाद उक्त पंचायत के ग्रामीण मिथिलेश कुमार के द्वारा आवेदन दे जांच कराई गई थी जिससे नाराज मुखिया ने मोबाइल फोड़ने तथा मारने की धमकी दी थी, वहीं जांच से नाराज बुधवार के दिन मुखिया के भाई वकील पासवान तथा उसके पिता संतोष पासवान के द्वारा तेलारी बाजार में आवेदन करता मिथिलेश कुमार को अकेला पाकर बाइक से घसीट कर मार पीट किया। *पीड़ित मिथलेश कुमार ने बताया कि मुखिया के द्वारा की गई अवैध निकासी का तथा उनके कार्यों का मेरे द्वारा जांच कराया गया था, जिससे नाराज मुखिया सुशील कुमार और भाई वकील तथा उनके पिता संतोष पासवान के द्वारा बार बार जान से मारने की धमी दी जा रही है, जबकि बुधवार के दिन मुखिया के पिता और भाई वकील पासवान के द्वारा मुझे अकेला पाकर बीच सड़क पर बाइक से गिरा जान से मारने का प्रयास किया गया , जब लोगो ने देखा तो दोनो लोग मुझे छोड़ भाग निकले। वही घटना की जानकारी स्थानीय थाने को दे दी गई है।

# जनगणना 2027 के प्री-टेस्ट का भारत सरकार की टीम ने किया निरीक्षण

## रजौली ब्लॉक के सोहदा, कर्मकला और तारगिर गांवों का लिया जायजा, सुपरवाइजरों से लिया फीडबैक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** भारत सरकार के जनगणना निदेशालय की एक उच्चस्तरीय टीम ने बुधवार को रजौली प्रखंड क्षेत्र में चल रहे जनगणना 2027 के प्री-टेस्ट का औचक निरीक्षण किया। टीम ने प्रखंड के विभिन्न गांवों में जाकर सुपरवाइजरों और गणनाकारों से कामकाज की जानकारी ली और फीडबैक भी लिया। निरीक्षण टीम का नेतृत्व जनगणना निदेशालय भारत सरकार की निदेशक आईएएस रंजिता ने किया। उनके साथ उप निदेशक हेमंत कुमार, सहायक निदेशक अंगद कुमार सिंह और उनकी पूरी टीम मौजूद रही। भारत की जनगणना 2027 का प्री-टेस्ट बिहार में रजौली प्रखंड के अलावे सारण जिले के सोनपुर नगर परिषद में चल रहा है।



निरीक्षण करते अधिकारी एवं एसडीएम व बीडीओ के साथ अन्य

**तीन गांवों का किया निरीक्षण :-** टीम ने सबसे पहले सिरोडावर पंचायत क्षेत्र के सोहदा गांव का दौरा किया। इसके बाद जोगियामरान पंचायत के कर्मकला गांव पहुंचकर वहां जनगणना कार्य में लगे सुपरवाइजरों और गणनाकारों से बातचीत की। अधिकारियों ने डेटा संग्रहण की प्रक्रिया, फॉर्म भरने में आ रही दिक्कतों और ग्रामीणों के सहयोग को लेकर जानकारी ली। निरीक्षण के अंतिम चरण में टीम ने लेंगुरा पंचायत के तारगिर गांव स्थित एसआरएस यूनिट का भी भ्रमण किया। यहां सुपरवाइजर राधेश्याम, जनगणना निदेशालय से माधुरी कुमारी और गणनाकार शिक्षक उपस्थित रहे। टीम ने एसआरएस यूनिट में रखे रिकॉर्ड और प्रविष्टियों की भी जांच की।

**जिला और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी रहे मौजूद :-** निरीक्षण के दौरान रजौली एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन, नवादा डीएसओ,बीडीओ संजीव झा,सीओ मो. गुफरान मजहरी और सहायक प्रभार पदाधिकारी रौशन कुमार भी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार की टीम को प्रखंड में चल रही तैयारियों और प्री-टेस्ट की प्रगति से अवगत कराया। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना 2027 को लेकर यह प्री-टेस्ट एक महत्वपूर्ण चरण है। इससे फील्ड में आने वाली समस्याओं का पहले से आकलन कर मुख्य जनगणना को सुगम बनाया जाएगा। टीम ने गणनाकारों और सुपरवाइजरों को सही और सटीक डाटा संग्रहण के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जनगणना देश के विकास की योजना के लिए जरूरी है।

### रजौली अस्पताल में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व शिविर, 241 गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

#### बीपी, शुगर, ब्लड टेस्ट समेत दी गईं कैल्शियम-आयरन की दवाइयां



स्वास्थ्य जांच के दौरान गर्भवती महिलाएं एवं स्वास्थ्यकर्मी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में गुरुवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन प्रत्येक माह के 9 तारीख को किया जाता है। इस बार शिविर में कुल 241 गर्भवती महिलाओं का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर का नेतृत्व अस्पताल के प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार ने किया। इस दौरान डॉ. परितोष कुमार, डॉ. निवेदिता कुमारी और डॉ. सूरज कुमार भी मौजूद रहे। चिकित्सकों की टीम ने गर्भवती महिलाओं की बारी-बारी से जांच की। जांच के लिए अस्पताल में अलग-अलग काउंटर बनाए गए थे ताकि महिलाओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। शिविर में गर्भवती महिलाओं का बीपी, शुगर, वजन, ऊंचाई और ब्लड टेस्ट सहित अन्य जरूरी जांचें की गईं। चिकित्सकों ने जांच रिपोर्ट के आधार पर जरूरतमंद महिलाओं को कैल्शियम और आयरन की दवाइयां भी दीं। साथ ही उन्हें गर्भावस्था के दौरान खान-पान में पोषक तत्वों को शामिल करने और नियमित जांच कराने की सलाह दी गई। डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी गर्भवती महिलाओं से अपील की कि वे नियमित अंतराल पर स्वास्थ्य जांच कराएं और किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर तुरंत अस्पताल से संपर्क करें। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंची गर्भवती महिलाओं ने स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

## प्रदेश जदयू सचिव बने डॉ. सतीश कुशवाहा, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** जिले के रोह प्रखंड अंतर्गत मनियोचक गांव निवासी वरिष्ठ जदयू नेता डॉ. सतीश कुशवाहा को जनता दल (यूनाइटेड) की प्रदेश कमेटी में प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन की घोषणा होते ही जिले भर के जदयू कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ. कुशवाहा को बधाई देते हुए कहा कि वे लंबे समय से संगठन को मजबूत बनाने, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा कार्यकर्ताओं को एकजुट करने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और समर्पण का लाभ अब प्रदेश स्तर पर पार्टी को मिलेगा, जिससे जदयू और अधिक सशक्त होगी।

प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर डॉ. सतीश कुशवाहा ने जनता दल (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा



तथा प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करने का संकल्प भी दोहराया। डॉ. कुशवाहा के मनोनयन पर नवादा जिले के जदयू नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए इसे जिले के लिए गौरव का विषय बताया।

## प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के अंतर्गत 11 जुलाई से प्रारंभ होने वाले सर्वेक्षण को लेकर कार्यशाला आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** जिला पदाधिकारी,नवादा रवि प्रकाश के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त, नवादा श्रीमती नीलिमा साहू की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के अंतर्गत 11 जुलाई, 2026 से प्रारंभ होने वाले सर्वेक्षण कार्य के सफल संचालन एवं आवश्यक तैयारियों को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, सर्वेक्षण की कार्ययोजना, विभिन्न विभागों की भूमिका एवं आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति समुदाय के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को गति प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि योजना के तीन प्रमुख घटक हैं— आदर्श ग्राम





योजना, सहायता अनुदान एवं छात्रावास।

उन्होंने बताया कि आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत ऐसे गांवों का चयन किया जाएगा, जिनकी कुल आबादी न्यूनतम 500 हो तथा वहां अनुसूचित जाति की आबादी 40 प्रतिशत या उससे अधिक हो। ऐसे गांवों का चयन कर उनके समग्र विकास के लिए ग्राम स्तरीय विकास योजना तैयार की जाएगी। उप विकास आयुक्त ने बताया कि आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत 10 प्रमुख डोमेन यथा पेयजल एवं स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण सड़क एवं आवास, विद्युत एवं स्वच्छ ईंधन, कृषि पद्धतियां, वित्तीय समावेशन, डिजिटल लर्निंग तथा जीविकोपार्जन एवं कौशल विकास के आधार पर सर्वेक्षण किया जाएगा। सर्वेक्षण के उपरांत प्रत्येक चयनित गांव के लिए ग्राम विकास योजना (Village Development Plan-VDP) तैयार की जाएगी, जिससे गांवों का समग्र एवं सतत विकास सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने बताया कि नवादा जिले के 170 चयनित गांवों का सर्वेक्षण किया जाएगा। इसके लिए 11 जुलाई, 2026 से सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्वेक्षण कार्य को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराना सुनिश्चित करें। सर्वेक्षण के दौरान सभी आवश्यक सूचनाओं का शत-प्रतिशत एवं तथ्यात्मक संकलन किया जाए तथा किसी भी पात्र गांव अथवा परिवार की जानकारी छूटने न पाए। उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। कार्यशाला में सिविल सर्जन, नवादा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, नवादा, जिला कल्याण पदाधिकारी, नवादा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), जिला योजना पदाधिकारी, नवादा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, संबंधित विभागों के सभी पदाधिकारी तथा सर्वेक्षण कार्य से जुड़े अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा शिविर में 505 गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच, 25 हाई रिस्क गर्भावस्था की पहचान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज स्थित रेफरल अस्पताल में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (PMSMA) के तहत गुरुवार को सैकड़ों गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में कुल 505 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व (एएनसी) जांच की गई। इनमें 126 महिलाओं ने दूसरी या तीसरी तिमाही में पहली बार पीएमएसएमए की सेवाएं प्राप्त कीं जबकि 39 ऐसी गर्भवती महिलाएं थीं जिन्होंने पहली तिमाही में एएनसी नहीं कराया था, लेकिन इस शिविर में जांच कराई।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरती



अर्चना ने बताया की

शिविर के दौरान सभी 505 महिलाओं की विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं एमबीबीएस डॉक्टरों द्वारा जांच की गई। जांच में हीमोग्लोबिन, मूत्र एल्ब्यूमिन, अल्ट्रासाउंड (यूएसजी), एचआईवी, सिफिलिस सहित आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण किए गए। जांच के दौरान 25 महिलाओं में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) की पहचान की गई। इनमें 5 महिलाएं गंभीर एनीमिया 2 महिलाएं रिएक्टिव (हेपेटाइटिस/अन्य संक्रमण)तथा 8 महिलाएं पूर्व में सीजेरियन प्रसव की श्रेणी में पाई गईं। वहीं 10 महिलाओं में खराब प्रसूति इतिहास, जुड़वा गर्भ अथवा अन्य चिकित्सकीय कारण पाए गए। सभी हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कर उनकी सूची संबंधित एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं को नियमित फॉलोअप के लिए उपलब्ध करा दी गई है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का उद्देश्य प्रत्येक गर्भवती महिला को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच उपलब्ध कराना तथा हाई रिस्क गर्भावस्था की समय रहते पहचान कर आवश्यक उपचार सुनिश्चित करना है, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके।मौके पर सभी स्टॉफ नर्स, स्वास्थ्यकर्मी एवं कई चिकित्सक मौजूद थे।

### पिरामल फाउंडेशन और स्वास्थ्य विभाग का संयुक्त प्रशिक्षण, आंगनबाड़ी सेविकाओं को फाइलेरिया-कालाजार उन्मूलन की दी गई जानकारी

#### सीडीपीओ सीता कुजूर ने की अध्यक्षता, 150 सेविकाओं और 6 पर्यवेक्षिकाओं ने लिया भाग



प्रशिक्षण के दौरान सीडीपीओ एवं सेविकाओं के साथ अन्य लोग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** फाइलेरिया और कालाजार जैसी वेक्टर जनित बीमारियों के उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग और पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को रजौली प्रखंड मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय रजौली में बाल विकास परियोजना कार्यालय के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सीडीपीओ सीता कुजूर ने की। इसमें प्रखंड की सभी 6 महिला पर्यवेक्षिकाएं और 150 आंगनबाड़ी सेविकाएं शामिल हुईं। पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर निर्भय कुमार सिंह ने सेविकाओं को फाइलेरिया और कालाजार के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। इसके प्रमुख लक्षणों में हाथ-पैर में असामान्य सूजन यानी हाथीपांव और पुरुषों में हाइड्रोसील शामिल है। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को छोड़कर सभी पात्र लोगों को वर्ष में एक बार स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जाने वाले सामूहिक दवा सेवन यानी एमडीए अभियान के तहत फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन जरूर करना चाहिए। कालाजार के बारे में उन्होंने बताया कि यह बालू मक्खी के काटने से फैलने वाला गंभीर संक्रामक रोग है। लंबे समय तक बुखार रहना, तेजी से वजन घटना और तिल्ली का बढ़ जाना इसके मुख्य लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर मरीज को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजें। बैठक में आंगनबाड़ी सेविकाओं और महिला पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में फाइलेरिया और कालाजार के संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उन्हें समय पर स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाएं। साथ ही पात्र मरीजों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने में भी सहयोग करें। निर्भय कुमार सिंह ने कहा कि जनसहभागिता और जागरूकता से ही इन बीमारियों पर नियंत्रण संभव है। उन्होंने सभी से अपील की कि घर और आसपास साफ-सफाई रखें, पानी जमा न होने दें और रात में नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करें। प्रशिक्षण में बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बीमारियों की रोकथाम में आंगनबाड़ी सेविकाओं और पर्यवेक्षिकाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। आंगनबाड़ी सेविकाओं को कहा गया कि वे घर-घर जाकर महिलाओं और परिवारों को मच्छरों से बचाव के उपाय बताएं। साथ ही समुदाय में फाइलेरिया या कालाजार के संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेजना सुनिश्चित करें। प्रोग्राम ऑफिसर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की मदद से पिरामल फाउंडेशन समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण आयोजित करता है, ताकि सेविकाओं के माध्यम से गांव के हर व्यक्ति तक सही स्वास्थ्य जानकारी पहुंचाई जा सके।

## अस्पताल जाने वाले रास्ता पर जलजमाव, मरीजों व आंगनबाड़ी के बच्चों की बढ़ी मुश्किलें

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखंड के धमौल बाजार स्थित धमौल–श्यामदेव पथ पर दुर्गा मंदिर के समीप जलजमाव की समस्या गंभीर होती जा रही है। हल्की बारिश के बाद ही सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है, जिससे आम लोगों के साथ-साथ मरीजों, चिकित्सकों, स्कूली बच्चों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से बनी इस समस्या के समाधान की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क पर जमा पानी के कारण अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धमौल आने-जाने वाले मरीजों, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को पानी से होकर गुजरना पड़ता है। वहीं, समीप स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले छोटे बच्चों और उनके अभिभावकों को भी काफी



कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

सड़क पर फैले गंदे पानी के कारण संक्रमण फैलने की आशंका भी बनी रहती है। धमौल से श्यामदेव की ओर आने-जाने वाले वाहन चालकों और पैदल राहगीरों की परेशानी भी कम नहीं है। सड़क पर जलभराव के कारण गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दोपहिया एवं छोटे वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। कई बार वाहन चालक संतुलन खो देते हैं और हादसे की आशंका बनी रहती है।

दुर्गा मंदिर एवं हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को भी जलजमाव के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाला जाम रहने के कारण पानी हनुमान मंदिर परिसर तक पहुंच रहा है, जिससे धार्मिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। इसे लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जलजमाव का मुख्य कारण नाले का कई स्थानों पर टूटा होना, गाद और कचरे के कारण उसका जाम हो जाना तथा नाले पर हुए अतिक्रमण हैं। कई लोगों ने नाले के ऊपर स्थायी निर्माण करा लिया है, जिससे वर्षा और नाली का पानी आगे नहीं बढ़ पाता और सड़क पर जमा हो जाता है। लोगों का कहना है कि यदि नाले की मरम्मत, सफाई और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई समय रहते कर दी जाए तो इस समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र नाले से अतिक्रमण हटाने, टूटे हिस्सों की मरम्मत कराने तथा जल निकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद समस्या के समाधान के लिए आवश्यक एवं हरसंभव कार्रवाई की जाएगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिपार्ड, गया में प्रबोधन कार्यक्रम की तैयारियों का किया निरीक्षण



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

### 11 और 12 जुलाई को आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गुरुवार को बिपार्ड (बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान), गया पहुंचकर 11 एवं 12 जुलाई 2026 को बिहार विधानसभा के माननीय सदस्यों के लिए आयोजित होने वाले 'प्रबोधन कार्यक्रम' की तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यक्रम स्थल, सभागार, आवास, भोजन, परिवहन, पंजीकरण, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से तैयारियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध, सुव्यवस्थित तथा त्रुटिरहित ढंग से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी माननीय सदस्यों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रत्येक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रबोधन कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकांश आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि संबंधित अधिकारी कार्यक्रम से पहले सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे देंगे। इस अवसर पर बिपार्ड की अपर महानिदेशक-सह-आयुक्त, मगध प्रमंडल डॉ. सफीना ए.एन., बिपार्ड के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा बिहार विधानसभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# 243 विधायकों के लिए ट्रेनिंग कैंप, संसदीय कार्यप्रणाली विधानसभा की प्रक्रियाओं की दी जाएगी जानकारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

## उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन भी शामिल होंगे

**गया।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन शनिवार और रविवार को गयाजी में रहेंगे। उपराष्ट्रपति के गयाी दौरे को लेकर ट्रैफिक अलर्ट जारी किया गया है। अलर्ट के मुताबिक, 11 जुलाई सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक कई रास्ते बंद रहेंगे। उपराष्ट्रपति के साथ बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के भी कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। दरअसल, बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान यानी बिपार्ड में 11 और 12 जुलाई को बिहार विधानसभा के सभी विधायकों के लिए 2 दिनों की ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप में राज्य के सभी विधायक शामिल होंगे। कैंप का उद्देश्य नए और वर्तमान विधायकों को संसदीय कार्यप्रणाली और विधानसभा की प्रक्रियाओं की जानकारी देना है। कार्यक्रम का आयोजन बिहार विधानसभा की ओर से आयोजित किया जा रहा है।






**डीएम, सीनियर एसपी समेत अन्य ने बिपार्ड का किया निरीक्षणः** गुरुवार को जिलाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक और नगर पुलिस अधीक्षक ने बिपार्ड परिसर का संयुक्त निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का बारीकी से जायजा लिया। प्रवेश और निकास मार्ग की समीक्षा की गई। पार्किंग, बैरिकेडिंग, सुरक्षा घेरा, ड्यूटी प्वाइंट, कंट्रोल रूम और आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था भी देखी गई। निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की चूक नहीं हो, इसके लिए हर बिंदु पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। प्रशासन का कहना है कि पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जाएगा। प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि थोड़ी सावधानी और ट्रैफिक नियमों का पालन करने से सभी को सुविधा मिलेगी और वीवीआईपी दौरा भी सफलतापूर्वक संपन्न होगा।

**एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन सेवाओं को छूटः** डीएम शशांक शुभंकर ने बताया कि उपराष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर इसे देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। आम लोगों की सुविधा और वीवीआईपी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई मार्गों पर वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। ये विशेष यातायात व्यवस्था 11 जुलाई को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक लागू रहेगी। इस दौरान कुछ प्रमुख मार्गों पर बड़े और छोटे वाहनों का परिचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन सेवाओं को छूट दी गई है। ट्रैफिक प्लान के अनुसार मानपुर से बाइपास होते हुए बोधगया अंडरपास तक बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। इसी तरह खटकाचक से बिपार्ड, पांच नंबर गेट, हवाई अड्डा मोड़ और धनावां मोड़ तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। प्रशासन ने लोगों से इन रास्तों का उपयोग नहीं करने की अपील की है।

**आम नागरिकों की सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्ग भी तैयारः** डीएम के मुताबिक, आम नागरिकों की सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्ग भी तय किए गए हैं। सिकरिया मोड़ से मगध मेडिकल कॉलेज होते हुए चेरकी रोड के रास्ते लोग अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। वहीं मानपुर से केंदुई, राजापुर और बोधगया मार्ग का भी उपयोग किया जा सकेगा। ट्रैफिक पुलिस इन मार्गों पर वाहनों का संचालन कराएगी। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि तय समय के दौरान ट्रैफिक डायवर्जन का पालन करें। बिना जरूरत प्रतिबंधित मार्गों पर जाने से बचें। पुलिस और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। इससे सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी और किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

# छेड़खानी कर टीचर बोला, अच्छे नंबर से तुम्हें पास करूंगा, छात्रा के परिजन ने शिक्षक को चप्पल से मारा

## हंगामा के बाद आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** गयाजी में सरकारी स्कूल की तीसरी की छात्रा (11) के साथ टीचर ने छेड़खानी की है। स्कूल में उसका जबरन हाथ पकड़ा और गंदी हरकत की। उसे लालच दिया कि इस बारे में अगर तुम किसी को कुछ नहीं बताओगी तो मैं तुम्हें एग्जाम में अच्छे नंबर से पास कर दूंगा, पर छात्रा बहुत डर गई थी। स्कूल से घर आते ही उसने सारी बात अपनी मां को बताई। तब स्कूल बंद हो चुका था। अगले दिन स्कूल खुला तो बच्ची के परिवार वाले स्कूल पहुंचे। उन्होंने खूब हंगामा किया। आरोपी टीचर पंकज कुमार (58) की पिटाई कर दी। चप्पल से मारा। जिसके बाद पुलिस आई और आरोपी को गिरफ्तार कर ले गई। छेड़खानी 8 जुलाई को हुई थी, आज 9 जुलाई को मारपीट के बाद टीचर को गिरफ्तार किया गया है। घटना आमस थाना क्षेत्र की है।




**डराने-धमकाने की भी कोशिशः** आरोपी टीचर आमस थाना क्षेत्र का ही रहने वाला है। बुधवार को जब बच्ची स्कूल में पढ़ने आई तो उसके साथ टीचर गलत हरकत करने लगा। उसे डराने-धमकाने की भी कोशिश की। छात्रा काफी डर चुकी थी। छेड़खानी के बाद शिक्षक को डर था कि कहीं छात्रा ये बात सभी को बता न दे। अगर ऐसा हुआ तो सब गड़बड़ हो जाएगा। इस कारण ने टीचर ने छात्रा को एग्जाम में अच्छे नंबर देने का लालच दिया।

**मां को सारी बात छात्रा ने बताईः** स्कूल से घर लौटने के पीड़िता काफी उदास थी। वो किसी से ज्यादा बात नहीं कर रही थी। ये बात मां ने नोटिस किया। मां ने बेटी से उदास होने का कारण पूछा। जिसके बाद बेटी ने सारी कहानी बता दी। मां ने घटना की जानकारी परिवार के अन्य सदस्यों को दी। परिवार का गुस्सा काफी बढ़ा हुआ था, वे अगले दिन स्कूल खुलने का इंतजार कर रहे थे। अगले दिन परिजन स्कूल पहुंचे और शिक्षक को पकड़ लिया।

**पुलिस ने भीड़ से आरोपी को निकालाः** घटना की सूचना मिलते ही आमस थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस आरोपी शिक्षक को भीड़ के बीच से निकाल कर थाने ले गई। घटना के बाद से पूरे आमस क्षेत्र के अभिभावकों-स्थानीय लोगों में भारी गुस्सा है। लोगों का कहना है कि अगर गुरू ही इस तरह की घिनौनी हरकत करेंगे तो बेटियां कहां सुरक्षित रहेंगी।

**परिजन के आवेदन पर केस दर्जः** आमस थाना प्रभारी धनंजय कुमार ने बताया कि पीड़िता के परिजनों की ओर से लिखित आवेदन मिला है। आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# बीच सड़क दो लोगों की जिंदा जलने से मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी में तेज रफ्तार कार और ट्रक की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई। इस टक्कर के बाद कार में सवार दो लोग की जिंदा जलने से मौत हो गई। जबकि ड्राइवर गंभीर रूप से झुलस गया। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। बताया जाता है कि कार सवार झारखंड से आ रहे थे। घटना बोधगया थाना क्षेत्र के सिजुआ गांव के पास बुधवार रात के करीब 1:30 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा इतना भयानक था कि कार सवार को संभलने का मौका तक नहीं मिला। खाद लोडेड ट्रक सर्विस लेन से गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में फोरलेन पर चढ़ने की कोशिश कर रहा था। उसी समय डोभी की तरफ से पटना जा रही कार अनियंत्रित हो गई और सीधे ट्रक के दाहिने हिस्से में बने डीजल टैंक से जा टकराई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का डीजल टैंक तुरंत फट गया। टैंक फटते ही उसमें से डीजल बहने लगा और देखते ही देखते दोनों गाड़ियों में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कार सवार लोगों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिल सका। कुछ ही मिनटों में पूरी गाड़ी आग का गोला बन गई। अंदर बैठे दो लोग उसी में जिंदा जल गए। गाड़ी का ड्राइवर किसी तरह बाहर निकल पाया, लेकिन वह भी बुरी तरह झुलस गया है। घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। हालत नाजुक बनी हुई है।

**कार से मिली शराब की बोतलेंः** हादसे के बाद ट्रक का ड्राइवर और खलासी गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। आग इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह से जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गई, जबकि ट्रक का अगला हिस्सा काफी हद तक क्षतिग्रस्त हो गया। इस बीच, पुलिस जब जांच-पड़ताल के लिए कार के मलबे के पास पहुची, तो उन्हें वहां से शराब की कुछ खाली बोतलें भी मिली हैं। पुलिस इस बिंदु पर भी जाच कर रही है कि कहीं लोग नशे में तो नहीं थे।


**वाहनों को हटाकर रास्ता कराया क्लियरः** जानकारी मिलते ही बोधगया थाना के अपर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह और एएसआई नीरज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। रात में ही आग पर काबू पाने और राहत-बचाव का काम शुरू किया गया। गुरुवार की सुबह पुलिस ने जेसीबी और क्रेन की मदद से दोनों जले हुए वाहनों को बीच सड़क से हटवाया, जिसके बाद इस फोरलेन पर यातायात को दोबारा सुचारू रूप से शुरू कराया जा सका। मृतकों और घायल की पहचान नहीं हो पाई है। गाड़ी के नंबर और अन्य दस्तावेजों के आधार पर पहचान करने की कोशिश की जा रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फरार ड्राइवर और खलासी की तलाश की जा रही है।

# टीचर के बंद घर से 12 लाख की चोरी, मेन डोर का लॉक तोड़कर अंदर घुसे चोर, कैश और जेवरात ले उड़े

## पटना गया था परिवार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** गयाजी में टीचर के बंद घर को चोरों ने निशाना बनाया है। बुधवार देर रात चोर मेन डोर पर लगे लॉक को तोड़कर अंदर घुसे। 2 लाख और 10 लाश के जेवरात ले उड़े। सुबह पड़ोसियों ने ताला टूटा देखा, जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के नई गोदाम मोहल्ले की है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित अभिषेक कुमार मानपुर के उर्दू मध्य विद्यालय अबगिला में तैनात हैं। उनकी मां पोस्ट ऑफिस की एजेंट हैं। 1 जुलाई को अभिषेक पत्नी और मां के साथ पटना गए थे। बंद घर का चोरों ने फायदा उठाया। बड़ी आसानी से मुख्य दरवाजे का ताला काटा और



अंदर दाखिल हो गए। इसके बाद अलमारी और लॉकर का ताला तोड़ा। कैश, जेवरात, डॉक्यूमेंट्स ले भागे।

**शादी के सारे गहने साफः** जानकारी के मुताबिक अभिषेक की शादी पिछले साल पटना जिले के मसौढ़ी में हुई थी। उपहार में मिले पत्नी के नए और कीमती जेवरात चोर अपने साथ समेट ले गए। घर में मां के भी गहने रखे थे, उसे भी नहीं छोड़ा। पीड़ित परिवार के अनुसार, अभिषेक की पत्नी के सभी महत्वपूर्ण शैक्षणिक दस्तावेज और उनकी मां के काम से संबंधित पोस्ट ऑफिस के दर्जनों पासबुक भी गायब है। इन जरूरी दस्तावेजों के चोरी होने से परिवार के लोग परेशान हैं।

**पड़ोसियों ने दी जानकारी, मौके पर पहुंची पुलिसः** गुरुवार की सुबह जब पड़ोस के लोगों ने घर का मुख्य ताला टूटा हुआ देखा तो अनहोनी की आशंका हुई। तुरंत फोन कर इसकी जानकारी पटना में मौजूद अभिषेक को दी गई। चोरी की खबर सुनते ही पैरों तले जमीन खिसक गई। सूचना मिलने के तुरंत बाद कोतवाली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और पीड़ित परिवार के बयान के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोचस पुलिस ने पशु से लदा ट्रक पकड़ा, जांच पड़ताल जारी

**कोचस (रोहतास)।** स्थानीय नगर पंचायत के चौक पर सड़क हादसे में हुए किशोर के मौत के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों द्वारा सड़क जाम के दौरान मवेशी से लदा ट्रक जाम में फंस गया। जहां लोगों की चिल्हाटी के बाद ट्रक में मवेशी कूदने लगे तभी लोगों ने मवेशी देख और आग बबुला हो गये।हालांकि लोगों की गुस्सा देख चालक समेत अन्य कर्मचारी डर के मारे सड़क पर हीं ट्रक छोड़कर भाग गये। स्थानीय पुलिस ने मवेशी लदा कन्टेनर को अन्य चालक के माध्यम से थाने लें आई।इस संबंध में एसडीपीओ दो संजीव कुमार ने बताया है कि ट्रक पर केवल भैंस लदी हुई थी। पशुपालक विभाग से बातचीत चल रही है। भैंस प्रतिबंधित जानवर नहीं है। इसलिए कानूनी प्रक्रिया पूरी कर छोड़ दी जाएगी।

### गयाजी में रेलवे कंस्ट्रक्शन साइट पर हादसा, हाइवा ने सिक्योरिटी गार्ड को कुचला, मौके पर तोड़ा दम

**गयाजी।** गयाजी में रेलवे कंस्ट्रक्शन प्लांट में ड्यूटी पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। हाइवा के चपेट में आने से हादसा हुआ है। मृतक की पहचान कोच के मलहद बीघा निवासी प्रमोद यादव के रूप में हुई है। पिछले 6 महीने से एजेंसी के माध्यम से काम कर रहे थे। घटना परैया थाना क्षेत्र के मोरहर नदी के पास की है। कंस्ट्रक्शन मैनेजर अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि दुर्भाग्यपूर्ण हादसा है। बुधवार रात प्रमोद यादव एक कुर्सी पर बैठकर खाना खा रहे थे। इसी दौरान साइट पर काम कर रहा लोडर (हाइवा) ऑपरेटर अपनी गाड़ी को बैक कर रहा था। अंधेरे या किसी अन्य वजह से ऑपरेटर की नजर कुर्सी पर बैठे प्रमोद पर नहीं पड़ सकी और उसने गाड़ी पीछे बढ़ा दी। हाइवा कुचलते हुए निकल गया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक इस रूट पर रेलवे ब्रिज के निर्माण का कार्य केसीसी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड और एचजी कंपनी के जॉइंट वेंचर के तहत किया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए ईगल सिक्योरिटी एजेंसी से गाड्र्स तैनात किए गए थे। हादसे के बाद मौके पर मौजूद अन्य गार्ड और ड्राइवरों ने तुरंत इसकी सूचना कंस्ट्रक्शन कंपनी के अधिकारियों दी। जानकारी मिलते ही परैया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।

### 10वीं की छात्रा से रेप, किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी, आरोपी हॉस्टल संचालक का बेटा अरेस्ट

**नालंदा।** नालंदा में प्राइवेट हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही 10वीं की छात्रा से यौन शोषण का मामला सामने आया है। हॉस्टल संचालक के बेटे पर छात्रा को डरा-धमका कर लगातार रेप करने का आरोप है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बुधवार को आरोपी अनंत उर्फ सत्यांशु(30) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार, घटना 12 जनवरी की है। छात्रा ने बताया कि हॉस्टल में रहने के दौरान संचालक के बेटे ने उसके साथ रेप किया। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी, जिससे सहमी हुई पीड़िता लंबे समय तक किसी से कुछ नहीं कह सकी। आरोप है कि पीड़िता की चुप्पी और डर का फायदा उठाकर लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। छात्रा के मानसिक दबाव और व्यवहार में आए बदलाव को देखकर जब नोएडा में रह रही उसकी मां ने पूछताछ की, तो पीड़िता ने पूरी आपबीती सुना दी। बेटी की व्यथा सुनकर मां ने नोएडा में ही 'जीरो एफआईआर' दर्ज कराई। मामला बिहार थाना क्षेत्र का होने के कारण इसे यहां स्थानांतरित किया गया, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया। बिहार थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि जीरो एफआईआर मिलते ही जांच शुरू कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है कि क्या इस पूरी घटना में हॉस्टल प्रबंधन की भी कोई लापरवाही है।

### नालंदा विश्वविद्यालय में एडमिशन का अंतिम मौका, 10 जुलाई तक करें आवेदन

**नालन्दा।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त और 'इंस्टीट्यूशन ऑफ नेशनल इम्पोर्टेंस' का दर्जा प्राप्त नालंदा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए दाखिले की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विभिन्न स्नातकोत्तर और शोध कार्यक्रमों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई है। जो छात्र शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपना करियर संवारने की इच्छा रखते हैं, उनके पास अब कुछ ही दिन शेष बचे हैं। विश्वविद्यालय इस साल अपने शैक्षिक दायरे को और विस्तार देते हुए तीन नए मास्टर प्रोग्राम लेकर आया है। बदलते दौर की तकनीक और शोध आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 'डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस', 'विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नीति अध्ययन' और पुराने भारतीय ज्ञान परंपरा को जीवंत रखने के उद्देश्य से 'संस्कृत' विषय में मास्टर डिग्री शुरू की गई है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय पारंपरिक विषयों जैसे इतिहास, पुरातत्व, बौद्ध अध्ययन, दर्शनशास्त्र, तुलनात्मक धर्म, हिंदू अध्ययन (सनातन धर्म), सतत विकास और प्रबंधन, विश्व साहित्य, पारिस्थितिकी, अंतरराष्ट्रीय संबंध, अर्थशास्त्र, गणित और हिंदी में भी प्रवेश की सुविधा दे रहा है। नालंदा विश्वविद्यालय अपने छात्रों को न केवल विश्व स्तरीय शिक्षा का वातावरण प्रदान करता है, बल्कि उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए 'मेरिट-बेस्ड' छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध कराता है। यह उन मेधावी छात्रों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर है, जो आर्थिक बाधाओं के बिना उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा हासिल करना चाहते हैं।


# नालंदा की गिद्धि झील में प्रवासी पक्षियों का बसेरा, 50 से अधिक 'जलमोर' की मौजूदगी, एशिया-यूरोप सहित चीन से आते पक्षी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा।** नालंदा की सबसे बड़ी आर्द्रभूमि 'गिद्धि झील' इन दिनों पक्षी प्रेमियों और शोधार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। हाल ही में हुए एक गहन पक्षी अवलोकन कार्यक्रम के दौरान यहां 50 से अधिक प्रवासी पक्षी 'फेजेंट टेल्ड जकाना' (जलमोर) देखे गए, जिससे पर्यावरणविदों में उत्साह है।

**शोधार्थियों ने किया व्यवहार और आवास का अध्ययनः** पक्षी विशेषज्ञ राहुल कुमार के नेतृत्व में विभिन्न जिलों से आए शोधार्थियों और पक्षी प्रेमियों की टीम ने गिद्धि झील का दौरा किया। इस दौरान टीम ने पक्षियों की पहचान, उनके व्यवहार और प्राकृतिक आवास का बारीकी से अध्ययन किया। अभियान के दौरान टीम ने एक घायल जलमोर का सुरक्षित रेस्क्यू भी किया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद वापस सुरक्षित वातावरण में छोड़ दिया गया।

**जैव विविधता का गढ़ है गिद्धि झीलः** पक्षी विशेषज्ञ राहुल कुमार ने बताया कि यह झील न केवल स्थानीय पक्षियों के लिए प्रजनन स्थल है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रवासी पक्षियों के लिए एक महत्वपूर्ण ठहराव (स्टॉप-ओवर) भी है। ठंड के मौसम में यहां एशिया, यूरोप और चीन से पक्षी आते हैं। वहीं, गर्मी के दिनों में अफ्रीका से 'चातक' (पाइड कुकु) यहां का रुख करते हैं। अवलोकन के दौरान कॉटन टील (सूती बतख), कॉमन मूरहेन (जलमुर्गी), ग्रे-हेडेड स्वैम्पहेन, पनकौवा, शिकरा, एशियन कोयल और इंडियन रोलर सहित अनेक दुर्लभ प्रजातियों की गणना की गई।



**जागरूकता और संरक्षण पर जोरः** कार्यक्रम के दौरान पक्षियों की पहचान के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए। 'बर्ड फ्लैशकार्ड' और 'बर्ड कॉल' (पक्षियों की आवाज) के माध्यम से प्रतिभागियों को फील्ड पहचान के गुर सिखाए गए। साथ ही, स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर झील के संरक्षण और आर्द्रभूमि के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई।

**अधिकारियों और पर्यावरणविदों की सहभागिताः** इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पटना की बीपीआरओ मीनाक्षी प्रियदर्शिनी, बीईओ विपुल विक्रम, नेचर कंज़र्वेशन फाउंडेशन के राहुल कुमार व अविनाश कुमार, फोटोग्राफर राजू कुशवाहा, रजनी कुमारी और आयुष कुमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने संकल्प लिया कि गिद्धि झील की जैव विविधता को बचाने के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मीटर बायपास मे छः उपभोक्ता धराए, लगाए गए जुर्माना

**कोचस (रोहतास)।** विद्युत विभाग के धावा दल ने चोरी से मीटर बायपास कर विद्युत उपयोग कर रहे छः लोगों को पकड़ जुर्माना करते हुए स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसडीओ अमन कुमार ने बताया कि चोरी से मीटर से बायपास कर बिजली उपयोग करते छः लोगों को पकड़ा गया है जिसमे छापेमारी के दौरान वार्ड संख्या 10 निवासी प्रमोद सिंह की पत्नी मीरा कुमारी पर 37660 रुपए का जुर्माना लगाया गया. इसी वार्ड के रामनाथ सिंह की पत्नी लवंगा देवी पर 29400 रुपए और जोखू शर्मा के पुत्र बबन शर्मा पर 20046 रुपए का दंड निर्धारित किया गया. जबकि वार्ड संख्या 7 में जांच के दौरान तीन उपभोक्ता पकड़े गए जिसमे सतेन्द्र नारायण सिंह की पत्नी रिंकू देवी पर 24650 रुपए, नंदकिशोर चौधरी पर 21472 रुपए और निर्मल कानू पर 15436 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। वहीं विभाग ने इसकी लिखित आवेदन कोचस थाने में दें 6 लोगों पर जुर्माना करते हुए प्राथमिक की दर्ज कराई गई है।

### छः लीटर देशी शराब के साथ महिला धंधेबाज गिरफ्तार

राजपुर- स्थानिय पुलिस गुरुवार को राजपुर से छः लीटर देशी शराब के साथ एक महिला धंधेबाज को घर दबोचा। थानाध्यक्ष अंशुमाला ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की राजपुर भईया टोला निवासी महिला शराब तस्कर रामबिलास राम की पत्नी कौशल्या देवी शराब लेकर ग्राहकों को देने जा रही है.जिस पर कार्रवाई करते हुए महिला को रास्ते में शराब के साथ पुने घर दबोचा। शराब कारोबार को लेकर के समाजसेवी भाई जयराम सिंह अकेला ने कहा कि शराब के धंधे में महिलाएं अब पुरुषों से दो कदम आगे निकल गई हैं.शराब की भट्ठी अब गांव के बधार से दो कदम आगे निकलकर घर के चुल्हे तक जा पहुंचा है।

### सासाराम को जल्द मिलेगी जाम से मुक्ति, विधायक स्नेहलता कुशवाहा का दावा

**सासाराम (रोहतास):** सासाराम शहर में लंबे समय से बनी हुई ट्रैफिक जाम की समस्या से लोगों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। स्थानीय विधायक स्नेहलता कुशवाहा ने दावा किया है कि शहर के लिए तैयार किए गए मास्टर प्लान के तहत यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने की दिशा में कार्य शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि मास्टर प्लान के विभिन्न बिंदुओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। योजना का उद्देश्य शहर में यातायात का बेहतर प्रबंधन करना, जाम की समस्या को कम करना और आम नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है। विधायक ने विश्वास जताया कि योजनाओं के धरातल पर उतरने के बाद सासाराम की ट्रैफिक व्यवस्था में व्यापक सुधार देखने को मिलेगा और शहरवासियों को रोजाना लगने वाले जाम से काफी हद तक राहत मिलेगी।

### करवंदिया और गिजवाही में पत्थर उद्योग शुरू करने की कवायद तेज, सीमांकन का कार्य जारी

**रोहतास।** जिले में पत्थर उद्योग को पुनः शुरू करने की दिशा में प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। बुधवार को जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा प्रस्तावित पत्थर खनन क्षेत्र का निरीक्षण किए जाने के बाद गुरुवार को जिला खनन पदाधिकारी की टीम करवंदिया और गिजवाही पहुंची। टीम ने दोनों क्षेत्रों में प्रस्तावित खनन क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए सीमांकन का कार्य शुरू किया। अधिकारियों ने खनन क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाया। लगातार हो रही प्रशासनिक कार्रवाई से यह संकेत मिल रहा है कि जिले में पत्थर उद्योग को दोबारा शुरू करने की कवायद तेज गति से चल रही है। अब स्थानीय लोगों और पत्थर उद्योग से जुड़े व्यवसायियों की नजर प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हुई है।

### नारायण कृषि विज्ञान संस्थान में राइस ट्रांसप्लांटर' से शुरू हुई धान की रोपनी

**रोहतास।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान में धान की रोपाई की आधुनिक मशीन ' राइस ट्रांसप्लांटर' से धान की रोपाई की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति गोविंद नारायण सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कृषि में आधुनिक मशीनों के उपयोगिता पर विचार साझा किया एवं संस्थान के निदेशक प्रो एच के सिंह एवं अधिष्ठाता प्रो एस एस सिंह को इस नवाचार को कृषि में शामिल करने के लिए बधाई दी। साथ ही उन्होंने कृषि विज्ञान संस्थान में और आधुनिक मशीनों को सम्मिलित करने की आशा की जिससे संस्थान के छात्रों एवं कृषक समाज को बदलते परिवेश में आधुनिकीकरण की जानकारियों से सशक्त बनाया जाए । संस्थान के निदेशक प्रो एच के सिंह ने बताया कि खरीफ मौसम में धान की समय पर रोपाई अच्छी उपज का आधार होती है। रोपाई के समय मजदूरों की कमी, मजदूरी की बढ़ती लागत तथा अनिश्चित मानसून किसानों के सामने बड़ी चुनौती बनकर उभरते हैं। ऐसे समय में राइस ट्रांसप्लांटर किसानों के लिए एक प्रभावी एवं आधुनिक विकल्प है। संस्थान के अधिष्ठाता प्रो एस एस सिंह ने राइस ट्रांसप्लांटर से धान की रोपाई का तरीका सीखने आए किसानों को बताया कि राइस ट्रांसप्लांटर से धान की रोपाई करने पर कम समय में अधिक क्षेत्र की रोपाई की जा सकती है। इससे श्रम की आवश्यकता 70–80 प्रतिशत तक कम हो जाती है तथा रोपाई समान दूरी और समान गहराई पर होने से पौधों का विकास बेहतर होता है। समय पर रोपाई होने से फसल की बढ़वार अच्छी रहती है और उत्पादन में भी वृद्धि होती है। संस्थान के शस्य विभाग के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ धनंजय ने बताया कि राइस ट्रांसप्लांटर के सफल उपयोग के लिए 18–25 दिन की स्वस्थ मैट नर्सरी तैयार करना आवश्यक है। खेत की अच्छी तरह पडलिंग एवं समतलीकरण किया जाए ताकि मशीन सुचारु रूप से कार्य कर सके। मशीन से रोपाई के बाद उचित जल प्रबंधन और संतुलित उर्वरक प्रबंधन अपनाने से बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। इस अवसर पर संस्थान के सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं किसानगण उपस्थित रहे ।

### बिजली विभाग का अभियान जारी, अवैध बिजली उपयोग पर तीन लोगों पर कार्रवाई

**बिक्रमगंज / रोहतास।** बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं राजस्व संरक्षण के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा विशेष जांच एवं छापेमारी अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, बिक्रमगंज की टीम ने पंचायत शिवपुर में अभियान चलाकर बिना वैध विद्युत कनेक्शन के अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करते हुए तीन लोगों को पकड़ा। सभी के विरुद्ध आर्थिक दंड अधिरोपित करते हुए बिक्रमगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कनीय विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज नवदीप गोयल ने बताया कि जांच के दौरान ग्राम रमाहीं टोला निवासी बंगाली सिंह पिता-ज्वाला सिंह पर 8640, नन्द कुमार पिता-राजा राम सिंह पर 15306 तथा झूमक टोला निवासी श्रीभगवान सिंह पिता–हरी सिंह पर 23946 का आर्थिक दंड लगाया गया है। तीनों लोगों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम के प्रावधानों के तहत बिक्रमगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान संबंधित परिसरों में कोई वैध विद्युत कनेक्शन अथवा विद्युत मीटर स्थापित नहीं पाया गया। साथ ही बिजली उपयोग से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहने पर संबंधित व्यक्तियों द्वारा कोई भी आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया गया, जिससे अवैध रूप से बिजली उपयोग की पुष्टि हुई। बताया की बिजली चोरी के विरुद्ध विभाग का विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। अभियान के दौरान सर्विस तार, विद्युत मीटर, मीटर की सील, बिलिंग व्यवस्था, बकाया राशि एवं समय पर बिल भुगतान की सघन जांच की जा रही है। यदि किसी परिसर में मीटर से छेड़छाड़ (टेम्परिंग), बाईपास, बिना वैध कनेक्शन के बिजली उपयोग अथवा किसी भी प्रकार की बिजली चोरी पाई जाती है, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आर्थिक दंड के साथ-साथ विद्युत अधिनियम के तहत विधिसम्मत कार्रवाई एवं प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे केवल वैध विद्युत कनेक्शन का ही उपयोग करें, नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान करें तथा बिजली चोरी जैसे अवैध कार्यों से दूर रहें। इससे सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में विभाग को सहयोग मिलेगा।

# अनियंत्रित ट्रक ने किशोर को कुचला गई जान, परिवार मे छाया मातम

## दुकान पर दूध ले जाने के दौरान हुई हादसा, मृतक किशोर पर थी घर की जिम्मेवारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कोचस (रोहतास)।** रोहतास जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर शुक्रवार की सुबह एक सड़क हादसे में 16वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना कोचस थाना क्षेत्र के महात्मा गांधी चौक के समीप की है, जहां मृतक की पहचान हरनाथपुर गांव निवासी रामानंद यादव के 16 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार के रूप में हुई है।

**ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर :** घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि मृतक किशोर अपने गांव से बाइक से दूध का बलटा लेकर कोचस बाजार स्थित एक दुकानदार को देने जा रहा था, तभी महात्मा गांधी चौक के समीप एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि किशोर की घटनास्थल पर हीं मौत हो गई। इधर हादसे की सूचना मिलते हीं परिवार में कोहराम मच गया और माता-पिता का रो रो कर बुरा हाल है।

**विरोध में राष्ट्रीय राजमार्ग जामः** हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना से नाराज लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 319 को चार घंटो तक जाम कर दिया और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग करने लगे। बता दें कि सड़क जाम के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात लगभग चार घंटे तक पूरी तरह बाधित रहा और और पुलिस को सड़क खाली कराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

**स्थानीय प्रशासन पर अव्यवस्था का आरोप :** वहीं प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय प्रशासन पर अव्यवस्था का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि महात्मा गांधी चौक पर लंबे समय से अतिक्रमण कर दुकानें लगाई जाती हैं और सड़क किनारे आटो व ई-रिक्शा आदि खड़े रहने से सड़क संकरी हो जाती है। इस अव्यवस्था से आए दिन दुर्घटना होती रहती है, लेकिन प्रशासन इसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करता।

**जांच में जुटी पुलिस :** वहीं हादसे की सूचना पर पहुंची कोचस थाने की पुलिस ने सड़क को खाली करने के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। मामले में कोचस अपर थानाध्यक्ष बबलू कुमार ने बताया कि घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक फरार हो चुका है और पुलिस ने दोनों वाहनों को जप्त कर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# डॉ. ललिता कुमारी का क्लीनिक शुरू, महिलाओं को मिलेगा विशेषज्ञ इलाज



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा :** नवादा शहर में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा बढ़ा है। सदर अस्पताल में कार्यरत स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. ललिता कुमारी ने गुरुवार को प्रजातंत्र चौक स्थित केवाली मार्केट (होटल कृष्णा पैलेस के पीछे) में अपने निजी क्लीनिक का शुभारंभ किया।

डॉ. ललिता कुमारी ने बताया कि क्लीनिक में स्त्री रोग, प्रसूति संबंधी समस्याओं, हाई रिस्क प्रेगनेंसी, बांझपन, पीसीओडी, मासिक धर्म की अनियमितता तथा अन्य महिला रोगों की जांच, परामर्श और उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि मरीजों को गोपनीय, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना क्लीनिक का मुख्य उद्देश्य है। स्थानीय लोगों ने क्लीनिक शुरू होने पर खुशी जताते हुए कहा कि अब महिलाओं को विशेषज्ञ उपचार के लिए पटना या अन्य बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

# सड़क दुर्घटना के बाद घटनास्थल पहुंची यातायात पुलिस, की जांच



घटनास्थल की जांच करते यातायात पुलिस अधिकारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** हिसुआ-नरहट पथ पर मीनापुर चौमुहानी के समीप पिछले शनिवार हुई सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के मामले में गुरुवार को यातायात पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच टीम में एसआई शिवजी पासवान एवं एएसआई सीताशरण कुमार शामिल थे।

पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा आसपास के लोगों और मृतक के परिजनों से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों एवं शेखपुरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सतेन्द्र सिंह ने अधिकारियों को बताया कि मीनापुर चौमुहानी के पास अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए उक्त स्थान पर स्पीड ब्रेकर निर्माण की मांग की।

गौरतलब है कि पिछले शनिवार सुबह हिसुआ-नरहट पथ पर मीनापुर चौमुहानी के समीप ट्रैक्टर और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दरगाही बिगहा निवासी राजेश पासवान के 22 वर्षीय पुत्र अमर कुमार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। हादसे में दो अन्य लोग घायल हो गए थे। यातायात पुलिस ने बताया कि जांच के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# जिला पदाधिकारी ने विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में भू-अर्जन, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, लघु सिंचाई, विद्युत आपूर्ति, सिंचाई प्रमंडल, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, भवन प्रमंडल तथा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) सहित विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में गंगाजल आपूर्ति योजना फेज-02, पार्ट-01 की समीक्षा के दौरान बताया गया कि मुआवजा भुगतान के लिए कुल 42 एलपीसी प्राप्त हुए हैं तथा शेष रैयतों से आवश्यक अभिलेख प्राप्त करने हेतु शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला पदाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि शिविरों के माध्यम से सभी पात्र लाभुकों का एलपीसी निर्गत कराते हुए मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराई जाए। साथ ही विस्थापित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन कार्य में तेजी लाने के लिए अधियाची निकाय को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बिहार राज्य पुल निर्माण निगम की योजनाओं की समीक्षा में बताया गया कि नवादा जिला अंतर्गत एनएच-31 के 97वें किलोमीटर से कादिरगंज एसएच-08 (सकरी नदी) तक बाईपास-सह-सादीपुर रेलवे हॉल्ट के समीप रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण कार्य के लिए संवेदक द्वारा साइट कैंप का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है तथा अर्जित भूमि के सीमांकन का कार्य प्रगति पर है।

लघु सिंचाई प्रमंडल की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत कुल 12 योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। सिविल सर्जन, नवादा ने अवगत कराया कि जिले के कुछ प्रखंडों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) का निर्माण भूमि उपलब्ध नहीं होने तथा अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) के अभाव में लंबित है। इस पर जिला पदाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को शीघ्र उपयुक्त भूमि चिन्हित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके। साथ ही उन्होंने बीएमएसआईसीएल को बुधौल स्थित 200 बेड वाले सदर अस्पताल के निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) की समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने छूटे हुए वार्डों एवं टोलों में हर घर नल-जल योजना के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में अधिष्ठापित 32,109 चापाकलों में प्राप्त 3,170 शिकायतों के विरुद्ध 3,045 चापाकलों की मरम्मत कर दी गई है तथा शेष 125 चापाकलों की मरम्मत का कार्य प्रगति पर है।

पथ निर्माण विभाग की समीक्षा में बताया गया कि कादिरगंज-रोह-कौआकोल-जमुई पथ (एसएच-82) के 47 किलोमीटर तथा मंझवे-नरहट-फतेहपुर-गोविंदपुर पथ (एसएच-103) के 42.069 किलोमीटर लंबाई में बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीएसआरडीसीएल) द्वारा चौड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है।

बैठक में उप विकास आयुक्त, नवादा, सहायक समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 11 हजार हाईटेंशन के चपेट में आने से पशुपालक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नारदीगंज (नवादा)।** नारदीगंज थाना क्षेत्र की मसौढ़ा पंचायत के कुझा गांव में गुरुवार की शाम बिजली विभाग की एक बड़ी लापरवाही ने हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया। बधार में भैंस चरा रहे 48 वर्षीय पशुपालक सरयुग यादव उर्फ जागो यादव (पिताः स्वर्गीय कारु यादव) की 11 हजार वोल्ट के जर्जर हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना शाम करीब पांच बजे की है। बताया जाता है कि सरयुग यादव बधार में मवेशी चरा रहे थे, तभी वे पोल के पास लटक रहे हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गए। करंट लगते ही वे जमीन पर गिर पड़े और तत्काल उनकी जान चली गई। घटना के बाद मृतक की पत्नी सोनी देवी, पांच बेटियों और इकलौते 10 वर्षीय बेटे छोटू कुमार के चीत्कार से पूरा गांव गमगीन है। मृतक की तीन बेटियां अभी अविवाहित हैं और इस हादसे ने पूरे परिवार को बेसहारा कर दिया है।

हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने जब सड़क जाम करने का प्रयास किया, तो स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि राजेश चौहान व अन्य समाजसेवियों ने उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया। जनप्रतिनिधियों ने बीडीओ से फोन पर बात कर पारिवारिक लाभ और आपदा प्रबंधन कोष से जल्द मुआवजा देने की मांग की है।

सूचना मिलते ही एएसआई मिथिलेश कुमार और एएसआई आर. कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया है और मामले की छानबीन में जुट गई है। इस दुखद घड़ी में मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार चौहान, जिला पार्षद देवानंद कुमार, चंदन यादव और सतीश चौहान समेत कई लोगों ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार समेत अन्य ने कहा इस इलाके में 11 हजार का तार झूल रहा है। विभाग को अवगत कराया गया था। लेकिन सुध नहीं ली। इस लापरवाही के खिलाफ बिजली विभाग पर मुकदमा दायर किया जाएगा।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा, विधि-व्यवस्था एवं आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैठक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**सासाराम।** श्रावण मास 2026 के अवसर पर चेनारी प्रखंड स्थित प्रसिद्ध गुप्ताधाम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, विधि-व्यवस्था एवं आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज दिनांक 09.07.2026 को वन विश्रामागार बादलगढ़, चेनारी में जिला पदाधिकारी, रोहतास श्री दीपक कुमार मिश्र की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सासाराम-1, गुप्ताधाम पूजा समिति के अध्यक्ष, संबंधित विभागों के पदाधिकारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत, भीड़ नियंत्रण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के उपरांत जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों के साथ गुप्ताधाम का स्थलीय निरीक्षण कर गुफा परिसर एवं आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में गुप्ताधाम पूजा समिति के अध्यक्ष ने बताया कि श्रावण मास में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु गुप्ताधाम पहुंचते हैं तथा व्यवस्था बनाए रखने के लिए समिति द्वारा बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों की प्रतिनियुक्ति की जाती है। इस पर जिला पदाधिकारी ने पूजा समिति को सभी स्वयंसेवकों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि उनका पहचान-पत्र निर्गत किया जा सके और वे सुव्यवस्थित ढंग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें। जिला पदाधिकारी ने गुफा के भीतर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पर्याप्त ऑक्सीजन उपलब्ध कराने तथा गुफा की ऑक्सीजन क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। सावन माह में गुप्ताधाम क्षेत्र में चार पहिया एवं बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। दोपहिया वाहनों का परिचालन जारी रहेगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यकतानुसार विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग लगाने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि गुफा के प्रवेश द्वार से लगभग 50 मीटर पहले बैरिकेडिंग कर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं स्वयंसेवकों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, जिससे श्रद्धालुओं को नियंत्रित एवं व्यवस्थित तरीके से गुफा में प्रवेश कर सके।

# 16 जुलाई को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

## अमरपुर मठ परिसर से चलकर अमाडी बजार होते राजपुर पहुंचेगा रथ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**राजपुर-** भगवान जगन्नाथ मठ सेवा आश्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में 16 जुलाई को प्रखंड अंतर्गत रथ यात्रा निकाली जायेगी.कार्यक्रम की तैयारी जोर शोर से चल रहा है. राजपुर प्रखंड के अमरपुर स्थित जगन्नाथ मठ के मठाधिश्वर सुदर्शनाचार्य ने बताया कि रथ यात्रा मठ परिसर से चलकर अमरपुर, अमाडी सबेया दयालगंज होते हुए राजपुर बजार चौक, बकस बाबा चौराहा से चलकर कचहरी मोड शिबाला प्रांगण भगवान राम लक्ष्मण जानकी ठाकुर दरबार को पहुंचेगी.इस दौरान मार्ग में जगह जगह श्रद्धालु भक्तों द्वारा रथ पर आरूढ भगवान जगन्नाथ जी की चरण वन्दना एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत की जायेगी.

**भगवान के रथ यात्रा को ले पकड़ीः** बरदराज मंदिर के मठाधिश्वर सूर्यकांताचार्य, सुअरा ठाकुरबाडी के महंत कमल नारायण सवामी, वेद मर्मज्ञ पंडित अंजनी स्वामी आदी ने कहा कि ,भक्त वत्सल भगवान जगन्नाथ जी रथ यात्रा से पूर्व पन्द्रह दिन बुखार से पीड़ित होकर बीमार रहते हैं. बीमारी ठीक होने पर रथ पर सवार हो वे भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ अपने मौसी के घर जाते हैं. इस परम्परा अनुसार धार्मिक मान्यता है कि जो लोग भगवान के रथ को खींचने का पुण्य प्राप्त करते हैं उनके जीवन के कष्ट दुर होते हैं और अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है.

इस यात्रा को सफल बनाने में ट्रस्ट के सचिव, कोषाध्यक्ष एवं मंदिर कमिटी के सेवायत भक्त कृष्ण यादव, ददन पाण्डेय, भाई जयराम सिंह अकेला,निर्दोष पाण्डेय, संजय पाण्डेय, सिपाही यादव, रविंद्र यादव, मलु बाबा, बिनय बाबा,मदनमोहन तिवारी, मंगरवलिया मुखिया इन्द्रजीत सिंह, पैक्स अध्यक्ष सोनू दुबे, बरना पंचायत मुखिया योगेन्द्र चौधरी, पैक्स अध्यक्ष गोलू बाबा,राजपुर मुखिया रंजू देवी, प्रमुख कुंती देवी समेत अन्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं.

बिहार सरकार
समाहरणालय, औरंगाबाद
(जिला योजना कार्यालय)
Phone No:-06186-222096, Email:aurangabad.dpo-bih@gov.in

–: संशोधित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :–

PR. No. 006871 (Planning) 2026-27 एवं PR. No. 006873 (Planning) 2026-27 द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक 09.07.2026 के अप0 03:00 बजे तक निर्धारित था। तकनीकी कारणों से निविदा के तकनीकी शर्त की कंडिका संख्या (4) एवं (5) में अंकित वित्तीय वर्ष 2023–24, 2024–25 एवं 2025–26 को संशोधित करते हुए वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 किया जाता है। इसी क्रम में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि को दिनांक 15.07.2026 के अप0 03:00 बजे तक विस्तारित किया जाता है तथा तदनुसार निविदा खुलने की तिथि एवं समय को दिनांक 15.07.2026 के अप0 03:30 बजे पुनः निर्धारित किया जाता है।

आमंत्रित निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

जिला योजना पदाधिकारी,
औरंगाबाद

PR- 007391 ( Planning ) 2026-27

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## संक्षिप्त समाचार

### 15 जुलाई को लगेगा जॉब कैंप

**बेगूसराय।** बेगूसराय में युवाओं के लिए रोजगार पाने का सुनहरा अवसर सामने आया है। संयुक्त श्रम भवन में 15 जुलाई को जॉब कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप के माध्यम से ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति सुजुकी में युवाओं की सीधी भर्ती की जाएगी। चयन प्रक्रिया प्राइवेट सेक्टर की कंपनी विजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से पूरी की जाएगी। जिला नियोजन पदाधिकारी अंकिता बताया कि इस अभियान के तहत प्रोडक्शन एसोसिएट के 250 पदों पर बहाली की जाएगी। चयनित होने वाले युवाओं को 28300 रुपए तक प्रति माह सैलरी मिलेगी। कार्यस्थल (Job Location) हंसलपुर (गुजरात) है। पनहांस चौक के पास ITI कैंपस स्थित श्रम भवन में जॉब कैंप लगेगा। आवेदकों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास के साथ आईटीआई (ITI) होनी अनिवार्य है। आयु सीमा 18 से 26 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदकों का नेशनल करियर सर्विस पोर्टल www.ncs.gov.in पर निबंधित होना आवश्यक है। जिन युवाओं का पंजीकरण नहीं हुआ है, वे कार्यालय में संपर्क कर या स्वयं पोर्टल पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। कैंप में अपडेटेड बायोडाटा (Resume), आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, अंक पत्र एवं पासपोर्ट साइज के दो रंगीन फोटो के साथ 10:30 बजे पहुंचना होगा। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि बेगूसराय के युवाओं के लिए यह एक बेहतरीन मौका है। रिक्तियां भी काफी संख्या में हैं और मारुति सुजुकी जैसी बड़ी कंपनी में 28300 का अच्छा सैलरी पैकेज मिल रहा है। जो युवा ऑटोमोबाइल सेक्टर में अपना करियर बनाना चाहते हैं, वे इस कैंप में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

### आपातकालीन किट दिवस पर मानव श्रृंखला

**अररिया।** फारबिसगंज के तिरसकुंड पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा के बच्चों ने आपातकालीन किट दिवस के मौके पर मानव श्रृंखला बनाकर जागरूकता का संदेश दिया। स्कूल के प्रधान शिक्षक मिथिलेश कुमार और वरिष्ठ शिक्षक राजीव रंजन के देखरेख में मानव श्रृंखला तैयार किया गया और बच्चों को आपातकालीन किट दिवस को लेकर जानकारियां दी गई।शिक्षकों ने बताया कि इस दिन का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं या संकट के समय कम से कम 72 घंटों तक सुरक्षित रहने के लिए एक जीवनरक्षक किट तैयार रखने के बारे में जागरूक करना है। आपातकालीन किट में पेय जल,हर व्यक्ति के लिए प्रतिदिन कम से कम 4 लीटर पानी,भोजन,तीन दिनों के लिए आसानी से खराब न होने वाला सूखा खाना, दवाइयाँ आपकी जरुरत के समान, नियमित दवाइयां और एक प्राथमिक चिकित्सा किट के साथ अन्य उपकरण जैसे टॉर्च, एक्स्ट्रा बैटरी, रेडियो, माचिस और नकद पैसे रखने के पीछे के उद्देश्यों की जानकारी दी गई।

### 18 माह की बच्ची पर दीवार गिरी

**बांका।** बांका सदर थाना क्षेत्र के महाराजगंज लेहता गांव में एक दर्दनाक हादसे में 18 माह की मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी रंजय कुमार ने कुछ दिन पूर्व सरकारी जमीन पर मकान बना लिया था। इसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने जनता दरबार में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर अंचल प्रशासन ने मकान खाली करने का निर्देश देते हुए नोटिस जारी किया था। नोटिस मिलने के बाद बुधवार को रंजय कुमार स्वयं अपने मकान को तोड़ रहा था। इसी दौरान अचानक मकान की एक दीवार पास में रखी पुआल काटने वाली मशीन पर गिर गई। दीवार गिरने से उसके समीप खेल रही रंजय कुमार की 18 माह की पुत्री आरोही कुमारी मलबे के नीचे दब गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने तत्काल बच्ची को बाहर निकालकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गांव में भी मातमी माहौल छा गया और बड़ी संख्या में लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। घटना की सूचना मिलने पर सदर थानाध्यक्ष सुधीर कुमार पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया। सदर थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि मृत बच्ची के पिता रंजय कुमार यादव के लिखित आवेदन के आधार पर यूडी केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### विवाहिता से मारपीट, मायागंज में एडमिट

**भागलपुर।** भागलपुर में दहेज के लिए विवाहिता से मारपीट, प्रताड़ित करने और जबरन जहर पिलाने का मामला सामने आया है। इलाज के लिए मायागंज में एडमिट कराया गया है। पीड़िता की पहचान खैरा निवासी निशा(24) के तौर पर हुई है। घटना सजौर थाना क्षेत्र के दरियापुर पंचायत स्थित घोरगांव की है। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से दहेज के लिए ससुराल में प्रताड़ित किया जा रहा है। पहले मायके वालों से 25 हजार रुपए लिए, फिर 50 हजार की मांग की गई। अब चार लाख रुपए मांग रहे हैं। डिमांड पूरी नहीं होने पर मारपीट की जाती है। तीन महीने का एक बच्चा भी है, फिर भी कोई रहम नहीं की जा रही है। निशा ने बताया कि बुधवार रात घर में मामूली बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद पति मोहम्मद शाहवाद, ससुर कारो उर्फ राजू और सास अंजू देवी ने पहले उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। इसके बाद तीनों ने मिलकर जबरन उसे कीटनाशक दवा पिला दी। तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। किसी तरह उसके मायके वालों को इसकी जानकारी मिली। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी करीब एक साल पहले घोरगांव निवासी मोहम्मद शाहवाब से हुई थी। उसका पति AC (इलेक्ट्रॉनिक मिस्त्री) मरम्मत का काम करता है। शादी के कुछ दिनों बाद से ही दहेज को लेकर प्रताड़ना शुरू हो गई थी। मायके वालों ने ससुराल पक्ष के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते इलाज नहीं मिलता तो निशा की जान भी जा सकती थी। फिलहाल मायागंज में चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। हालत गंभीर बनी हुई है।

### आदेश की अवहेलना पर नवगछिया के बीडीओ से स्पष्टीकरण मांगा

**भागलपुर।** नवगछिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) पर स्वेच्छाचारिता, मनमानेपन और उच्चाधिकारियों के आदेशों की सीधे तौर पर अवहेलना का आरोप लगाया गया है। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए 24 घंटे के भीतर उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। मामला एक कार्यालय परिचारी (चपरासी) के तबादले और विरमन (रिलीविंग) से जुड़ा है। आदेश के मुताबिक, जिला स्थापना कार्यालय द्वारा बीते 16 जून 2026 को एक आदेश जारी किया गया था, जिसके तहत प्रखंड कार्यालय नवगछिया में कार्यरत कार्यालय परिचारी संजीव कुमार का स्थानांतरण जिला गोपनीय शाखा (आवासीय कार्यालय) में किया गया था। उन्हें तुरंत नए पदस्थापित कार्यालय में योगदान देने का निर्देश था, लेकिन नवगछिया बीडीओ ने इस आदेश का पालन करने की बजाय कर्मचारी के तबादले पर पुनर्विचार के लिए अपनी अनुशंसा भेज दी। जिला स्थापना कार्यालय ने 27 जून को बीडीओ के इस अनुरोध को खारिज करते हुए प्रस्तुत भेज दिया, बावजूद बीडीओ ने संबंधित कर्मी को विरमित नहीं किया। हो सकती है कार्रवाई डीएम के पत्र में साफ तौर पर कहा गया है कि बार-बार निर्देश के बाद भी बीडीओ द्वारा कर्मी को विरमित न करना उनकी स्वेच्छाचारिता और उच्चाधिकारी के आदेश की अवहेलना को परिलक्षित करता है। डीएम ने सख्त हिदायत देते हुए निर्देशित किया है कि पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के अंदर बीडीओ स्पष्टीकरण दें। उन्हें यह बताना होगा कि उनके इस अड़ियल और मनमाने रवैये के लिए उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए विभाग को रिपोर्ट क्यों न भेजी जाए। बीडीओ को यह भी आदेश दिया गया है कि वे बिना किसी देरी के कार्यालय परिचारी संजीव कुमार को अविलंब विरमित करें।

### श्रीमद्भागवत कथाः बरारी से निकली कलशयात्रा

**भागलपुर।** बरारी नील कोठी घाट स्थित मां दक्षिणी काली मंदिर परिसर में बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के तहत दीप-कलश शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा सुबह 8 बजे शुरू हुई। इसमें महिलाओं और युवतियों की बड़ी भागीदारी रही। दक्षिणी काली पूजा समिति के अनुसार कथा का आयोजन 14 जुलाई तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक होगा।

# हत्या कर बोरे में बंद कर फेंकी लाश, 3 बदमाश अरेस्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में 20 दिन पहले बोरे में बंद लाश मिली थी। इस मामले में पुलिस ने ई-रिक्शा चालक समेत 3 आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। दरअसल, महिला को एक आरोपी ने पैसे देकर बुलाया था। शारीरिक संबंध बनाने के बाद पैसे के भुगतान को लेकर विवाद हो गया। इसी दौरान गुस्से में आकर आरोपितों ने रॉड से मार कर हत्या कर दी और शव को बोरे में बंद कर ई-रिक्शा से ले जाकर फेंक दिया। आरोपियों ने महिला को जितना पैसा दिया था, वो उसका दोगुना पैसा मांग रही थी। उसका कहना था कि एक ही आदमी से शारिरिक संबंध को लेकर पैसे की बात हुई थी और यहां पर दो आदमी है। इसलिए उसे दोगुना पैसा मिलना चाहिए। मामला सुल्तानगंज थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल किए गए ई-रिक्शा और पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस मामले में सिटी एसपी



अतुलेश झा ने बताया कि 22 जून को सुल्तानगंज थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम मीरहट्टी स्थित पीर बाबा के पास एक बोरे में अज्ञात महिला का शव पड़ा है।

**सीसीटीवी फुटेज के आधार परआरोपियों को पकड़ाः** सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास शुरू किया। गश्ती पदाधिकारी के लिखित आवेदन पर सुल्तानगंज थाना में हत्या का मामला दर्ज किया गया। बाद में मृतका की पहचान मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र निवास के रूप में हुई। घटना की गंभीरता को देखते हुए SSP के निर्देश पर विशेष जांच टीम का गठन किया गया। टीम ने सबूत, सीसीटीवी फुटेज और सूचना के आधार पर लगातार छापेमारी की। जांच के दौरान पुलिस ने इस मामले में सुल्तानगंज के मोदी टोला निवासी अजय कुमार चौरसिया, मीरहट्टी निवासी अर्जुन यादव और सुल्तानगंज निवासी मंतोष कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस को बताया कि महिला को उन्होंने सुल्तानगंज के एक बगीचे में बुलाया था। वहां शारीरिक संबंध बनाने के बाद पैसे के लेन-देन को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर तीनों ने मिलकर महिला की हत्या कर दी। फिर शव को बोरे में बंद कर फेंक दिया, ताकि पहचान नहीं हो सके।

## 18 जुलाई को विशेष लोक अदालत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया।** अररिया व्यवहार न्यायालय परिसर में 18 जुलाई को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चेक बाउंस से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए जन-जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में गुरुवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में एक विशेष जागरूकता टेबल लगाई गई। यहाँ न्यायालय आने वाले फरियादियों, वादकारियों और उनके परिजनों को चेक बाउंस मामलों को सुलह-समझौते के माध्यम से निपटाने के लिए प्रेरित किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान लोगों को बताया गया कि विशेष लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का त्वरित, सरल और आपसी सहमति से समाधान करना है। चेक बाउंस से जुड़े मामलों में यदि दोनों पक्ष समझौते के लिए तैयार हों, तो लोक अदालत के माध्यम से कम समय और कम खर्च में विवाद का स्थायी समाधान संभव है।

**अतिरिक्त खर्च और समय की बचतः** अधिकारियों ने जानकारी दी कि लोक अदालत में हुए समझौते को न्यायालय के निर्णय के समान वैधानिक मान्यता प्राप्त होती है। इससे पक्षकारों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया, अतिरिक्त खर्च और समय की बचत होती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने सभी संबंधित पक्षकारों से 18 जुलाई को आयोजित विशेष लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा करने की अपील की है। न्यायालय प्रशासन ने विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए आवश्यक सभी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं।

## कोर्ट जंक्शन का विकास जारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया।** अररिया कोर्ट रेलवे स्टेशन, जो कभी बिना सिग्नल वाले स्टेशन के रूप में जाना जाता था, अब अमृत भारत योजना के तहत अररिया कोर्ट जंक्शन के रूप में विकसित किया जा रहा है। स्टेशन परिसर में तेजी से बदलाव हो रहे हैं और आधुनिक सिग्नल व्यवस्था भी स्थापित की जा चुकी है। हालांकि, लाखों रुपए का राजस्व देने वाले इस जंक्शन पर यात्रियों को अभी भी कई मूलभूत सुविधाओं का इंतजार है।

**बिजली की व्यवस्था होने पर भी अंधेराः** स्टेशन पर बिजली की व्यवस्था होने के बावजूद पर्याप्त रोशनी नहीं है। कई स्थानों पर अंधेरा रहता है, और बिजली जाने पर पूरा स्टेशन अंधेरे में डूब जाता है। इससे यात्रियों को चोरी और पॉकेटमारी का डर सताता है, खासकर रात 9:45 बजे के करीब सीमांचल एक्सप्रेस से यात्रा करने वालों को। सीमांचल एक्सप्रेस अक्सर प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर आती है, जिस समय लगभग



500 से अधिक यात्री और उनके परिजन स्टेशन पर मौजूद रहते हैं। ट्रेन की अधिकांश बोगियां अक्सर प्लेटफॉर्म से आगे निकल जाती हैं। कोच पोजीशन डिस्प्ले इंडिकेटर न होने के कारण यात्रियों को अपनी बोगी खोजने के लिए दौड़ना पड़ता है, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को विशेष परेशानी होती है।

**प्लेटफॉर्म संख्या- 2 पर शेड और पंखों की व्यवस्था नहींः** प्लेटफॉर्म संख्या दो पर भीषण गर्मी के दौरान पर्याप्त शेड और पंखों की व्यवस्था नहीं है, जिससे यात्रियों को खुले आसमान के नीचे ट्रेन का इंतजार करना पड़ता है।

## मखाना पापड़ तैयार, बिहार को मिला नया उत्पाद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** बिहार की पहचान मखाना को अब एक नया रूप मिला है। इसे अब 'मखाना पापड़' के तौर पर भी परोसा जाएगा। बिहार कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू), सबौर ने अपने स्टार्टअप कार्यक्रम के तहत 100 प्रतिशत शुद्ध मखाना से पापड़ तैयार करना शुरू कर दिया है। इस पहल का उद्देश्य मिथिलांचल और सीमांचल के मखाना उत्पादक क्षेत्रों में स्वरोजगार और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देना है। बीएयू के रिसर्च निदेशक डॉ. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मखाना पापड़ पूरी तरह शुद्ध मखाना से तैयार किया गया है। इसकी एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें मखाना के छोटे-बड़े सभी आकार के दानों का उपयोग किया जा सकता है। इससे किसानों को उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य मिलेगा और उत्पादन के दौरान बचे हुए छोटे दानों का भी सदुपयोग हो सकेगा।

**महिलाओं को दी जा रही ट्रेनिंगः** डॉ. सिंह के अनुसार, बीएयू के 'सब एग्रीस' स्टार्टअप कार्यक्रम के तहत युवाओं और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को मखाना पापड़ बनाने की तकनीक की ट्रेनिंग दी जा रही है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी और महिला उद्यमिता को भी सशक्त बनाएगी।





उन्होंने यह भी बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में मखाना की मांग लगातार बढ़ रही है और भारत से इसका बड़े पैमाने पर निर्यात होता है। ऐसे में मखाना पापड़ जैसे मूल्यवर्धित उत्पाद वैश्विक बाजार में अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। इससे बिहार के किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। डॉ. सिंह ने कहा कि बिहार कृषि विश्वविद्यालय केवल नई कृषि तकनीक विकसित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन भी कर रहा है। मखाना पापड़ इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

**मखाना पूरी दुनिया में अपनी गुणवत्ता के लिए प्रसिद्धः** उन्होंने कहा, "बिहार का मखाना पूरी दुनिया में अपनी गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है। यदि मखाना से तैयार किए गए विभिन्न उत्पाद बाजार में पहुंचेंगे तो किसानों, महिला समूहों और स्टार्टअप उद्यमियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। विश्वविद्यालय का उद्देश्य मखाना आधारित उद्योगों को बढ़ावा देकर बिहार को इस क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाना है। बीएयू और अन्य शोध संस्थानों की ओर से मखाना से कई तरह के उत्पाद विकसित किए जा चुके हैं, जिनमें प्रमुख हैं— मखाना पापड़ मखाना बिस्कुट मखाना कुकीज मखाना नमकीन मखाना लड्डू मखाना खीर मिक्स मखाना फ्लोर (आटा) मखाना एनर्जी बार मखाना बटर और हेल्थ फूड उत्पाद कॉस्मेटिक और न्यूट्रास्यूटिकल उत्पादों के लिए मखाना आधारित सामग्री विशेषज्ञों के अनुसार मखाना प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है।

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. : ईएल-34-26, दिनांक 08.07.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** आसनसोल मंडल-आसनसोल मंडल में प्लेटफॉर्म शेड के नीचे लगातार एलईडी लाइटिंग प्रदान करते हुए रोशनी की व्यवस्था में सुधार करना और अन्य सहायक कार्य । **निविदा मूल्य :** रु. 2,97,86,298.30, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि :** रु. 5,95,700/-, **कार्य के लिए समापन अवधि :** 12 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 31.07.2026 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-172/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर भूख-हड़ताल के साथ धरना-प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

अररिया। अररिया में नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर गुरुवार को जन जागरण शक्ति संगठन की ओर से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए सामूहिक भूख हड़ताल किया गया।समाहरणालय परिसर स्थित धरना स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदर्शनकारी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। इससे पहले बस स्टैंड से एक रैली शुरू हुई, जो चांदनी चौक होते हुए समाहरणालय पहुंची। यहां रैली एक सभा में बदल गई, जिसके बाद छात्र धरना स्थल पर बैठकर भूख हड़ताल पर चले गए। प्रदर्शनकारी छात्रों और नौजवानों ने दिल्ली के जंतर मंतर पर चल रहे भूख हड़ताल और धरने के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए समर्थन दिया। सभा को संबोधित करते हुए अररिया कॉलेज के छात्र सुनील कुमार पासवान ने कहा कि नौजवान कड़ी मेहनत से परीक्षा की तैयारी करते हैं, लेकिन सिस्टम में घोटाले हो जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट लीक के बाद अब तक 22 छात्रों ने आत्महत्या की है। पासवान ने सरकार से जवाबदेही तय करने और व्यवस्था सुधारने की मांग की।वहीं जन जागरण शक्ति संगठन के सचिव आशीष रंजन ने कहा कि दिल्ली के जंतर मंतर पर सीजेपी के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन की गूंज पूरे देश में है। उन्होंने कहा कि आज हम अररिया से उनकी आवाज में अपनी आवाज जोड़ रहे हैं। धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना ही होगा, अन्यथा यह आंदोलन पूरे देश में फैल जाएगा।उन्होंने बताया कि 20 जुलाई को होने वाले संसद मार्च में अररिया से भी एक बड़ा जत्था शामिल होगा। सभा में रंजीत पासवान, अभिषेक, सब्य साची, मुनाजिर, मांडवी, कन्हैया, लक्ष्मी, ज्योति, पवन कुमार और नारद मुर्मू सहित कई छात्र-नौजवानों ने अपने विचार रखे।

भागलपुर-कटिहार-भागलपुर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन और ट्रिप के लिए चलेगी

आगामी श्रावणी मेला के दौरान, यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **03407/03408 भागलपुर-कटिहार-भागलपुर अनारक्षित स्पेशल ट्रेनों** का आवागमन दिनांक **11.07.2026 से 28.08.2026 तक (49 ट्रिप)** दोनों दिशाओं में संबंधित मौजूदा मार्ग, समयसूची, ठहराव और गठन के अनुसार प्रत्येक दिन जारी रहेगा। अन्य सभी निर्देश अपरिवर्तित रहेंगे।
**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**
पूर्व रेलवे

### शादी की खुशियां मातम में बदली, डीजे वाहन ने कईयों को कुचला, एक की मौत, तीन गंभीर

**अररिया।** जिले में फारबिसगंज के गोढ़ियारे में बीती रात डीजे पर गाना बजाने को लेकर विवाद में डीजे चालक की पिटाई से उत्पन्न विवाद में डीजे संचालक द्वारा तेज अनियंत्रित गति से वाहन भगाने के क्रम में कई लोगों को कुचल डाला। जिससे वधु पक्ष के एक युवक की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। डीजे गाड़ी के चपेट में कई बाराती लोग भी आए,जो घायल हुए हैं। सभी घायलों का इलाज फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। वहीं मृतक 20 वर्षीय मिट्ठू कुमार राय पिता अनिल कुमार राय की नाजुक हालत देखते हुए हायर सेंटर रेफर करने के दौरान रास्ते में ही ले जाने के क्रम में मौत हो गई। घटना के बाद शादी का उत्सव मातम में छा गया।गंभीर रूप से घायलों में एक 12 साल का सुशांत कुमार,24 वर्षीय सुमन सागर और डीजे संचालक का भाई बबलू मंडल है। मामले को लेकर मिली जानकारी के अनुसार,गोढ़ियारे चौक वार्ड संख्या 20 निवासी राजकुमार राय की बेटी की शादी सुपौल जिला के सिमराही बाजार वार्ड संख्या 12 निवासी ललन दास के पुत्र विकास कुमार से तय हुई थी। बारात देर रात फारबिसगंज पहुंची।दरवाजा लगने से पहले डीजे पर गाना बजाया जा रहा था और लोग नाचते झूमते दरवाजे पर पहुंचने ही वाले थे कि डीजे पर मनमुताबिक गाना बजाने को लेकर विवाद शुरू हो गया। जिसके बाद किसी ने डीजे गाड़ी की चालक की पिटाई कर दी। डीजे चालक गाड़ी लेकर तेज गति से भागने लगा।

## एक करोड़ की स्मैक बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय।** 'हमें मटिहानी के छितरौर के रहने वाले छोटू कुमार ने गाड़ी का किराया देकर भेजा था। उसने कहा था कि क्यूल जंक्शन पर दुर्गा मंदिर के पास चले जाओ, वहां एक आदमी हमारा नाम-पता पूछकर आम के दो झोले सौंप देगा। हम लोगों को उस झोले को सुरक्षित छोटू के घर पहुंचाना था, लेकिन रास्ते में ही पुलिस ने घेर लिया।' बेगूसराय की मटिहानी थाना पुलिस और डीआईयू (DIU) की गिरफ्त में आए पांच शातिर तस्करों ने पूछताछ में यह बयान दिया है। तस्करों ने कबूल किया कि वे लखीसराय के क्यूल जंक्शन स्थित दुर्गा मंदिर के पास से स्मैक की यह बड़ी खेप रिसीव करके आ रहे थे। पुलिस ने इनके पास से करीब एक करोड़ रुपये मूल्य की स्मैक बरामद की है, जिसे बेहद शातिराना तरीके से छुपाया गया था।

**पुलिस को चकमा देने के लिए चुना 'बांध' का रास्ताः** पुलिस की कड़ाई से की गई पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह पूरा सिंडिकेट मटिहानी के ही छितरौर के रहने वाले छोटू कुमार के इशारे पर काम कर रहा था। साजिश के तहत तस्करों ने मुख्य हाईवे और आम रास्तों को छोड़ दिया था, क्योंकि वहां पुलिस की रूटीन चेकिंग का खतरा रहता है। क्यूल जंक्शन से माल उठाने के बाद तस्करों ने सिमरिया पुल पार कर बांध का रास्ता चुना। उन्हें लगा कि बांध के रास्ते वे बिना किसी रोक-टोक के सीधे छोटू कुमार के घर डिलीवर कर देंगे। लेकिन पुलिस का खुफिया तंत्र उनसे दो कदम आगे निकला।

**आम की मिठास के पीछे छिपा था मौत का सामानः** तस्करों ने पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए एक ऐसा तरीका आजमाया जिसे देखकर हर कोई हैरान रह जाए। जब डीआईयू की सटीक सूचना पर सब-इंस्पेक्टर (SI) राहुल कुमार राय और राजस्व अधिकारी नीरज कुमार ने जिल्ला ढाला के पास सफेद रंग की स्विफ्ट कार (BR09BB-9002) को घेराबंदी कर रोका, तो ऊपर से सब कुछ सामान्य दिखा। कार की डिक्की खोलने पर उसमें प्लास्टिक के दो झोले मिले। जिनमें ऊपर तक ताजे आम भरे हुए थे। ऐसा लग रहा था कि युवक किसी रिश्तेदार के घर



से आम लेकर लौट रहे हैं। लेकिन जब पुलिस ने झोले को खंगाला, तो आमों के ठीक बीच में अखबार और काले रंग की प्लास्टिक में लपेटा हुआ एक चौकोर डिब्बा बरामद हुआ। इस डिब्बे पर 'कीमिया गोल्ड' का स्टीकर लगा था, जिसके अंदर 927 ग्राम स्मैक छिपाकर रखा गया था।

**जेल भेजे गए बेगूसराय और समस्तीपुर के तस्करः** पुलिस ने कार में सवार पांचों तस्कर और माल मंगवाने वाले को जेल भेज दिया है। जेल भेजे गए सभी आरोपी 20 से 30 साल के हैं। स्मैक मंगवाने वाला छोटू कुमार 28 साल और तस्कर शिवम कुमार (26), कन्हैया कुमार (27), सुदर्शन कुमार (30), प्रशांत कुमार (20) और कुंदन पासवान (27) का है। बेगूसराय पुलिस अब अन्य जिलों की पुलिस के संपर्क में है, जिससे क्यूल जंक्शन पर माल सप्लाई करने वाले उस चेहरे को बेनकाब कर ड्रग्स नेटवर्क को ध्वस्त किया जा सके। घटना 5 जुलाई के शाम की है। मटिहानी थाना के SI राहुल कुमार राय पुलिस बल के साथ गश्ती पर थे। इसी दौरान डीआईयू से गुप्त सूचना मिली कि सफेद रंग की स्विफ्ट कार में भारी मात्रा में स्मैक जैसी प्रतिबंधित सामग्री लेकर कुछ युवक चकबल्ली बांध होते हुए पसपुरा की ओर बढ़ रहे हैं। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए CO सह दंडाधिकारी नीरज कुमार को बुलाया गया। पुलिस ने जिल्ला ढाला के पास नाकेबंदी कर कार को रोक लिया गया था। **छोटू ने किराए पर लिया था कारः** पूछताछ में खुलासा हुआ कि मुख्य तस्कर छोटू कुमार ने इस खेप को लाने के लिए स्विफ्ट कार किराए पर लिया था। योजना के मुताबिक पांचों आरोपी कार लेकर क्यूल जंक्शन (लखीसराय) के नजदीक मंदिर फर पहुंचे थे।

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. : एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/624, दिनांक 08.07.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, सियालदह, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई/टीईएलई/टी/01/26-27/सीएपी, आरईवी। कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** पूरे सियालदह मंडल में व्यस्त लेवल क्रॉसिंग गेटों पर सीसीटीवी का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु.1,48,44,898.64, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.2,96,900/-, **कार्य की समापन अवधिः** 06 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथिः** 21.07.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथिः** 04.08.2026 को 14.00 बजे। **निविदा बोली के खोलने की तिथिः** 04.08.2026 को 14.30 बजे। **विवरण www.ireps.gov.in से देखा जा सकता है। तकनीकी पात्रता मानदंडः** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया हैः (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंडः** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजातः** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृतिः** "फिक्स्ड/बुलेट/डोम/पीटीजेड टाइप कैमरा का इस्तेमाल करते हुए सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं आरंभ से सम्मिलित कोई भी कार्य"। **टिप्पणीः** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे। SDAH-126/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### आरा-पटना फोर लाइन में स्टूडेंट की मौत

**आरा**। आरा-पटना फोर लाइन पर ट्रक ने बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि दोस्त की हालत गंभीर है। मृतक की पहचान राजा मोहल्ला वार्ड नंबर 28 निवासी मो. फिरोज के पुत्र मो. शाहनवाज(15) के तौर पर हुई है। आठवीं क्लास में पढ़ता था। घायल महताब कुरैशी के पुत्र मो. अरमान की हालत गंभीर बनी हुई है। बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। घटना टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा स्थित पेट्रोल पंप के पास की है।

**घर से दोस्त के साथ निकला था**: मृतक के पिता ने बताया कि स्कूल से वापस लौटने के बाद बुधवार शाम में दोस्त के दोस्त पेट्रोल लेने जा रहा था। रास्ते में ट्रक ने रौंद दिया। गंभीर हालत में दोनों को स्थानीय लोगों के सहयोग से अस्पताल लाया गया। जहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने शाहनवाज को मृत घोषित कर दिया।

**घर में मचा कोहराम**: शाहनवाज छह भाई-बहन में सबसे बड़ा था। परिवार में मां रसीदन बानो भाई रहमत, साहिल, समर, आदिल और बहन रानी है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है। मां और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सनोज की बरामदगी के लिए माले और आरवाइए का प्रतिरोध मार्च

**आरा**। बिहिया प्रखंड के गंज निवासी सनोज राम की सकुशल बरामदगी की मांग को लेकर बुधवार को भाकपा माले और आरवाइए ने आरा में प्रतिरोध मार्च निकाला। प्रतिरोध मार्च माले जिला कार्यालय, श्रीटोला आरा से निकलकर शहर के विभिन्न मांगों से होते हुए आरा रेलवे स्टेशन परिसर पहुंचकर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। सभा का संचालन इंनौस के नेता राजू राम ने किया। इस मौके पर संबोधित करते हुए भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य व अगियांव के पूर्व विधायक शिवप्रकाश रंजन ने कहा कि पिछले 13 अगस्त 2025 को उत्पाद विभाग पुलिस के द्वारा पकड़े गये सनोज राम की अभी तक बरामदगी नहीं हुई है। कहा कि भोजपुर जिला प्रशासन बताएं कि सनोज राम पुलिस हिरासत से कैसे गायब हो गए? इसका जिला प्रशासन को जवाब देना होगा और उनकी सकुशल बरामदगी नहीं तो भाकपा माले और आरवाइए 10 जुलाई को बिहिया में सड़क जाम कर आंदोलन को तेज करेगी। माले नेताओं ने मांग किया कि सनोज राम की घटना का न्यायिक जांच की जाए, सनोज राम की हत्या हो गयी होगी तो परिजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजा दिया जाए व दोषी पुलिसकर्मियों पर दोहरे हत्या का मुकदमा दर्ज कड़ी से सजा दी जाए। प्रतिरोध मार्च में नगर सचिव सुधीर सिंह, राज्य कमेटी सदस्य संगीता सिंह, राज्य कमेटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी, राज्य कमेटी सदस्य शब्बीर कुमार आदि थे।

### कोईलवर सीएचसी में आधुनिक डेंटल चेयर से दंत चिकित्सा सेवा की शुरुआत

**कोईलवर**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोईलवर में बुधवार से आधुनिक डेंटल चेयर के साथ दंत चिकित्सा सेवा का शुभारंभ कर दिया गया। इससे अब क्षेत्र के लोगों को दांतों से संबंधित जांच, उपचार और चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी। बताया गया कि एक दिन पहले जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने सीएचसी, कोईलवर का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में आधुनिक डेंटल चेयर स्थापित कर जल्द से जल्द दंत चिकित्सा सेवा शुरू करने का निर्देश दिया था। जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुधवार को डेंटल चेयर स्थापित कर सेवा प्रारंभ कर दी। अस्पताल में दंत चिकित्सा सेवा शुरू होने से मरीजों को अब छोटी-बड़ी दंत समस्याओं के इलाज के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर ही जांच, उपचार और आवश्यक परामर्श मिलने से समय और खर्च दोनों की बचत होगी और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ करने और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

### प्रशिक्षणार्थियों की सुविधा बढ़ाने को पीएनबी आरसेटी में वाटर कूलर शुरू

**कोईलवर**। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी) कोईलवर के परिसर में बुधवार को प्रशिक्षणार्थियों के लिए नए वाटर कूलर शुरू किया गया। इसका उद्घाटन पंजाब नेशनल बैंक के आरा मंडल प्रमुख उत्पल कुमार ने की। इस अवसर पर उन्होंने रेफ्रिजरेटर व एयर कंडीशनर (आरएसी) ट्रेड के प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि तकनीकी प्रशिक्षण को गंभीरता से ग्रहण कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार शुरू करने के इच्छुक पात्र युवाओं को बैंक की योजनाओं के तहत ऋण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि वे अपना व्यवसाय स्थापित कर सकें। इस मौके पर पीएनबी आरा मंडल कार्यालय के मुख्य प्रबंधक करण कुमार ने कहा कि संस्थान में प्रशिक्षणार्थियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि आने वाले समय में पीएनबी आरसेटी भोजपुर जिले का एक मॉडल प्रशिक्षण संस्थान बनेगा। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक रमेश कुमार त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान की गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान संकाय सदस्य प्रेम कुमार, देव कुमार, कार्यालय सहायक आशीष प्रसाद समेत काफी संख्या में प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

### 114 आरएएफ में प्री-इंडक्शन व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण शुरू

**कोईलवर**। भोजपुर के कोईलवर में 114 रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) वाहिनी मुख्यालय में बुधवार को नए स्थानांतरित जवानों के लिए प्री-इंडक्शन प्रशिक्षण और बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस (बीएसएपी) के जवानों के लिए क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम कमांडेंट अश्विनी कुमार झा के मार्गदर्शन में बिहार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य नए जवानों और बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के कर्मियों को आरएएफ की कार्यप्रणाली, कानून-व्यवस्था व दंगा नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, मानवाधिकार, आपदा राहत व बचाव कार्य सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की सैद्धांतिक और व्यावहारिक जानकारी देना है। प्रशिक्षण के दौरान जवानों को विभिन्न परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए आवश्यक कौशल भी सिखाए जाएंगे। इस अवसर पर कमांडेंट अश्विनी कुमार झा ने कहा कि अनुशासन, शारीरिक क्षमता, व्यावसायिक दक्षता और उच्च नैतिक मूल्य किसी भी सुरक्षा बल की सबसे बड़ी पहचान होते हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से पूरे मनोयोग और गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा सीखी गई बातों का ड्यूटी के दौरान प्रभावी ढंग से उपयोग करने को कहा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जवानों की कार्यकुशलता, आत्मविश्वास और परिचालन क्षमता को और मजबूत करेगा तथा भविष्य में उन्हें सौंपे जाने वाले दायित्वों के बेहतर निर्वहन में सहायक सिद्ध होगा।

### शिक्षा मंत्री का होगा सम्मान

**बक्सर**। बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के गुरुवार को बक्सर आगमन को लेकर जिले में उत्साह का माहौल है। सामाजिक कार्यकर्ता, बागीचा लॉन के संचालक तथा पूर्व पार्षद योगेश राय के द्वारा उनके सम्मान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उनका कहना है कि शिक्षा मंत्री का आगमन जिले के लिए गौरव का विषय है और उनके स्वागत में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। योगेश राय ने बताया कि शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी का बक्सर आगमन पूरे जिले के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनके कार्यों की व्यापक सराहना होती रही है। ऐसे में बक्सर की पावन धरती पर उनका स्वागत एवं सम्मान करना समाज के लिए गर्व का विषय है।

# भरत तिवारी की मां की तबीयत बिगड़ी, भूख हड़ताल स्थगित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भरत तिवारी को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ते-लड़ते अब उनकी मां आशा देवी की सेहत बिगड़ने लगी है। आशा देवी की ऑक्सीजन लेवल और पल्ट रेट में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहा है। बीपी भी डाउन है। तबीयत बिगड़ने की वजह से आशा देवी ने आज से शुरू होने वाले भूख हड़ताल को 20 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया है। भरत तिवारी की एनकाउंटर में मौत के बाद से उन्होंने लगभग खाना-पीना छोड़ दिया है। भरत के बड़े और छोटे भाई किसी तरह थोड़ा-बहुत खिलाकर अपनी मां आशा देवी को संभाल रहे हैं। वहीं, इलाज करने वाले डॉक्टर के मुताबिक, आशा देवी के लगातार रोने, मानसिक तनाव की वजह से उनकी शारीरिक स्थिति बेहद कमजोर हो गई है। आंखें सूज चुकी हैं, आवाज भर्रा गई है और शरीर में कमजोरी आ गई है।



**90/60 दर्ज किया गया आशा देवी का ब्लड प्रेशर**: गुरुवार को भी ब्लड प्रेशर कम होने और पल्स रेट में उतार-चढ़ाव की शिकायत के बाद शाहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक ने उनके घर पहुंचकर स्वास्थ्य जांच की। शाहपुर स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. मुन्ना प्रसाद ने बताया कि आशा देवी का ब्लड प्रेशर 90/60 दर्ज किया गया है। उन्हें हल्का बुखार भी है। लंबे समय से पर्याप्त भोजन नहीं करने के कारण शरीर में कमजोरी आ गई है। उन्हें हीमासेल चढ़ाया जा रहा है और लगातार निगरानी में रखा जा रहा है। परिवार का कहना है कि आशा देवी अपने बेटे भरत तिवारी को न्याय दिलाने की उम्मीद में जी रही हैं।

**आशा देवी बोलीं- तबीयत ठीक होने पर अनशन की नई तारीख बताऊंगी**: इधर, आशा देवी ने बताया कि मैं अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर गुरुवार से अनशन शुरू करने वाली थीं, लेकिन अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण इसे टाल दिया है। स्वास्थ्य में सुधार होने पर नई तारीख की घोषणा की जाएगी। वहीं, भरत तिवारी के भाई चंदन तिवारी ने कहा कि परिवार ने 20 जुलाई तक अनशन स्थगित करने का निर्णय लिया है। इस दौरान कानूनी प्रक्रिया में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई तो हमारी मां अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठेंगी। अदालत की प्रक्रिया शुरू होने से उन्हें उम्मीद जगी है।

**वकील बोले- भरत एनकाउंटर के प्रत्यक्षदर्शियों के 164 के बयान दर्ज कराए जाएंगे**: वहीं भोजपुर एनकाउंटर मामले में भरत तिवारी के परिवार की ओर से पैरवी कर रहे वकील विष्णुधर पांडेय ने बताया कि आशा देवी, भरत के भाई और भाभी का न्यायालय में धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराया जा चुका है। आने वाले दिनों में घटना के प्रत्यक्षदर्शियों और अन्य ग्रामीणों के भी बयान दर्ज कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि परिवार की ओर से जब्त किए गए मोबाइल फोन को रिलीज कराने के लिए अदालत में याचिका दायर की जाएगी। उनका कहना है कि घटना से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य मोबाइल में मौजूद हो सकते हैं। साथ ही भरत तिवारी का चश्मा भी पुलिस ने घटनास्थल से जब्त किया है।

## 3 जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों के बीच संभागों का हुआ आवंटन




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। शिक्षा विभाग, बिहार पटना के निर्देशानुसार भोजपुर जिले में पदस्थापित नए जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों (डीपीओ) के बीच कार्य विभाजन कर दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ मानवेंद्र कुमार राय ने जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के अनुमोदनोपरांत इस संबंध में एक आधिकारिक कार्यालय आदेश जारी किया है। शिक्षा विभाग के निदेशक (प्रशासन) के स्थानांतरण व पदस्थापन आदेश के आलोक में जिले के तीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों के बीच अलग-अलग महत्वपूर्ण संभागों का आवंटन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राहुल रंजन को "प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान" की कमान सौंपी गई है। इसके साथ ही उन्हें योजना एवं लेखा संभाग का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वहीं, दूसरे जिला कार्यक्रम अधिकारी मो. शारिक अशरफ को "पीएम पोषण योजना" (मिड-डे मील) की जिम्मेदारी दी गई है, साथ ही उन्हें स्थापना संभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त, तीसरे जिला कार्यक्रम अधिकारी मो. नाजिश अली को "माध्यमिक शिक्षा एवं साक्षरता संभाग" का दायित्व आवंटित किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने आदेश जारी करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे बिना किसी विलंब के अपने-अपने आवंटित संभागों का कार्यभार ग्रहण करना सुनिश्चित करें।

## 16 जुआरी गिरफ्तार, 1.43 लाख कैश बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर के डुमरांव थाना क्षेत्र स्थित वर्षों से बंद पड़े संतोषी सिनेमा हॉल में संचालित अवैध जुआ के अड्डे पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 16 लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 1.43 लाख से अधिक नकदी, 15 मोबाइल फोन, तीन मोटरसाइकिल, ताश की गड्डियां और अन्य सामान बरामद किया। कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। डुमरांव थाना पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की बड़ी सफलता माना जा रहा है।



**गुप्त सूचना पर बनाई गई थी विशेष टीम**: डुमरांव थानाध्यक्ष संजय सिन्हा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि लंबे समय से बंद पड़े संतोषी सिनेमा हॉल परिसर में अवैध रूप से जुआ का खेल संचालित किया जा रहा है। सूचना का सत्यापन करने के बाद पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया और योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। पुलिस की टीम जैसे ही सिनेमा हॉल परिसर में पहुंची, वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। कई लोगों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने चारों ओर से घेराबंदी कर 16 लोगों को मौके से ही दबोच लिया।

**नकदी, मोबाइल और बाइक बरामद**: तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपितों के पास से 1 लाख 43 हजार 810 रुपए नकद, 15 मोबाइल फोन, तीन मोटरसाइकिल और ताश की कई गड्डियां बरामद कीं। पुलिस के अनुसार, बरामद ताश की गड्डियों का इस्तेमाल जुआ खेलने में किया जा रहा था। बरामद सामान को जब्त कर लिया गया है और उसे केस के साक्ष्य के रूप में सुरक्षित रखा गया है।

**जुआ संचालकों की तलाश में जुटी पुलिस**: थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सभी लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस अवैध जुआ के अड्डे का मुख्य संचालक कौन है, इसमें और किन लोगों की भूमिका रही है और यह धंधा कब से संचालित किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि पूछताछ और तकनीकी जांच के आधार पर मामले में अन्य आरोपितों की भी पहचान की जाएगी।

## सौरभ बने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के साइंटिस्ट ऑफिसर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बक्सर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र सौरभ कुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2023–2026 बैच (लेटरल एंट्री) के छात्र सौरभ कुमार का चयन भारत सरकार के भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र , मुंबई के प्रतिष्ठित ओसीईएस-2026 प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत साइंटिस्ट ऑफिसर (लेवल-10) पद के लिए हुआ है। उनकी इस सफलता से महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राम नरेश राय ने सौरभ कुमार को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही किसी भी शैक्षणिक संस्थान की सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर




मार्गदर्शन और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसका परिणाम है कि यहां के छात्र राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित संस्थाओं में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सौरभ की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। सौरभ कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राम नरेश राय के मार्गदर्शन तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक अभिषेक कुमार, रितेश कुमार, गौरव परमार और मोहम्मद अहमद के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के निरंतर प्रोत्साहन और मार्गदर्शन ने इस मुकाम तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय में सौरभ कुमार को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# सैटेलाइट तस्वीरों के जरिए गिरफ्तारी आखिरी लोकेशन की कड़ी जोड़िए

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भोजपुर**। भोजपुर के सनोज कुमार लापता मामले में अब जांच जमीन के साथ-साथ आसमान से भी होगी। मंगलवार को पटना हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान भोजपुर पुलिस को सैटेलाइट तस्वीरों के जरिए सनोज की गिरफ्तारी से लेकर उसकी अंतिम लोकेशन तक की कड़ी जोड़ने का निर्देश दिया है। अदालत ने साफ कहा कि तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने लाई जाए। हाईकोर्ट में सनोज कुमार के वकील मिथलेश राय ने बताया कि जस्टिस राजीव रंजन प्रसाद की खंडपीठ ने सनोज के बरामद मोबाइल फोन को फोरेंसिक साइंस लैब भेजने का भी आदेश दिया है, ताकि ये पता लगाया जा सके कि उसके लापता होने के बाद मोबाइल के डाटा से कोई छेड़छाड़ तो नहीं की गई। साथ ही सनोज के परिजनों और महादलित बस्ती के अहम गवाहों के बयान आरा सिविल कोर्ट में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत दर्ज कराने का भी



निर्देश दिया गया है। वकील ने बताया कि जिस मोबाइल से सनोज ने घटना वाले दिन परिवार से आखिरी बार बात की थी, वो एक सप्ताह बाद बरामद हुआ था, इसलिए उसकी वैज्ञानिक जांच बेहद महत्वपूर्ण है। इधर, मामले में गिरफ्तार आबकारी विभाग के पुलिसकर्मियों से रिमांड पर पूछताछ जारी है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है।

**सनोज मिसिंग केस में भाकपा माले 10 को बिहिया में सड़क जाम**: बिहिया प्रखंड के गंज इलाके के रहने वाले और पिछले 11 महीने से पुलिस हिरासत के बाद लापता सनोज राम की बरामदगी को लेकर भाकपा-माले ने आंदोलन तेज करने की घोषणा की है। मंगलवार को आरा के श्रीटोला स्थित पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में माले नेताओं ने कहा कि अगर जिला प्रशासन जल्द सनोज राम को सकुशल बरामद नहीं करता है तो 10 जुलाई को बिहिया में सड़क जाम कर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। भाकपा माले की ओर से पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने, दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और सनोज राम के परिजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजा देने की मांग भी उठाई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय कमेटी सदस्य राजू यादव और पूर्व विधायक शिवप्रकाश रंजन ने आरोप लगाया कि प्रशासन अब तक यह नहीं बता पाया है कि पुलिस हिरासत से सनोज राम कैसे लापता हो गए। नेताओं ने कहा कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।

## भाजपा पंचायत अध्यक्ष हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। भोजपुर पुलिस ने बीजेपी पंचायत अध्यक्ष विक्रांत कुमार उर्फ विक्की की चाकू गोदकर हत्या मामले में कार्रवाई तेज कर दी है। मृतक के पिता वीरेंद्र सिंह के बयान पर सहार थाने में सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एक नामजद आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस का कहना है कि प्राथमिकी में दर्ज आरोपों के आधार पर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना बड़की खड़ांव गांव की है। सहार थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी अनिल सिंह को मोआप कला गांव से गिरफ्तार किया गया है। पहले से हत्या समेत पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह पूर्व में जेल भी जा चुका है। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।




**जांच के आधार पर कार्रवाई**: प्राथमिकी के अनुसार मृतक के पिता वीरेंद्र सिंह ने बड़की खड़ांव निवासी आनंद सिंह, उनके भाई मंजी सिंह, अनिल सिंह, सुशील सिंह, मुखिया समरेश सिंह समेत सात लोगों को हत्या का आरोपी बनाया है। पुलिस दर्ज प्राथमिकी के आधार पर सभी बिंदुओं की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में पुलिस के सामने गैस सिलेंडर लेकर जाने के दौरान वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करने और पहले से चला आ रहा भूमि विवाद हत्या की संभावित वजह के रूप में सामने आया है।

## 427 करोड़ की नौ योजनाओं को मंजूरी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। केंद्र सरकार की अर्बन चैलेंज योजना के तहत बक्सर नगर परिषद की तस्वीर बदलने वाली है। शहर के समग्र विकास और इसे एक स्मार्ट सिटी के रूप में ढालने के साथ ही नगर परिषद का आय बढ़ाने को लेकर तैयार की गई 427 करोड़ रुपये की नौ महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रस्ताव को विभाग ने मंजूरी दे दी है। नगर परिषद की सभापति कमरून निशा द्वारा भेजे गए इस प्रस्ताव में पर्यटन, यातायात सुधार, व्यापारिक सुविधाओं और आधुनिक सुरक्षा तंत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है। विभागीय स्वीकृति मिलने के बाद अब सभी योजनाओं के लिए संभावित स्थलों का प्रारंभिक चयन कर लिया गया है। ऐसी संभावना है कि जल्द ही विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इन योजनाओं के धरातल पर उतरने से बक्सर में न सिर्फ आधुनिक शहरी सुविधाओं का विस्तार होगा, बल्कि पर्यटन और व्यापार को भी नई गति मिलेगी। शहर के व्यापार को व्यवस्थित और आधुनिक बनाने के लिए बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं। कल्चरल एवं पब्लिक इवेंट के लिए मल्टीपर्पज कमर्शियल बिल्डिंग का निर्माण 58 करोड़ की लागत से कराया जाएगा। सर्किट हाउस के पास कमर्शियल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाएगा। गंगा की लहरों पर तैरेगा फ्लोटिंग रेस्तरां बक्सर



में गंगा तट के सौंदर्य और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक बेहद आकर्षक योजना तैयार की गई है। गंगा नदी में करीब 22 करोड़ रुपये की लागत से फ्लोटिंग रेस्तरां, बोटिंग और अन्य आधुनिक पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को एक नया और सुखद अनुभव मिलेगा। आत्मनिर्भर होगा जिला बक्सर के इतिहास में शहरी विकास को लेकर अब तक का सबसे बड़ा कदम है। अर्बन चैलेंज योजना के तहत इन नौ योजनाओं को मंजूरी मिलना बक्सर को एक आधुनिक और आत्मनिर्भर शहर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।- कमरून निशा, सभापति, नगर परिषद, बक्सर सुरक्षा की होगी पुख्ता व्यवस्था बक्सर को पूरी तरह सुरक्षित और स्मार्ट बनाने के लिए सबसे बड़ा बजट सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक मैनेजमेंट पर खर्च होगा।

## पौधरोपण से आयेगी सकारात्मक ऊर्जा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। लायंस क्लब ऑफ आरा अपूर्व के तत्वावधान में बुधवार को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में वन महोत्सव के उपलक्ष्य में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम के तहत परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे लगाए गए। अध्यक्षता क्लब की अध्यक्ष लायन प्रोफेसर डॉ. लतिका प्रकाश ने की, जबकि पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन और देखरेख लायन डॉ. वाचस्पति दुबे एवं लायन डॉ. रश्मि गुप्ता की देखरेख में संपन्न हुआ। छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर यशवंत कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज सेवा के लिए बेहद उपयुक्त हैं। इससे न केवल पर्यावरण संतुलित रहेगा, बल्कि विभाग परिसर में हमेशा हरियाली और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। अध्यक्ष डॉ. लतिका प्रकाश ने कहा कि समाज सेवा के प्रति समर्पित ऐसे कार्यक्रम




लायंस क्लब इंटरनेशनल के द्वारा समय-समय पर आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि समाज को इसका सीधा लाभ मिल सके। पौधरोपण अभियान में क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन उपेंद्र कुमार सिंह, लायन प्रांजल शर्मा, लायन डॉ. महावीर गुप्ता, लायन डॉ. रंजना वर्षा और लायन डॉ. प्रतीक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा विभाग की प्रोफेसर संगीता सिन्हा, डॉ. प्रियंका पाठक, डॉ. कुमारी प्रीतिका, डॉ. कंचन कुमारी और डॉ. कृष्ण कुमार ने भी प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। मौके पर प्रियांशी, श्वेता, मनीषा, अनुराग, सचिन, आनंद कुमार मौर्य, नीरज कुमार सिंह, दरोगा सिंह और रिंकी देवी, डॉ. वाचस्पति दुबे आदि थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मसौढ़ी आरओबी निर्माण में तेजी लाने की मांग, जदयू नगर अध्यक्ष ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**मसौढ़ी,पटना।** मसौढ़ी मुख्य सड़क पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के धीमे निर्माण कार्य को लेकर जनता दल (यू) के नगर अध्यक्ष गोल्डी पटेल ने गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि आरओबी निर्माण की धीमी प्रगति के कारण स्थानीय नागरिकों, राहगीरों, छात्रों, मरीजों और व्यापारियों को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बरसात के मौसम में निर्माण स्थल पर जलजमाव और कीचड़ की स्थिति गंभीर हो गई है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। गोल्डी पटेल ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में लगी एजेंसी के कुछ कर्मचारियों द्वारा आम लोगों के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने की शिकायतें भी लगातार मिल रही हैं। इससे स्थानीय लोगों में असंतोष का माहौल है।

ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई है कि आरओबी निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कराने के लिए इसकी गति बढ़ाई जाए। साथ ही बरसात के दौरान जलनिकासी की समुचित व्यवस्था, कीचड़ से राहत, आम लोगों की सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा निर्माण कार्य की नियमित निगरानी करने तथा निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों को आम जनता के साथ शालीन और सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश देने की भी मांग की गई है। जदयू नगर अध्यक्ष ने कहा कि समय पर आरओबी का निर्माण पूरा होने से मसौढ़ी के लोगों को वर्षों पुरानी जाम और आवागमन की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी।

### वैशाली में किराना दुकानदार के घर बमबाजी

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के सदर थाना क्षेत्र के मदारपुर में देर रात एक किराना दुकानदार के घर पर बदमाशों ने बमबाजी की। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई। हालांकि, इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। स्थानीय निवासी उदय मिश्रा ने बताया कि देर रात करीब 12 से 1 बजे के बीच उनके दरवाजे पर चार बम फेंके गए। उन्होंने शुरुआत में इसे ट्रक के टायर फटने या पटाखों की आवाज समझा। सुबह देखने पर सुतली, शीशे और फूल के पौधे बिखरे मिले। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से दो विस्फोटित बमों के अवशेष और दो जिंदा बम बरामद किए हैं। बरामद जिंदा बमों को निष्क्रिय करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जांच के लिए एफएसएल टीम और बम स्क्वायड को भी बुलाया गया है। सदर एसडीपीओ-1 सुबोध कुमार ने बताया कि उदय मिश्रा ने अपने परिसर में सुतली बम मिलने और रात में आवाज आने की सूचना दी थी। उन्होंने पुष्टि की कि घटनास्थल से दो सुतली बम बरामद किए गए हैं। एसडीपीओ ने यह भी बताया कि इस मामले में पहले से विवाद चला आ रहा है। उदय मिश्रा के बेटे पर तीन से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को घर में लगा सीसीटीवी कैमरा भी क्षतिग्रस्त मिला है, जिसमें छेड़छाड़ की आशंका जताई जा रही है। पुलिस इस पहलू पर भी जांच कर रही है। उदय मिश्रा ने आरोप लगाया कि उनके बेटे की हत्या की साजिश रची जा रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पहले भी सदर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। उन्होंने एसपी और डीएसपी से सुरक्षा की गुहार लगाई और इलाके में अवैध सामान व नशीले पदार्थों की खुलेआम बिक्री पर चिंता व्यक्त की। पुलिस ने घरवालों से विस्तृत पूछताछ की है और मामले से जुड़े साक्ष्य इकट्ठा किए हैं।

### युवक के सिर में गोली मारकर हत्या, परिजन ने ठेकेदार पर लगाया आरोप

**हाजीपुर।** वैशाली के गोरौल थाना क्षेत्र में एक 19 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना वसीपुर कटरमाला गांव में हुई। मृतक की पहचान वसीपुर गांव निवासी नगीना सिंह के बेटे अमित कुमार के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। परिजन के अनुसार, अमित का गांव के एक ठेकेदार से पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी विवाद के चलते अमित को घर से बाहर बुलाया गया, जहां पहले से घात लगाए बैठे अपराधियों ने उसके सिर में गोली मार दी। गोली लगने से अमित की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही वैशाली के एसपी शुभांक मिश्रा स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे। गोरौल थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तत्काल छापेमारी शुरू कर दी है। मृतक अमित के पिता ने गांव के ठेकेदार आशुतोष पर हत्या कराने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने परिजनों के आरोपों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी के निर्देश पर संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है ताकि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। यह हत्या पैसों के विवाद के कारण हुई है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, इसका खुलासा जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही हो पाएगा। एहतियात के तौर पर पूरे इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### अमृता मौत मिस्ट्री-बीडीओ पति को जेल

**मुजफ्फरपुर।** दरभंगा के जाले प्रखंड के BDO मनोज कुमार की पत्नी अमृता कुमारी की मौत मामले में मनोज कुमार की दरोगा प्रेमिका अन्नू को पीआर बॉन्ड पर छोड़ दिया गया है। अनु कुमारी से पूछताछ के बाद मिठनपुरा थाना पुलिस अब अमृता के गायब दो मोबाइल फोन, एक टैबलेट और एक लैपटॉप की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस का मानना है कि इन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में मामले से जुड़े कई अहम साक्ष्य मिल सकते हैं। बुधवार को गिरफ्तार BDO मनोज कुमार और महिला दरोगा अनु कुमारी को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने BDO मनोज कुमार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया, जबकि अनु कुमारी को पीआर बॉन्ड पर छोड़ दिया। बताया जाता है कि अन्नू कुमारी और अमृता क्लासमेट थीं। जांच के दौरान पुलिस ने BDO मनोज कुमार और दरोगा अनु कुमारी को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की। शुरुआत में दोनों कई सवालों को टाल गए, लेकिन जब पुलिस ने मोबाइल टावर लोकेशन, चैटिंग रिकॉर्ड और दोनों की तस्वीरें सामने रखीं तो दोनों ने अफेयर की बात स्वीकार कर ली। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि पूछताछ से पहले महिला दारोगा ने अपने मोबाइल से कुछ डिजिटल सबूत डिलीट करने की भी कोशिश की थी। फिलहाल दोनों के मोबाइल फोन की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। 6 साल से चल रहा था अफेयर अमृता के भाई राजकुमार ने एफआईआर में आरोप लगाया है कि अनु से प्रेम संबंध का विरोध करने के कारण मनोज उसकी बहन को प्रताड़ित करता था। दहेज और प्रेम संबंध के विरोध के कारण ही जहर देकर अमृता की हत्या की गई। राजकुमार ने अपनी शिकायत में मनोज के साथ अनु और अमृता के ससुर, सास, देवर और ननद को भी आरोपित बनाया है। पुलिस की पूछताछ में पता चला है कि जिस दिन BDO मनोज की पत्नी अमृता की मौत हुई थी उस दिन मनोज और अनु पटना में मिले थे। अनु दरभंगा में यूनिवर्सिटी एग्जाम देकर पटना गई थी और BDO मनोज ट्रेनिंग को लेकर पटना में ही था। अमृता को दोनों की ओर से वीडियो कॉल करने की भी बात सामने आई है। अनु और अमृता कॉलेज फ्रेंड थीं जबकि मनोज और अनु के बीच नौकरी की तैयारी वाली कोचिंग के क्लास में मुजफ्फरपुर में दोस्ती हुई थी।

### 'शादी सिर्फ सहेली से करूंगी', हाईटेंशन टावर पर चढ़ी युवती

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में अपनी सहेली से शादी की जिद में एक युवती 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन टावर पर चढ़ गई। 19 साल की बबीता कुमारी का कहना है, 'मैं शादी करूंगी तो सिर्फ अपनी सहेली से, नहीं तो टावर से कूदकर जान दे दूंगी।' टावर पर चढ़ने के बाद युवती ने एक वीडियो भी बनाया। वीडियो में उसने कहा कि वह अपने पड़ोस में रहने वाली सहेली से शादी करना चाहती है। उसने सवाल किया, "क्या लड़की-लड़की की शादी गुनाह है?" युवती ने यह भी कहा, 'अगर मेरी सहेली की शादी किसी दूसरे युवक से कराई गई, तो मैं इसे बर्दाश्त नहीं करूंगी। उसके बिना जी नहीं सकती, तो मर भी सकती हूं।' घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही साहेबगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों ने लाउडस्पीकर के जरिए काफी देर तक समझाने की कोशिश की, मिन्नतें कीं और भरोसा दिलाया, लेकिन युवती टस से मस नहीं हुई। वीडियो में एक ओर युवती अपनी सहेली से शादी की जिद पर अड़ी है।

# उद्यमी योजनाओं की समीक्षा को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने बुलाई उच्चस्तरीय बैठक, उद्योग जगत की समस्याओं पर हुआ मंथन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**डॉ. प्रेम कुमार ने उद्योग मंत्री व विभागीय अधिकारियों के साथ बैंक ऋण, विपणन, कौशल विकास और गया के औद्योगिक विकास से जुड़े मुद्दों पर की समीक्षा**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति और उनसे जुड़ी समस्याओं की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह, उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, मगध इंडस्ट्री एसोसिएशन, गया जिला उद्योग संघ, वस्त्र उद्योग बुनकर सेवा समिति तथा मगध बुनकर संघ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, बिहार लघु उद्यमी योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना (PMFME), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने योजनाओं से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों को बिंदुवार रखते हुए बताया कि बैंक ऋण स्वीकृति में देरी, बाजार और विपणन की समस्या, तकनीकी एवं प्रबंधन कौशल की कमी, वित्तीय साक्षरता का अभाव तथा उद्यमों की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करना प्रमुख चुनौतियां बनी हुई हैं। बैठक में उद्योग विभाग के अधिकारियों ने इन समस्याओं के समाधान के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बैंक ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए प्रत्येक जिले में लोन शिविर आयोजित किए जाएंगे। वहीं उत्पादों के बेहतर विपणन के लिए बिहार राज्य मार्केटिंग अथॉरिटी के गठन की प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए भारत सरकार की RAMP योजना के तहत एमएसएमई केंद्र स्थापित किए जाएंगे। बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गया जिले के औद्योगिक विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे भी उठाए। उन्होंने उद्योग मंत्री से जीआई टैग प्राप्त पथरकट्टी शिल्पकारों की समस्याओं के समाधान, शादीपुर स्थित बियाडा की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, धनामा गांव के लगभग 50 उद्योगों को आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, बोधगया बियाडा क्षेत्र के विस्तार, मानपुर औद्योगिक क्षेत्र के विकास तथा गया के प्रसिद्ध तिलकुट को जीआई टैग दिलाने के लिए आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया। उन्होंने गया-डोभी औद्योगिक कॉरिडोर परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सुझाव दिया कि इस परियोजना में स्थानीय उद्यमियों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि क्षेत्र में रोजगार और उद्योगों को बढ़ावा मिल सके। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने बैठक में उठाए गए सभी मुद्दों और विधानसभा अध्यक्ष द्वारा दिए गए सुझावों पर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं के समाधान और औद्योगिक विकास को गति देने के लिए विभाग आवश्यक कदम उठाएगा। बैठक में उद्योग विभाग के निदेशक एमएसएमई अमन समीर, उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता, हथकरघा एवं रेशम उत्पादन निदेशक विद्यानंद सिंह, निदेशक (प्रशासन) विजय कुमार उपाध्याय, मगध इंडस्ट्री एसोसिएशन, गया जिला उद्योग संघ, वस्त्र उद्योग बुनकर सेवा समिति, मगध बुनकर संघ के प्रतिनिधियों के साथ बिहार विधानसभा सचिवालय की प्रभारी सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## 14 जुलाई को मसौढ़ी में भाजपा का भव्य कार्यकर्ता समागम, नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का होगा सम्मान

**सम्राट अशोक कन्वेंशन हॉल में आयोजित होगा अभिनंदन समारोह**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी, पटना।** भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश के नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान में 14 जुलाई को मसौढ़ी में भव्य अभिनंदन एवं सम्मान समारोह सह विशाल कार्यकर्ता समागम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सम्राट अशोक कन्वेंशन हॉल में आयोजित होगा, जिसमें प्रदेश और जिला स्तर के वरिष्ठ नेताओं के साथ बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम में भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का औपचारिक अभिनंदन किया जाएगा। इसके साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की रणनीति तय करने तथा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद पर विशेष जोर दिया जाएगा।

आयोजन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न मंडलों और बूथ स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। आयोजकों के अनुसार, यह समारोह केवल सम्मान कार्यक्रम नहीं होगा, बल्कि संगठनात्मक मजबूती, कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने और आगामी चुनावी तैयारियों पर विचार-विमर्श का भी महत्वपूर्ण मंच बनेगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में विधानसभा संयोजक संजय केशरी, जिला महामंत्री विजय यादव, नीरज शर्मा नदवां, राकेश कुमार, अजय शर्मा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बीजेपी का प्रशांत किशोर से नहीं आरजेडी से मुकाबला

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**अशोक चौधरी ने कहा- पीके वोटकटवा बनकर रह जाएंगे, उनको चुनाव नहीं लड़ना चाहिए**

**पटना।** बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि एनडीए की सीधी लड़ाई राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) से है, न कि प्रशांत किशोर से। उनके मुताबिक, प्रशांत किशोर सिर्फ वोट काटने के उद्देश्य से चुनाव मैदान में उतरे हैं और मुकाबले में कहीं दूर-दूर तक नजर नहीं आएंगे।

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन के दौरान मीडिया से बातचीत में अशोक चौधरी ने कहा, 'एनडीए ने अभिषेक कुमार बंटी को उम्मीदवार बनाया है और पार्टी पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है। इस चुनाव में एनडीए का मुकाबला सीधे आरजेडी उम्मीदवार रेखा गुप्ता से है।' अशोक चौधरी ने दावा किया कि जिस तरह पहले के चुनाव में प्रशांत किशोर को अपेक्षित सफलता नहीं मिली थी, वैसा ही परिणाम बांकीपुर उपचुनाव में भी देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, 'चुनाव में प्रशांत किशोर कहीं भी मुकाबले में नजर नहीं आएंगे, जनता उन्हें स्वीकार नहीं करेगी।'

**31 वर्षों से भाजपा का गढ़ है बांकीपुर:** मंत्री अशोक चौधरी ने कहा, 'बांकीपुर विधानसभा लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी का मजबूत गढ़ रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन वर्षों तक इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इससे पहले उनके पिता भी इस क्षेत्र की राजनीति से जुड़े रहे और भाजपा ने यहां लगातार अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी है।'

**मैं खुद बांकीपुर का वोटर हूं, प्रशांत किशोर चुनाव न लड़ें- अशोक चौधरी:** अशोक चौधरी ने कहा कि वह स्वयं बांकीपुर विधानसभा के मतदाता हैं। एक मतदाता होने के नाते उन्होंने प्रशांत किशोर को सलाह देते हुए कहा, 'उन्हें यह चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। मैं उन्हें सलाह देता हूं कि चुनाव मत लड़िए। आपका हश्र बहुत बुरा होगा। चुनाव के बाद जनता का सामना करना भी मुश्किल हो जाएगा।'

**भरत तिवारी मामले में दोषियों पर होगी कार्रवाई- अशोक चौधरी:** इस दौरान मंत्री अशोक चौधरी ने बीते दिन भरत तिवारी के घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात करने पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'किसी भी परिवार पर दुख की घड़ी आए, तो इंसानियत के नाते उनके साथ खड़ा होना हर व्यक्ति का कर्तव्य है।' उन्होंने बताया कि उन्होंने भरत तिवारी के पिता और अन्य परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें भरोसा दिलाया कि मामले में दोषी पाए जाने वाले सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पोठही स्टेशन के पास रेल पटरी पर मिला युवक का शव, ट्रेन की चपेट में आने से मौत की आशंका

**29 वर्षीय युवक की पहचान मखदुमपुर निवासी बबलू कुमार के रूप में हुई**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मसौढ़ी।** पटना–गया रेलखंड पर स्थित पोठही रेलवे स्टेशन के समीप गुरुवार को रेल पटरी पर एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक आशंका है कि किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान पुनपुन थाना क्षेत्र के केवड़ा ओपी अंतर्गत मखदुमपुर गांव निवासी फेकन राम के 29 वर्षीय पुत्र बबलू कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही तारेगना जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जीआरपी थाना अध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि युवक का शव पोठही स्टेशन के पास डाउन रेलवे लाइन पर पोल संख्या 8/10 के निकट पड़ा मिला। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन की चपेट में आने का प्रतीत होता है, लेकिन मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। जवान बेटे की मौत की खबर से परिवार में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जीआरपी ने बताया कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## पटना में शराब पार्टी कर हंगामा कर रहे 8 गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** पटना के IIT अम्हारा थाना क्षेत्र के बभनलई गांव में शराब पार्टी कर हंगामा कर रहे 8 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बुधवार देर रात गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस का कहना है कि मौके से कई अन्य लोग अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

**छापेमारी कर आठ लोगों को हिरासत में लिया:** स्थानीय लोगों के मुताबिक, गांव में शराब पार्टी चल रही थी और नशे में धुत लोग हंगामा कर रहे थे। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिली थी कि बभनलई गांव में कुछ लोग शराब पीकर हंगामा कर रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना पुलिस की टीम ने गांव में छापेमारी की और मौके से आठ लोगों को हिरासत में ले लिया।

**अंधेरे का फायदा उठाकर ये लोग हुए गिरफ्तार:** गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रविरंजन चौधरी, ओमप्रकाश शाह, मिथुन माली, राजू माली, संत कुमार, चंदीप पासवान, दिलीप कुमार और चंदन कुमार के रूप में हुई है। सभी आरोपी बभनलई गांव के निवासी बताए जा रहे हैं।

थाना प्रभारी रोशन कुमार राज ने बताया, देर रात सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। कई लोग भागने में सफल रहे, जबकि आठ लोगों को पकड़ लिया गया। मेडिकल जांच में सभी के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई है।'

## सीतामढ़ी में बारिश, 30 जिलों में ऑरेंज अलर्ट, गोपालगंज में बिजली से एक की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** बिहार के बगहा में बीती रात से बारिश हो रही है। वहीं, सीतामढ़ी में सुबह से बादल छाए थे, लेकिन दोपहर बाद तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने बिहार के 30 जिलों में आज तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, शिवहर, दरभंगा, में भारी बारिश की संभावना है। 40Kmph की रफ्तार से हवा चल सकती है। पटना और उसके आस-पास के जिलों में बादल छाए रहेंगे। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हो सकती है। विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटे में कई जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट है। अगले 7 दिन तक मौसम में बदलाव की उम्मीद नहीं है।

**सीमांचल में भारी बारिश, दक्षिण में मानसून सुस्त:** बिहार में मानसून की रफ्तार तेज तो हुई है, लेकिन ये असमान है। सीमांचल और कोसी के इलाके पानी-पानी हैं, वहीं राजधानी पटना समेत दक्षिण और पश्चिम बिहार के लोग अब भी अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

मौसम विभाग ने आज गुरुवार को सीमांचल के जिलों अररिया और सुपौल में अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। किशनगंज, पूर्णिया, मधेपुरा और मधुबनी में भारी बारिश की चेतावनी है। उत्तर बिहार के कई जिलों में 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने, मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका जताई गई है।

# पटना के पार्कों में लगेंगी 200 प्री-फैब्रिकेटेड दुकानें

## जीविका और स्मार्ट सिटी मिलकर करेंगी संचालन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**जेपी गंगा पथ से हटाए गए थे**

**पटना।** जेपी गंगा पथ पर लगने वाली 200 प्री-फैब्रिकेटेड दुकानों को अब पटना के पार्कों में स्थापित किया जाएगा। जीविका दीदी और पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा इसका संचालन किया जाएगा। इनमें सुधा बूथ सहित अन्य व्यावसायिक गतिविधियां शुरू की जाएंगी। फिलहाल इन दुकानों को गर्दनीबाग हाई स्कूल के पास रखा गया है।

**अधिकारियों ने पुराने डिजाइन को किया था खारिज:** पहले जेपी गंगा पथ पर करीब 15.45 करोड़ रुपये की लागत से 500 दुकानों वाला वेंडिंग जोन विकसित करने की योजना बनाई गई थी। इसी परियोजना के तहत 200 प्री-फैब्रिकेटेड दुकानें भी तैयार कर ली गई थीं। प्रत्येक दुकान में बेसिन, स्लैब, एग्जॉस्ट फैन, लाइट, इलेक्ट्रिक बोर्ड और अन्य जरूरी सुविधाएं दी गई थी, लेकिन इन दुकानों का डिजाइन गंगा नदी के सुंदर नजारे को फीका कर रहा था। इसे देखते हुए योजना में बदलाव किया गया और इन दुकानों को जेपी गंगा पथ से हटाने का निर्णय लिया गया था।

**50 प्री-फैब्रिकेटेड दुकान बनाने का लिया गया निर्णय:** फिर गंगा पथ पर 50 दुकानों के निर्माण की बात आयी है। इसके लिए डिजाइनों को फाइनल करके काम भी शुरू हो गया है। हाल ही में मुख्यमंत्री ने इस परियोजना का शिलान्यास भी किया है। इन आउटलेट्स में बड़े ब्रांडों के साथ स्थानीय वेंडरों को भी व्यवसाय का अवसर मिलेगा।

**नई दुकानों पर खर्च होंगे 7.18 करोड़ रुपये:** नई दुकानों को तैयार करने में करीब 7.18 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इनमें से 45 दुकानें 16 फुट लंबी, 10 फुट चौड़ी और 9 फुट ऊंची होती। इसके अलावा पांच दुकानें 20 फुट लंबी, 10 फुट चौड़ी और 9 फुट ऊंची बनाई जाती। सभी दुकानों का डिजाइन एक समान आधुनिक लुक में है, ताकि पूरा क्षेत्र व्यवस्थित और आकर्षक दिखाई दे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### मनरेगा जिला स्तरीय एमआईएस कर्मियों का एआई प्रशिक्षण शुरू



**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत मनरेगाविकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (वीबीजी राम जी) के जिला स्तरीय एमआईएस कर्मियों के लिए गुरुवार को दो दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डेटा आधारित डिजिटल टूल्स पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। आयुक्त मृत्युंजय बरणवाल के नेतृत्व में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जिला स्तर के एमआईएस कर्मियों को आधुनिक एआई तकनीकों और डिजिटल टूल्स से प्रशिक्षित कर कार्यों में दक्षता, पारदर्शिता और गुणवत्ता बढ़ाना है। यह प्रशिक्षण ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की डिजिटल क्षमता निर्माण की परिकल्पना के अनुरूप आयोजित किया गया है। इसमें राज्य के सभी 24 जिलों से करीब 55 जिला स्तरीय एमआईएस कर्मी भाग ले रहे हैं। ग्रामीण विकास विभाग के एआई स्पोर्ट सेल के विनोद कुमार पांडे ने एआई की संभावनाओं, सीमाओं और नैतिक उपयोग पर जानकारी दी। वहीं पुणे से आईं एआई और डेटा विशेषज्ञ नीलम पाठक प्रतिभागियों को डेटा विजुअलाइजेशन और एआई आधारित कार्यप्रणालियों का प्रशिक्षण दे रही हैं। विभाग के अनुसार यह पहल डिजिटल गवर्नेंस को मजबूत करने और तकनीक-सक्षम मानव संसाधन तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मौके पर कई अधिकारी पदाधिकारी कर्मी मौजूद थे।

### सीट कटौती के विरोध में एसीएस ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में विभिन्न रोजगारपरक और जनजातीय-क्षेत्रीय भाषा पाठ्यक्रमों की प्रस्तावित सीट कटौती को लेकर गुरुवार को आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) के अध्यक्ष विवेक तिर्की के नेतृत्व में छात्र प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा। मौके पर विवेक तिर्की ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कुडुख, संथाली, मुंडारी, हो, खड़िया, खोरठा, कुरमाली, नागपुरी और पंचपरगनिया भाषा विभागों के साथ-साथ बीबीए, एमबीए, कंप्यूटर विज्ञान और वाणिज्य पाठ्यक्रमों की सीटें घटाने का प्रस्ताव छात्र हितों के खिलाफ है। उन्होंने प्रस्ताव को तत्काल वापस लेकर वर्तमान सीटों को यथावत रखने और जरूरत के अनुसार बढ़ाने की मांग की। ज्ञापन में स्नातक और स्नातकोत्तर नामांकन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, मेरिट आधारित और समयबद्ध बनाने, सभी मेरिट सूची, कटऑफ और रिक्त सीटों की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सार्वजनिक करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में विवेक तिर्की, संघ के सचिव अमित टोप्पो सहित अन्य छात्र मौजूद थे।

### अयोध्या राम मंदिर में कथित वित्तीय अनियमितता की न्यायिक जांच की मांग को लेकर झामुमो का प्रदर्शन



**पूर्वी सिंहभूम।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर से जुड़े कथित करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितता और चोरी के आरोपों की न्यायिक जांच की मांग को लेकर गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने जमशेदपुर में विरोध-प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने साकची से उपायुक्त कार्यालय तक रैली निकालकर पूरे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और न्यायिक जांच कराने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान धार्मिक प्रतीकों के माध्यम से अपनी बात लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया, जिसने राहगीरों का भी ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। रैली की सबसे खास बात भगवान श्रीराम, माता सीता और वानर सेना की झांकी रही। कलाकार पारंपरिक वेशभूषा में रामायण के पात्रों का रूप धारण कर चल रहे थे। विशेष रूप से वानर सेना का रूप धरे कलाकार बंदरों की तरह उछल-कूद और विभिन्न भाव-भंगिमाओं का प्रदर्शन कर रहे थे, जिससे सड़क किनारे बड़ी संख्या में लोग रुककर इस प्रदर्शन को देखने लगे। पूरे मार्ग में यह झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही और लोगों ने अपने मोबाइल फोन से इसकी तस्वीरें और वीडियो भी रिकॉर्ड किए। प्रदर्शन का नेतृत्व झामुमो नेता बबन राय ने किया। इस दौरान पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर नारेबाजी की तथा आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यदि किसी भी धार्मिक संस्था से जुड़े वित्तीय मामलों में भ्रष्टाचार, गड़बड़ी या धन के दुरुपयोग के आरोप सामने आते हैं तो उनकी निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है, ताकि सच्चाई जनता के सामने आ सके और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित हो। रैली उपायुक्त कार्यालय पहुंचने के बाद झामुमो के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अयोध्या के श्री राम मंदिर से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं और करोड़ों रुपये की चोरी के आरोपों की न्यायिक जांच कराने की मांग की गई। साथ ही पूरे मामले की उच्चस्तरीय, स्वतंत्र और पारदर्शी जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया गया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में झामुमो के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

### भूमि संबंधी जांच के लिए एसआईटी गठित

**खूंटी।** खूंटी के उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी ने कर्रा अंचल में भूमि संबंधी बढ़ते मामलों के मद्देनजर एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। यह निर्णय नामांतरण, बंदोबस्ती, सीमांकन एवं अन्य भूमि विवादों से जुड़े आवेदनों के समयबद्ध, पारदर्शी और निष्पक्ष निष्पादन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। उपायुक्त की ओर से आठ जुलाई को जारी आदेश के अनुसार जांच दल में अपर समाहर्ता सुषमा लकड़ा, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद राम, अंचल कार्यालय के लिपिक करमा नाग तथा भू-अर्जन कार्यालय के राजस्व उप निरीक्षक सुदीप तिग्गा को सदस्य बनाया गया है। उपायुक्त ने जांच दल को निर्देश दिया है कि कर्रा अंचल में लंबित एवं वर्तमान में प्राप्त सभी भूमि संबंधी आवेदनों की गहन समीक्षा करें। साथ ही आवश्यकतानुसार स्थानीय ग्रामीणों से समन्वय स्थापित कर विधि-व्यवस्था से जुड़े पहलुओं की भी जांच करें। जांच दल को एक सप्ताह के भीतर अपना स्पष्ट प्रतिवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। आदेश में कर्रा के अंचल अधिकारी तथा कर्रा/जरियागढ़ थाना प्रभारी को भी निर्देशित किया गया है कि वे जांच दल को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएं, ताकि भूमि संबंधी मामलों का निष्पक्ष एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

# रांची विश्वविद्यालय का 67 वां स्थापना दिवस समारोह 10 जुलाई से

**एजेंसी। रांची**




रांची विश्वविद्यालय इस वर्ष अपनी स्थापना के 67 गौरवशाली वर्ष पूरा कर रहा है। वर्ष 1960 में स्थापित यह संस्थान कुलपति प्रो सरोज शर्मा के नेतृत्व में अपने इस स्थापना दिवस को तीन दिवसीय 10 से 12 जुलाई 2026 तक भव्य आयोजन के रूप में मनाएगा। यह जानकारी रांची विश्वविद्यालय की पीआरओ डॉक्टर स्मृति सिंह ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में झारखंड की समृद्ध कला, संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों की झलक देखने को मिलेगी। इसे लेकर विश्वविद्यालय ने समुचित रूपरेखा तैयार कर ली है।

**10 जुलाई : उद्घाटन समारोह शुरू-** 10 जुलाई को आर्यभट्ट सभागार में स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया जायेगा। विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा को खूबसूरत कोरियोग्राफी "मैं हूं रांची विश्वविद्यालय" के माध्यम से प्रस्तुत किया जायेगा। इस दिन पुस्तक विमोचन और रांची विश्वविद्यालय के संस्कार एवं परंपरा पर कुलपति का उद्बोधन भी होगा।

**11 जुलाई : कला दिवस-** 11 जुलाई को कला दिवस के रूप में मनाया जायेगा, जिसमें मुख्य अतिथियों की ओर से विमर्श और सोहराई कला पर चर्चा की जायेगी। साथ ही, विश्वविद्यालय के मुख्य प्रशासनिक भवन की चारदीवारी पर परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट के छात्रों और शिक्षकों की ओर से सोहराई पेंटिंग बनायी जायेगी।

**12 जुलाई : समापन समारोह-** 12 जुलाई को मुख्य अतिथियों के भाषण, पर्यावरण संरक्षण पर संदेश और एनएसएस विंग की ओर से प्रशासनिक परिसर में पौधारोपण एवं सम्मान समारोह के साथ तीनदिवसीय आयोजन का समापन होगा।

## माध्यमिक आचार्य भर्ती : हाई कोर्ट ने 3 पद सुरक्षित रखने का दिया अंतरिम आदेश




**एजेंसी। रांची**

झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की एकलपीठ ने गुरूवार को माध्यमिक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित एक मामले में विशेष शिक्षा विषय के 03 पद याचिकाकर्ताओं के लिए सुरक्षित रखने का अंतरिम आदेश पारित किया है। इससे पहले याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता शुभम मिश्रा ने कोर्ट को उत्तर कुंजी में कथित त्रुटियों और अभ्यर्थियों की ओर से दायर आपत्तियों की अनदेखी के संबंध में बताया, जिसे अदालत ने गंभीरता से लिया। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से अधिवक्ता संजय पीपलवाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने पक्ष रखा। इस मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से यह बात उठाई गई कि परीक्षा में लगभग 120 ऐसे प्रश्न थे, जिनके उत्तर याचिकाकर्ताओं द्वारा सही अंकित किए गए थे, लेकिन जेएसएससी की ओर से जारी उत्तर कुंजी में उन्हें गलत मान लिया गया। याचिकाकर्ताओं ने समय रहते उक्त प्रश्नों के संबंध में विधिवत आपत्तियां भी दर्ज कराई थीं, लेकिन आरोप है कि आयोग ने उन आपत्तियों पर समुचित विचार किए बिना ही अंतिम उत्तर कुंजी प्रकाशित कर दी, जिससे अभ्यर्थियों के परिणाम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। इस मामले में अदालत ने अंतरिम राहत प्रदान करते हुए विशेष शिक्षा विषय के तीन पद सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है।

## चोरों ने दो बिल्डरों के घरों को बनाया निशाना, एके-47 से गोली चलने पर बॉडीगार्ड घायल

**एजेंसी। रांची**



रांची के पॉश इलाके अशोक नगर में चोरों ने दो बड़े बिल्डरों के घरों को निशाना बनाया। एक तरफ एनके कंस्ट्रक्शन के मालिक निशित केसरी के घर में चोरी की कोशिश नाकाम रही, लेकिन इस दौरान बॉडीगार्ड की एके-47 से गोली चलने से वह घायल हो गया। वहीं, दूसरी घटना में बिल्डर अखिलेश पांडे के आवास में नकाबपोश चोरों ने पाइप के सहारे घुसकर लाखों रुपये के आभूषण चोरी कर लिए और फरार हो गए। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चोरों ने अपना चेहरा कपड़े से ढक रखा था, जिससे उनकी पहचान नहीं हो पाई है। हालांकि पूरी वारदात घर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि केसरी बिल्डर के आवास में बुधवार रात करीब 2 बजे चोरों ने घुसने की कोशिश की थी। इस दौरान घर में मौजूद एक बॉडीगार्ड अपनी एके-47 राइफल लेकर चेक करने के लिए बाहर निकला। इसी दौरान गेट के पास बॉडीगार्ड के राइफल से गोली चल गई, जिससे वह घायल हो गया। सीसीटीवी फुटेज में भी बॉडीगार्ड के एके-47 से ही गोली चलते दिख रही है। घायल बॉडीगार्ड को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस के अनुसार बिल्डर अखिलेश पांडे के अशोक नगर स्थित आवास में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। नकाबपोश चोर घर में पाइप के सहारे दाखिल हुए और घर में रखी कीमती ज्वेलरी पर हाथ साफ कर गए। चोरी के बाद आरोपित पाइप के रास्ते से ही फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जमशेदपुर और कलिंगानगर संयंत्रों के दम पर टाटा स्टील की पहली तिमाही में उत्पादन 11 प्रतिशत बढ़ा


**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**




टाटा स्टील ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के अस्थायी उत्पादन और डिलीवरी के आंकड़े जारी करते हुए मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है। गुरुवार को कंपनी की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि इस अवधि में भारत में उसका क्रूड स्टील उत्पादन 5.82 मिलियन टन रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। वहीं कुल डिलीवरी 5.17 मिलियन टन रही। कंपनी के अनुसार यह वृद्धि मुख्य रूप से जमशेदपुर और कलिंगानगर संयंत्रों में उत्पादन क्षमता के बेहतर उपयोग तथा घरेलू बाजार में मजबूत मांग के कारण संभव हुई। टाटा स्टील ने कहा कि घरेलू डिलीवरी में भी 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ऑटोमोटिव एवं स्पेशल प्रोडक्ट्स कारोबार ने लगभग 0.9 मिलियन टन की बिक्री के साथ पहली तिमाही का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कलिंगानगर की कंटीन्यूअस एनीलिंग और गैल्वेनाइजिंग लाइनों के विस्तार से हाई-एंड स्टील उत्पादों की बिक्री में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। ब्रांडेड प्रोडक्ट्स एवं रिटेल कारोबार ने भी लगभग 1.7 मिलियन टन की बिक्री के साथ नया रिकॉर्ड बनाया। कंपनी के प्रमुख ब्रांड टाटा टिस्कॉन की बिक्री में 33 प्रतिशत और टाटा स्टीलियम की बिक्री में 41 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स एवं प्रोजेक्ट्स कारोबार ने लगभग 1.6 मिलियन टन की बिक्री की। कंपनी ने जहाज निर्माण, कंटेनर और डेटा सेंटर जैसे नए क्षेत्रों में भी अपनी मौजूदगी मजबूत करने की बात कही। कंपनी के ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म टाटा स्टील आशियाना और डिजीईसीए का सकल व्यापार मूल्य पहली तिमाही में 2,200 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 61 प्रतिशत अधिक है। यूरोप में टाटा स्टील नीदरलैंड्स का उत्पादन 1.55 मिलियन टन रहा, जबकि यूके ने 0.48 मिलियन टन की डिलीवरी की। कंपनी की ओर से बताया गया कि वह क्षमता विस्तार, डिजिटल तकनीक और हरित इस्पात निर्माण पर लगातार निवेश कर रही है तथा वर्ष 2045 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है।

## कबाड़ में तब्दील हो रहा तीन करोड़ से बना विद्युत शवदाह गृह

**एजेंसी। खूंटी**



सरकारी योजनाओं में करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी उनका उपयोग न हो, तो यह किसी नई बात नहीं रह गई है। खूंटी में लगभग तीन वर्ष पहले करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक विद्युत शवदाह गृह इसका ताजा उदाहरण है। विडंबना यह है कि जिस भवन का उद्देश्य लोगों के अंतिम संस्कार की आधुनिक और सम्मानजनक व्यवस्था करना था, वह स्वयं उपेक्षा का शिकार होकर धीरे-धीरे कबाड़ में तब्दील होता जा रहा है। निर्माण पूरा होने के वर्षों बाद भी यह शवदाह गृह का आज तक उद्घाटन नहीं हो सका। परिणामस्वरूप इसके भीतर लगाए गए महंगे और अत्याधुनिक उपकरण धूल, जंग और रख रखाव के अभाव में खराब हो रहे हैं। करोड़ों रुपये की लागत से लगाए गए क्रेमेटर क्रिमेशन फर्नेस, डबल चैम्बर, हीटिंग कॉइल, बॉडी चार्जिंग ट्रॉली सहित अन्य मशीनें अब अपनी उपयोगिता साबित करने के बजाय सरकारी लापरवाही की मूक गवाही दे रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह परियोजना शुरू से ही योजनाओं और फाइलों में ज्यादा चली, जमीन पर कम। ऐसा लगता है कि मशीनों को चलाने से पहले ही उन्हें विश्राम पर भेज दिया गया। जिस भवन में आधुनिक तकनीक से अंतिम संस्कार होना था, वे उपकरण समय से पहले ही अपनी अंतिम सांसें गिनते नजर आ रहे हैं। इस संबंध में खूंटी नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी सृष्टि दीप्रिया मिंज ने बताया कि विद्युत शवदाह गृह का निर्माण झारखंड अर्बन डेवलपमेंट कंपनी (जुडको) की ओर से कराया गया था। इसके संचालन और तकनीकी स्थिति के संबंध में जुडको ही बेहतर जानकारी दे सकता है।



### न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

भूमि बिक्री अनुमति वाद संख्या–56/2026

**आम इस्तेहार**

आवेदक गौरी शंकर मांझी उर्फ कईल मांझी पिता–स्व0 महंगु मांझी, ग्राम+थाना–मनिका, जिला–लातेहार द्वारा हिरा राम, पिता–स्व0 शिव राम, ग्राम–पल्हेया, थाना–मनिका, जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री के लिए अनुमति हेतु छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा– 46(1–बी) के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| मनिका | 64 | 2383/2546 | 6 डि0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
विधि शाखा, लातेहार

PR 384585 District(26-27)#D

### समाहरणालय, लातेहार (आपूर्ति शाखा)

**आदेश**

उपायुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में आयोजित दिनांक–24.06.2026 को सम्पन्न जिला समन्वय समिति की बैठक में अधोहस्ताक्षरी को निदेशित किया गया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत आच्छादित राशन कार्डधारियों/सदस्यों को शत् प्रतिशत e-KYC किया जाना है परन्तु समीक्षा के उपरांत 79.58% e-KYC पाया गया। उपायुक्त महोदय के द्वारा वैसे सुयोग्य लाभुक जिनका अब तक e-KYC नही हो पाया है उन्हे शत् प्रतिशत e-KYC कराना सुनिश्चित करेंगे एवं साथ ही साथ आयुष्मान कार्ड निर्गत किया जाना है।

आयुष्मान कार्ड निर्गत करने हेतु CSC Manager, लातेहार के द्वारा सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों में एक–एक प्रज्ञा केन्द्र संचालन/VLE के साथ सम्बद्ध किया गया है। (सूची संलग्न)

अतः सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता, लातेहार जिला को आदेश दिया जाता है कि माह जून 2026 के खाद्यान्न वितरण के साथ ही साथ सभी छूटे हुए कार्डधारी/सदस्यों का शत् प्रतिशत e-KYC एवं सम्बद्ध प्रज्ञा केन्द्र संचालन/VLE से समन्वय स्थापित करते हुए आयुष्मान कार्ड निर्गत कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुलग्नक–यथोक्त।**

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
लातेहार

PR 384529 (Food Public Distribution and Consumer Affairs)26-27*D

### न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

अनुमति वाद संख्या– 44/2026

**आम इस्तेहार**

आवेदक बंधू उरांव पिता–स्व0 विरजा उरांव, निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स हिण्डाल्को इण्डस्ट्री लि0, 21वीं मंजिल प्रथम अंतराष्ट्रीय केन्द्र टॉवर–4, प्रभादेवी, प्रभादेवी रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापत मार्ग, मुम्बई–400013 वर्तमान पता–ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़) |
|---|---|---|---|
| चकला | 159 | 1621 | 1.53 |
| | | 1631 | 1.70 |
| | | 1632 | 0.44 |
| | | 1712 | 1.17 |
| | | 1721 | 0.04 |
| | | 1727 | 0.02 |
| | | 1736 | 0.07 |
| | | 1740 | 0.66 |
| | | 1764 | 0.91 |
| | | 1766 | 0.33 |
| | | 1771 | 1.36 |
| | | 1784 | 0.80 |
| | | 1785 | 1.00 |
| | | कुल रकबा– | 10.03 |

एतद् द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
विधि शाखा, लातेहार

PR 384579 District (26-27)_D

### कार्यालय:-असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा

(जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, गढ़वा)
सदर अस्पताल कैम्पस,कचहरी रोड,गढ़वा
फोन न0:- 06561-222050,222051 मेल आई0डी0 :- cs.garhwa@gmail.com

पत्रांक :–............................................/ दिनांक :–............................................/

**–: निजी अस्पताल/नर्सिंग होम आदि के निबंधन हेतु आवश्यक सूचना:–**

Clinical Establishment Act 2010 के तहत गढ़वा जिला अन्तर्गत संचालित सभी अस्पताल/क्लिनिक/नर्सिंग होम/आयुष क्लिनिक/पैथोलॉजी जॉच घर/एक्स–रे संस्थान आदि का पंजीकृत होना अनिवार्य है। अतएव गढ़वा जिला अन्तर्गत सभी अस्पताल/क्लिनिक/नर्सिंग होम/आयुष क्लिनिक/पैथोलॉजी जॉच घर/एक्स–रे/ अल्ट्रासाउण्ड जॉच घर संस्थान आदि के संचालक को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे Clinical Establishment Act 2010 के तहत अपने संस्थान के पंजीकरण हेतु दिनांक 27.07.2026 तक अनिवार्य रूप से अपना आवेदन ऑफलाईन सभी वांछित कागजात के साथ सिविल सर्जन कार्यालय, गढ़वा में समर्पित कर दें। दिनांक 29.07.2026 के पश्चात् बिना निबंधन के संचालित संस्थानों के खिलाफ Clinical Establishment Act 2010 के तहत् आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिसकी सारी जवाबदेही संबंधित संस्थान के संचालकों की होगी।

**नोट :–X-Ray, Dental X-Ray, CT Scan, MRI & USG के संचालकों को AERB द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण–पत्र देना अनिवार्य है।**

दण्ड प्रावधान

अपंजीकृत निजी संस्थान द्वारा चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराये जाने पर धारा 41(1) के तहत आर्थिक दण्ड निम्नवत् प्रावधान है–

**प्रथम बार– 50,000/ रू0 तक**
**द्वितीय बार– 2,00,000/ रू0 तक**
**उत्तरवर्ती बार– 5,00,000/ रू0 तक**

सभी अस्पताल/ क्लिनिक/ नर्सिंग होम/ आयुष क्लिनिक/ पैथोलॉजी जॉच घर/ एक्स–रे/ अल्ट्रासाउण्ड संस्थान आदि में पुछताछ केन्द्र पर चिकित्सक का नाम, उसकी योग्यता, मेडिकल कॉउसिंल रजिस्ट्रेशन एवं प्रदत्त सेवाओं के शुल्क आदि का विवरण हिन्दी एवं अंग्रेजी में प्रदर्शित करना अनिवार्य है।

**नोट :–सभी आम–जनता/मरीजों से अनुरोध है कि अपना ईलाज पंजीकृत संस्थानों से ही करायें।**

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 384483 Health Med Edu and Family Welfare(26-27).D

## संक्षिप्त समाचार

### बेंगलुरु में दर्दनाक हादसाः 6वें जन्मदिन से पहले स्कूल वैन ने बच्ची को कुचला

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के बाहरी इलाके दासनापुरा में बुधवार को एक बेहद दुखद हादसा सामने आया, जहां स्कूल के बाहर खड़ी एक 5 वर्षीय मासूम तनिषा की स्कूल वैन से कुचलकर मौत हो गई। सबसे भावुक बात यह है कि मासूम तनिषा का अगले शुक्रवार को ही छठा जन्मदिन था, लेकिन इससे पहले उसकी मौत पूरा परिवार सदमे में है। दरअसल, तनिषा अपनी मां के साथ 7 वर्षीय बड़ी बहन कनिका को स्कूल से लेने गई थी। इसी दौरान तनिषा अचानक चलती स्कूल वैन के सामने आ गई। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मृतक तनिषा किशोर और मधु की बेटी थी। घटना की जानकारी मिलते ही चिक्काबनवारा ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए नेलमंगला सरकारी अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और इसमें किसी की लापरवाही थी या नहीं।

### इंटरव्यू के बाद युवक ने 21वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में एक युवक ने बुधवार की शाम पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट सोसाइटी के स्टूडियो अपार्टमेंट की 21वीं मंजिल के कूदकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने इंटरव्यू में असफल होने पर जान देने की आशंका जाहिर की है। पुलिस युवक के परिजनों से संपर्क करने के प्रयास में जुटी है। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मूलरूप से देवरिया निवासी 23 साल का वेदांत शाही ने बुधवार की शाम सोसाइटी की हाईराइज बिल्डिंग में एक स्टूडियो अपार्टमेंट किराये पर लिया था। वह करीब 3 :39 बजे स्टूडियो अपार्टमेंट में पहुंचा और करीब 3 :50 बजे नीचे कूद गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक आधार कार्ड से युवक की पहचान हुई। युवक का मोबाइल भी बरामद हुआ है, लेकिन उसका पैटर्न लॉक लगा हुआ है। पुलिस का कहना है कि युवक के मोबाइल का




पैटर्न लॉक लगा होने की वजह से परिजनों या किसी परिचित का नंबर नहीं मिल पा रहा है। पुलिस परिजनों से संपर्क करने के प्रयास में जुटी है। परिजनों से संपर्क होने पर घटना के बारे में जानकारी दी जाएगी। परिजनों के ग्रेटर नोएडा पहुंचने पर घटना के बारे में पता चल सकेगा। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि युवक यहां किसी कंपनी में इंटरव्यू देने के लिए आया था। आशंका है कि इंटरव्यू में असफल होने पर युवक ने यह कदम उठाया। हालांकि, अभी आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है। परिजनों के आने पर घटना के बारे में पता चल सकेगा। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। नहर में छलांग लगाने वाले युवक का शव तीन दिन बाद घटनास्थल से करीब पचास किलोमीटर दूर मिला। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम उसे तलाशने करने में जुटी थीं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सिकंदराबाद के गांव प्राणगढ़ निवासी 33 साल का विजय सोमवार को बाइक पर सवार होकर अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ अपनी ससुराल जेवर के कानपुर गांव आया था।

## जबलपुर रेल मंडल में चिकित्सा क्षतिपूर्ति के नाम पर फर्जीवाड़ा, 10 कर्मचारी निलंबित

**जबलपुर, एजेंसी।** चिकित्सा क्षतिपूर्ति फर्जीवाड़े में जबलपुर रेल मंडल के सात और कर्मचारी निलंबित किए गए हैं। इस मामले में अब तक कुल 10 कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा चुकी है। विभाग ने रिकवरी की कार्रवाई भी शुरू कर दी है। दावा राशि से अधिक भुगतान का यह खेल आपसी साठगांठ से चल रहा भत्ता था। हाल ही में जिन सात कर्मियों को निलंबित किया गया है, वह सभी टेक्नीशियन हैं और वर्तमान में भोपाल रेल मंडल के अंतर्गत पदस्थ हैं। चिकित्सा क्षतिपूर्ति में धांधली का पर्दाफाश न्यू कटनी जंक्शन में पदस्थ कर्मचारी की शिकायत से हुआ। उसके वेतन खाते में अचानक लगभग पांच लाख रुपये आ गए थे। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी वरुण कुमार चतुर्वेदी ने न्यू कटनी जंक्शन के इलेक्ट्रानिक लोको शेड में पदस्थ कुछ अन्य कर्मियों के वेतन–भत्ता रिकार्ड खंगाला तो पता चला कि ऐसे अनियमित भुगतान कुछ अन्य कर्मियों को किए गए हैं। विनोद कुमार तिवारी, सुरेखा कौरव, अमित कच्ची, बृजेश कुमार पासी। इन पर पहले हो चुकी है कार्रवाईलेखा विभाग के वरिष्ठ लेखा सहायक रामेश्वर अग्रवाल, कार्मिक विभाग के कार्यालय अधीक्षक मयंक श्रीवास्तव व अतुल कुमार जोहरे।

# लखनऊ के सिविल अस्पताल में मिलेंगी सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं, 15 जुलाई से शुरू होगी विशेषज्ञ ओपीडी

**लखनऊ, एजेंसी।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में मरीजों को अब सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। प्रदेश सरकार की पहल पर डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के सहयोग से अस्पताल में सप्ताह में तीन दिन न्यूरोलाजी, कार्डियोलाजी और नेफ्रोलाजी विभागों की विशेषज्ञ ओपीडी संचालित की जाएगी।

इससे राजधानी ही नहीं, आसपास के जिलों से आने वाले हजारों मरीजों को केजीएमयू, पीजीआइ या लोहिया जैसे बड़े चिकित्सा संस्थानों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। सिविल अस्पताल में सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी शुरू होने के बाद न्यूरो, हृदय और किडनी से संबंधित गंभीर बीमारियों के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श, जांच और उपचार की सुविधा एक ही स्थान पर मिल सकेगी। अभी तक इन बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को लोहिया संस्थान, केजीएमयू या एसजीपीजीआइ रेफर किया जाता है, लेकिन इन संस्थानों में पहले से बहुत भीड़ है। नई व्यवस्था से इस दबाव को कम करने में भी मदद मिलेगी। सिविल अस्पताल में सफल होने पर सरकार से अन्य अस्पतालों में भी शुरू कर सकती है।

**15 जुलाई से शुरू होगी नई व्यवस्था:** स्वास्थ्य



महानिदेशक डॉ. पवन कुमार के मुताबिक, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की सलाह पर हमने लोहिया संस्थान प्रशासन को प्रस्ताव भेजा, जिस पर सहमति मिल गई है। नई व्यवस्था की शुरुआत 15 जुलाई से होगी, जिसके तहत लोहिया के कार्डियोलाजी, न्यूरोलाजी और नेफ्रोलाजी के डॉक्टर सप्ताह में एक-एक दिन ओपीडी करेंगे। इसके लिए लोहिया संस्थान से सिविल अस्पताल तक डॉक्टरों को लाने और छोड़ने की जिम्मेदारी हमारी होगी। चिकित्सकीय परामर्श के साथ आवश्यक जांचों की भी सुविधा बढ़ाई जाएगी। जिन मरीजों को उपचार, विशेष जांच या भर्ती की आवश्यकता होगी, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर लोहिया रेफर किया जाएगा, ताकि उनका इलाज बिना अनावश्यक देरी के शुरू हो सके। निश्चित तौर पर इस पहल से जरूरतमंद मरीजों को सीधे लाभ मिलेगा, जो हायर सेंटर में घंटों धक्के खाते हैं।

सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं शुरू करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं और समन्वय का कार्य पूरा किया जा रहा है।

### बढ़ेगी रार या सुलझेगा विवाद?

# पंजाब कांग्रेस के नेताओं के साथ भूपेश बघेल की बड़ी बैठक, चन्नी के फैसले पर सबकी निगाहें

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब कांग्रेस में संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर जारी असंतोष के बीच अब सबकी नजर पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के अगले कदम पर टिकी है। पार्टी के भीतर चल रही खींचतान को खत्म करने के लिए पंजाब कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल लगातार चौथे दिन भी चंडीगढ़ में डटे हुए हैं।

शुक्रवार को एक ओर चन्नी अपने समर्थक विधायकों और नेताओं के साथ बैठक कर आगे की रणनीति तय करेंगे, वहीं दूसरी ओर बघेल यूथ कांग्रेस पदाधिकारियों और अन्य नेताओं के साथ चुनावी तैयारियों तथा संगठनात्मक समन्वय को लेकर बैठक करेंगे।

सूत्रों के अनुसार चन्नी खेमे की बैठक में इस बात पर मंथन



होगा कि आगे पार्टी नेतृत्व से बातचीत किस स्तर पर की जाए। चर्चा इस बात पर भी होगी कि चन्नी सीधे राहुल गांधी से मुलाकात का समय मांगेंगे या फिर चंडीगढ़ में ही भूपेश बघेल के साथ बातचीत कर गतिरोध समाप्त करने का प्रयास करेंगे। चन्नी समर्थक लगातार चुनाव समिति के गठन और संगठन में हुई नियुक्तियों को लेकर अपनी नाराजगी जता रहे हैं। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को एकजुट करना और आपसी मतभेदों को समाप्त करना बताया जा रहा है। साथ होने वाली बैठक में युवा कार्यकर्ताओं की भूमिका, चुनावी रणनीति और बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने पर भी चर्चा होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक भूपेश बघेल शुक्रवार को दिल्ली रवाना हो सकते हैं।

#### सूची में नहीं होगा फेरबदल

इस बीच कांग्रेस हाईकमान की ओर से चुनाव समिति की सूची में किसी भी प्रकार के फेरबदल की संभावना से साफ इनकार कर दिया गया है। भूपेश बघेल भी लगातार दोहरा चुके हैं कि सूची में कोई बदलाव नहीं होगा और अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ही पंजाब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे। गुरुवार सुबह भूपेश बघेल ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता तृप्ति राजिंदर सिंह बाजवा से भी मुलाकात की। इससे पहले तीन दिनों में वह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्षों, जिला अध्यक्षों, एआईसीसी सचिवों, हल्का प्रभारियों, प्रवक्ताओं और विभिन्न नेताओं के साथ लगातार बैठकें कर चुके हैं।

## अजमेर के किशनगढ़ में बारिश से घर गिरा, तीन लोग मलबे में दबे



**अजमेर, एजेंसी।** राजस्थान के अजमेर जिले में किशनगढ़ की आजाद नगर हरिजन बस्ती में देर रात भारी बारिश के कारण एक मकान ढह गया। घटना में एक परिवार के तीन सदस्य मलबे में दब गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया। मदनगंज पुलिस स्टेशन के एएसआई सत्येंद्र सिंह ने बताया कि रात करीब 2 बजे हमें सूचना मिली कि हरिजन बस्ती में एक घर गिर गया है। यह घर पहाड़ी इलाके में बना हुआ था। टीम मौके पर पहुंची तो मलबे के नीचे तीन लोग दबे हुए थे। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया और सरकारी वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़ित परिवार में राहुल, सपना (राहुल की पत्नी), उनका बेटा शामिल हैं। तीनों का फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने आगे बताया कि घटना की जांच की जा रही है और आगे की कार्रवाई उचित समझे जाने पर की जाएगी। प्रशासन ने मकान ढहने की घटना को बारिश से जुड़ी प्राकृतिक घटना बताया है। पिछले कुछ दिनों से बारिश हो रही है, जिससे निचले इलाकों और पुराने मकानों में पानी भरने तथा दीवारें गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

## हिमाचल में 2027 चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा, 20 से अधिक नाराज नेताओं की घर वापसी पर मंथन

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल भाजपा ने वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी अभी से शुरू कर दी है। इस रणनीति के तहत पार्टी की कोर कमेटी की बैठक में उन कारणों पर चर्चा हुई, जिनकी वजह से पिछले विधानसभा चुनाव में कई सीटों पर नुकसान उठाना पड़ा था। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि जिन नेताओं और कार्यकर्ताओं ने टिकट न मिलने पर विद्रोह कर पार्टी प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ा या संगठन से दूरी बना ली, उन्हें समय रहते फिर साथ जोड़ने की दिशा में काम किया जाए। सूत्रों के अनुसार बैठक में बताया कि पिछले चुनाव में करीब 20 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी को अपने ही नेताओं की नाराजगी का खामियाजा भुगतना पड़ा था। कई स्थानों पर असंतुष्ट उम्मीदवारों ने भाजपा प्रत्याशियों के वोट काटे, जिससे पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। ऐसे अनुभवों को देखते हुए संगठन ने इस बार पहले से ही समन्वय और संवाद



की रणनीति अपनाने का फैसला किया है। असंतुष्ट मना लिए तो राह आसान बैठक में यह भी माना गया कि यदि अंसतुष्ट नेताओं और कार्यकर्ताओं को समय रहते साथ जोड़ लिया जाए तो विधानसभा चुनाव में भाजपा अधिक मजबूती के साथ मैदान में उतर सकती है। पार्टी का मानना है कि संगठन की एकजुटता ही चुनावी सफलता की सबसे बड़ी कुंजी होगी। सूत्र बताते हैं कि बैठक में पूर्व विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के राजनीतिक भविष्य पर भी चर्चा हुई। मंडी से प्रवीण शर्मा, किन्नौर से तेजवंत सिंह नेगी, कुल्लू से राम सिंह और कांगड़ा से कृपाल परमार सहित कई नेताओं के नामों पर मंथन किया गया। इन नेताओं से संवाद स्थापित कर उन्हें संगठन में सक्रिय भूमिका देने की संभावनाओं पर विचार किया गया। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि अनुभवी नेताओं का संगठन में सक्रिय रहना चुनावी दृष्टि से लाभकारी होगा। कोर कमेटी में संगठन विस्तार, बूथ स्तर को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण, जनसंपर्क अभियान और सरकार की नीतियों को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई।

# झमाझम हो रही बारिश, मुंबई के लिए अगले 48 घंटे भारी; आईएमडी ने 23 राज्यों में जारी किया अलर्ट

**लखनऊ, मुंबई, एजेंसी।** उत्तर भारत के सभी राज्यों में मानसून जमकर बरस रहा है। एएनआई के अनुसार, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को देश के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश की संभावना जताई है। दिल्ली और यूपी के कई जिलों में रात से बारिश हो रही है। मुंबई में बारिश ने जमकर कहर बरपाया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून सक्रिय बना हुआ है और उत्तर-पश्चिम, मध्य, पश्चिमी तट तथा पूर्वोत्तर भारत में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है।

आईएमडी ने बंगाल के उप-हिमालयी क्षेत्र, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, कर्नाटक तट, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

दिल्ली, हरियाणा, बिहार, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और केरल में भी तेज बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक भारी बारिश, गरज-चमक और 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की चेतावनी दी है।

महाराष्ट्र में रेल और सड़क यातायात प्रभावित महाराष्ट्र में लगातार बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ गया है और कई स्थानों पर जलभराव तथा भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। नासिक में गोदावरी नदी उफान पर है।

मुंबई में भारी बारिश के कारण लोकल ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं और कई इलाकों में पानी भर गया। पालघर के वसई-विरार क्षेत्र में जलभराव के कारण गुजरात की ओर जाने वाली लंबी दूरी की ट्रेनें भी प्रभावित हुईं। आईएएनएस के अनुसार, एक जून को मानसून सीजन शुरू होने के बाद से राज्य में 62 लोगों की मौत हुई है और 200 जानवरों की जान गई है। पालघर में एक गांव में स्थानीय लोगों ने घर के दरवाजे को स्ट्रेचर बनाकर गहरे पानी से गुजरते हुए गर्भवती महिला को अस्पताल पहुंचाया। पिछले 24 घंटे कहां-कहां बिगड़ा मौसम? कोंकण, मध्य महाराष्ट्र और



दक्षिण कर्नाटक में अत्यंत भारी बारिश देखने को मिली। यहां बारिश 21 सेंटीमाटर या इससे भी ज्यादा हुई। इन सभी जगहों पर तेज बारिश के साथ ही आंधी-तूफान और बिजली का प्रभाव भी देखने को मिला।

मराठवाड़ा, सौराष्ट्र और कच्छ, मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, कर्नाटक के तटीय क्षेत्रों में, बिहार, मेघालय और त्रिपुरा में बीते 24 घंटों में बहुत भारी बारिश हुई है। यहां के इलाकों में 12 से 20 सेंटीमीटर तक बारिश रिकॉर्ड की गई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे, उत्तर आंतरिक कर्नाटक, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 7 से 11 सेंटीमीटर तक भारी बारिश हुई है। एक तरफ जहां लोग पहले गर्मी से परेशान थे, लेकिन बारिश होने के बाद गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन जगह-जगह जलभराव ने लोगों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। बारिश के बाद सड़कों पर जलभराव से गड्ढों में लोगों के गिरने की खबर भी आई है। वहीं कहीं सड़कें टूट गई हैं तो कहीं लोग जाम से परेशान हैं। बारिश के चलते लोगों को घंटों तक ट्रैफिक में खड़े होना पड़ा है।

# नितिन गडकरी ने कोटा में घोषित किए 16,000 करोड़ के नए प्रोजेक्ट्स, एक्सप्रेसवे और फोरलेन हाईवे बनेंगे

**कोटा, एजेंसी।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी कोटा दौरे पर पहुंचे. वे दिल्ली से सड़क मार्ग से एक्सप्रेसवे का निरीक्षण करते हुए यहां आए. इस मौके पर उनके साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी मौजूद रहे. गडकरी ने कोटा के गोपालपुरा के पास आम सभा को संबोधित किया. इस दौरान प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी व बेगू विधायक सुरेश धाकड़ सहित कई लोग मौजूद रहे. यहां गडकरी ने करीब 16,000 करोड़ रुपये की लागत वाले नए हाईवे प्रोजेक्ट्स की घोषणा की. इनमें तीन प्रमुख परियोजनाएं शामिल हैं.

पहली परियोजना के तहत कोटा शहर को एक्सप्रेसवे से सीधे जोड़ने के लिए बालापुरा इंटरचेंज तक नई सड़क का निर्माण होगा. दूसरी परियोजना में मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के चेचट इंटरचेंज के पास से नेशनल हाईवे 52 को जोड़ने के लिए 10 किलोमीटर लंबी सड़क बनाई जाएगी. तीसरी बड़ी घोषणा चंबल एक्सप्रेसवे की रही, जिसे अब अटल एक्सप्रेसवे नाम दिया गया है. नितिन गडकरी ने बताया कि यह एक्सप्रेसवे चंबल नदी के किनारे-किनारे कोटा से उत्तर प्रदेश के इटावा तक जाएगा. रास्ते में



ग्वालियर भी आएगा, जो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मभूमि है. हालांकि, यह परियोजना पहले से प्रस्तावित थी, लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से निर्माण शुरू नहीं हो सका था.

**हेलीकॉप्टर से गुजरते हुए बनी दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे की कल्पनाः** गडकरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक बार हेलीकॉप्टर से कोटा के ऊपर से गुजरते समय उन्होंने देखा कि कोटा से दिल्ली का सीधा रास्ता बनाया जा सकता है. लोगों को घूमकर जाना पड़ता था, इसलिए दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे की परिकल्पना की गई. अब इस एक्सप्रेसवे से मात्र 12 घंटे में दिल्ली से मुंबई के नरीमन पॉइंट तक पहुंचा जा सकेगा. उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा बताई गई मांगों को पूरा करने का भरोसा जताया. समय की कमी के बावजूद कार्यकर्ताओं की सभा में पहुंचने पर जोर देते हुए कहा कि जितनी मांगे रखी गई हैं, उन्हें घोषित कर रहा हूं.

**आर्थिक समृद्धि और उद्योगों का विकास होगाः** नितिन गडकरी ने कहा कि एक्सप्रेसवे जिन इलाकों से गुजर रहा है, वहां ज्यादातर ट्राइबल क्षेत्र हैं. ये सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े हुए हैं. एक्सप्रेसवे बन जाने से यहां इंडस्ट्री, नई कंपनियां, लॉजिस्टिक पार्क, एजुकेशन संस्थान और मेडिकल कॉलेज स्थापित होंगे. किसानों के उत्पादों पर आधारित उद्योग विकसित होंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का उद्देश्य इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना है. 2014 में सरकार बनने के बाद वॉटर, पावर, ट्रांसपोर्ट और कम्युनिकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया गया, जिससे रोजगार बढ़ेगा और गरीबी घटेगी. नेशनल हाईवे 52 को कमलपुरा के पास मुकुंदरा बाउंड्री के सहारे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के चेचट इंटरचेंज से जोड़ने के लिए 10 किलोमीटर सड़क का काम 551 करोड़ रुपये की लागत से होगा. तीन महीने के अंदर निर्माण शुरू.

कोटा शहर के एयरपोर्ट से बालापुरा इंटरचेंज तक 21 किलोमीटर सीधी सड़क 1000 करोड़ रुपये से बनेगी.

चंबल एक्सप्रेसवे (अब अटल एक्सप्रेसवे) कोटा से इटावा तक 15,000 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा. डीपीआर तैयार हो रही है. पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और बारां-झालावाड़ सांसद दुष्यंत सिंह की मांग पर भवानीमंडी को एक्सप्रेसवे से जोड़ने का काम भी जल्द शुरू होगा. डीपीआर बन रही है. **हाईवे समृद्धि का प्रतीक-ओम बिरलाः** कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि नितिन गडकरी ने सड़कों का एक ऐसा नेटवर्क बनाया गया है जिससे भारत की खुशहाली, समृद्धि और तरक्की आगे बढ़ी है. इनोवेशन व नई सोच के माध्यम से सड़कों का विकास किया है. दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे आने वाले दिनों में लोगों की लाइफ लाइन होगी.

## जोधपुर में आईएसआइ हैंडलर के घर एनआईए ने छापा मारा, बैंक के दस्तावेज और बुलेट जब्त

**जयपुर, एजेंसी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) आंध्रप्रदेश की टीम ने बुधवार को राजस्थान के जोधपुर में




पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ के हैंडलर जीशान (19) के घर पर छापेमारी की है। एनआईए की टीम सुबह दस बजे जोधपुर के नई सड़क क्षेत्र में स्थित जीशान के घर पहुंची और दोपहर दो बजे तक वहां छानबीन करने के साथ ही परिवार के सदस्यों से पूछताछ की है। अधिकारियों ने जीशान के बैंक खातों, उसके खर्च, मोबाइल और निरंतर रूप से संबंध रखने वालों के बारे में जांच पड़ताल की है। साथ ही दस्तावेज भी जब्त किए हैं। जीशान की बुलेट बाइक भी जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार, जीशान इंटरनेट मीडिया के माध्यम से युवाओं का ब्रेनवॉश कर आइएसआइ के लिए काम करने के लिए तैयार करता था। जीशान को 24 मार्च को आंध्रप्रदेश एटीएस और राजस्थान पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया था। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर बुधवार को छापेमारी की गई।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों से टोल वसूलने पर अड़ा ईरान, टकराव की आशंका

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव के बीच होर्मुज स्ट्रेट को लेकर नया विवाद सामने आया है। ईरान जहाजों से शुल्क वसूलने की योजना बना रहा है, जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। यह मार्ग दुनिया के 25 प्रतिशत तेल और बड़ी मात्रा में गैस का प्रमुख रास्ता है।एक-दूसरे के खिलाफ तल्ख बयानबाजी के बावजूद अमेरिका और ईरान स्थायी शांति के लिए एक समझौते पर पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। इस प्रयास में फिलहाल सबसे बड़ी अड़चन दिख रहा है होर्मुज स्ट्रेट पर तेहरान का दावा। ईरान का कहना कि वह इस समुद्री रास्ते से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क वसूलेगा, गतिरोध को बढ़ाने वाला है। यह अंतरराष्ट्रीय नियमों के खिलाफ तो है ही, इसे दुनिया में चिंता भी बढ़ेगी। चीन में ईरान के राजदूत अब्दोलरेजा रहमानी फजली ने कहा है कि होर्मुज से गुजरने के लिए जहाजों से फीस वसूली जाएगी। हालांकि चीन और दूसरे मित्र देशों को विशेष रियायत दी जा सकती है। फजली का बयान होर्मुज पर ईरान के रुख को दर्शाता है। टकराव के दौरान उसने इस रास्ते का इस्तेमाल अमेरिका व उसके सहयोगी देशों पर दबाव बढ़ाने के लिए किया था। अब वह चाहता है कि होर्मुज पर उसका नियंत्रण बना रहे। अमेरिका के साथ मौजूदा बातचीत शुरू करते समय भी उसने यही कहा था कि 60 दिनों तक कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच मौजूदा संघर्ष शुरू होने के पहले तक होर्मुज से मुक्त व्यापार होता था। और यही ग्लोबल इकॉनमी के हित में भी है। इंटरनैशनल एनर्जी एजेंसी के मुताबिक, दुनिया में समुद्र से होने वाला तेल का करीब 25 प्रतिशत व्यापार इसी मार्ग से होता है और इसमें से 80 प्रतिशत एशिया जाता है। करीब 20 प्रतिशत एलएनजी इस रास्ते से होकर गुजरती है। कतर और यूएई की तो 90 प्रतिशत से ज्यादा गैस यहीं से ट्रांसपोर्ट होती है। किसी भी तरह की फीस लेने से मुक्त आवाजाही पर असर पड़ सकता है। इससे सप्लाई चेन बाधित होगी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसके दुष्प्रभाव दिख सकते हैं।होर्मुज का रास्ता व्यापार के साथ वैश्विक स्थिरता और शांति के लिए भी अहम है। कई देशों के हित यहां से जुड़े हैं। विकास के लिए निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति सबसे जरूरी शर्त है। ऐसे में अगर कोई देश होर्मुज पर नियंत्रण बढ़ाने की कोशिश करता है, तो इससे टकराव बढ़ने की आशंका रहेगी। समुद्री कानून का सबसे पुराना और व्यापक रूप से स्वीकार किया जाने वाला सिद्धांत है – फ्रीडम ऑफ नेविगेशन। सन 1609 में डच विधिवेत्ता ह्यूगो ग्रोटियस ने इसे प्रस्तुत किया था और आज के अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों की यही बुनियादी अवधारणा है।

### सशक्तिकरण के दावों के बीच महिलाओं के खिलाफ हिंसा की कड़वी हकीकत

ग्रामीण इलाकों में हर चौथी और शहरी क्षेत्र में हर छठी महिला किसी न किसी रूप में हिंसा का शिकार हो रही है।महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष कानून भी बनाए गए हैं। मगर, जमीनी हकीकत यह है कि महिलाएं खुद को कहीं भी सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रही हैं। देश में महिला सशक्तिकरण को लेकर अक्सर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। सरकार की ओर से इस दिशा में कई महत्वपूर्ण योजनाएं और अभियान शुरू किए गए हैं। सामाजिक, आर्थिक और विकासात्मक कार्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। महिलाओं को विधायिका में तैंतीस प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही जा रही है।यही नहीं, महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष कानून भी बनाए गए हैं। मगर, जमीनी हकीकत यह है कि महिलाएं खुद को कहीं भी सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रही हैं। घर हो या बाहर, हर जगह उन्हें हिंसा का भय सताता रहता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 की रिपोर्ट के आंकड़े इसकी तस्दीक करते हैं। इसके मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में हर चौथी और शहरी क्षेत्र में हर छठी महिला किसी न किसी रूप में हिंसा का शिकार हो रही है।यानी शहरों की तुलना में शांतिप्रिय माने जाने वाले गांवों में महिलाओं को घरेलू एवं यौन हिंसा का ज्यादा सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति तब है, जब ग्रामीण स्तर पर महिलाओं को सशक्त करने के लिए कागजों में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।देश में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा कई रूपों में सामने आती है। इनमें घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना और जादू-टोने जैसे अंधविश्वास के कारण मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न प्रमुख हैं। नए सर्वेक्षण में 18 से 49 वर्ष आयु वर्ग की विवाहित महिलाओं में से 22 प्रतिशत से अधिक ने माना कि उन्होंने अपने जीवन में कभी न कभी घरेलू हिंसा का सामना किया है।

*शादी में शामिल होने आए सगे-संबंधियों से मेल-मिलाप के लिए समय निकालना सामाजिक परिवेश से जोड़ता है। मगर आज के समय में 'रील' बनाने की व्यस्तता स्नेह-शुभकामनाएं देने पहुंचे लोगों की उपेक्षा का कारण बन रही है। यह समझना आवश्यक है कि विवाह समारोह में वरमाला हो या विदाई की रस्म, हर रिवाज के साथ बहुत से भावनात्मक और सांस्कृतिक पक्ष भी जुड़े होते हैं।*

## रील के जुनून में रिश्ते क्यों हो रहे हैं कमजोर, शादी-ब्याह तक पहुंचा सोशल मीडिया का असर

**(मोनिका शर्मा)**

पिछले दिनों हरियाणा के कैथल में एक घटना सामने आई। यहां दुल्हन जयमाला की रस्म के दौरान बहुत देर तक नृत्य करने और सोशल मीडिया के लिए 'रील' बनाने में व्यस्त रही। बार-बार बुलाने के बाद भी दुल्हन जब मंच पर नहीं पहुंची, तो दूल्हा बिना शादी किए बारात लेकर लौट गया।'रील' बनाने का जुनून अपनी ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्थलों पर मौजूद अन्य लोगों के लिए भी असुरक्षा और असहजता का कारण बन रहा है। आभासी दुनिया के अत्यधिक इस्तेमाल से लोग अब अपने वास्तविक सामाजिक और पारिवारिक जीवन से दूर होने लगे हैं। इससे जहां अकेलापन और संवादहीनता बढ़ती जा रही है, वहीं मौलिक सृजनात्मकता और भरोसे का संकट भी पैदा हो रहा है। यह केवल मानवीय मनोभावों के मोर्चे पर पिछड़ने का सवाल नहीं है, बल्कि स्क्रीन के संसार में उपस्थिति दर्ज करवाने की सनक संबंधों में दरार से लेकर हिंसक बर्ताव और आपराधिक घटनाओं तक, हर पहलू से घातक सिद्ध हो रही है। 'रील' बनाने का जुनून अपनी ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्थलों पर मौजूद अन्य लोगों के लिए भी असुरक्षा और असहजता का कारण बन रहा है। गांवों से लेकर महानगरों तक आभासी दुनिया के जाल में फंसे लोगों की सोच और मनोभाव किस दिशा में जा रहे हैं, इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। पिछले दिनों हरियाणा के कैथल में एक घटना सामने आई। यहां दुल्हन जयमाला की रस्म के दौरान बहुत देर तक नृत्य करने और सोशल मीडिया के लिए 'रील' बनाने में व्यस्त रही। बार-बार बुलाने के बाद भी दुल्हन जब मंच पर नहीं पहुंची, तो दूल्हा बिना शादी किए बारात लेकर लौट गया। देखने-सुनने में यह एक सहज घटना लगती है, पर वास्तव में यह सोशल मीडिया की लत की कड़वी हकीकत बताती है। हाल के वर्षों में ऐसी बहुत-सी घटनाएं आभासी मंच पर जीवन के हर पल को परोसने के जुनून में सामाजिक-पारिवारिक संस्कारों से बढ़ती दूरी को दर्शाती हैं। सूखती संवेदनाओं के साथ ही 'रील' बनाने के मामले यहां तक कि जीवन छिन जाने और मुकदमेबाजी का कारण भी बन रहे हैं। कुछ समय पहले उत्तर प्रदेश में 'रील' बनाने से नाराज पति को छोड़कर एक महिला मायके चली गई। इस मामले का एक पक्ष यह रहा कि पुलिस को दी गई शिकायत में महिला ने ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। जांच में पता चला कि मामला सोशल मीडिया पर जरूरत से ज्यादा सक्रिय रहने के कारण उपजे आपसी मतभेद से जुड़ा था। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि गिनती के पलों में कुछ विशेष परोसने के फेर में व्यक्तिगत जीवन में कुछ भी व्यक्तिगत नहीं रहा है। वैवाहिक आयोजन भी अब सोशल मीडिया में प्रचार का साधन बन गए हैं। ऐसे में बहुत से दूल्हा-दुल्हन आभासी दुनिया के लिए सामग्री तैयार करने में व्यस्त रहते हैं और वास्तविक जीवन से जुड़े सगे-संबंधियों को भी नजरअंदाज कर देते हैं। तकनीक के फेर में फंसकर शादी के लम्हों को सहेजने से जुड़े पारंपरिक रीति-रिवाजों की असली रौनक और महत्त्व कम होते जा रहे हैं। विवाह के वीडियो के जरिए सोशल मीडिया में छा जाने का जुनून ऐसा है कि इसके लिए बाकायदा पहले से तैयारी की जाती है। दूल्हा-दुल्हन ही नहीं, बल्कि करीबी रिश्तेदार और मित्र भी ऐसे वीडियो की पहुंच और प्रभाव बढ़ाने के लिए आभासी दुनिया में नए चलन को लेकर सजग रहने लगे हैं। इसके विपरीत पारंपरिक रीति-रिवाजों के तहत सार्थक संवाद के जरिए परिवारजनों से मिली छोटी-छोटी समझाइशें दिखावे से परे नए रिश्ते को मन से अपनाने की राह दिखाती हैं। शादी में शामिल होने आए सगे-संबंधियों से मेल-मिलाप के लिए समय निकालना सामाजिक परिवेश से जोड़ता है। मगर आज के समय में 'रील' बनाने की व्यस्तता स्नेह-शुभकामनाएं देने पहुंचे लोगों की उपेक्षा का कारण बन रही है। यह समझना आवश्यक है कि विवाह समारोह में वरमाला हो या विदाई की रस्म, हर रिवाज के साथ बहुत से भावनात्मक और सांस्कृतिक पक्ष भी जुड़े होते हैं। मनोवैज्ञानिक अध्ययन भी बताते हैं कि संवेदनाओं के धरातल पर पारंपरिक रीति-रिवाजों को निभाने से मन में सकारात्मक जुड़ाव की अनुभूति को बल मिलता है। इस सच्चाई को समझना जरूरी है कि सिर्फ चंद पलों को कैमरे में कैद कर लेने से उम्रभर के संबंध को मजबूती नहीं मिल पाती है। बिखरते वैवाहिक संबंधों के बढ़ते आंकड़े इस हकीकत को सामने रखते हैं। फिर भी जमीनी जुड़ाव और परंपरागत शैली में होने वाली भारतीय शादियों पर 'रील' की आभासी दुनिया हावी होती नजर आती है। शादी समारोह में सब कुछ सहेजकर संसार को दिखाने का जाने कैसा जुनून है कि कोने-कोने की सजावट, दूल्हा-दुल्हन की पोशाक, गहने, भोजन और मेहमानों तक को इसमें शामिल किया जाता है। यह चिंताजनक है कि इंटरनेट की असीमित दुनिया से जुड़े जोखिमों के बावजूद लोग अपनी व्यक्तिगत जानकारियां भी आभासी दुनिया में साझा करने से गुरेज नहीं करते। अर्थहीन दिखावे के इस बोझ के नीचे दबकर असली जीवन का प्रेमपगा साथ गुम होता जा रहा है। 'स्क्रीन' में सब कुछ सहेजने के चलन में इंसानी मन ने कुछ सहेजना ही बंद कर दिया है। इसलिए वैवाहिक जीवन के द्वार पर दस्तक देते हुए 'रील' को आकर्षक और कलात्मक बनाने के बजाय भावी जीवन को सुंदर एवं स्नेहमयी बनाने की सोच जरूरी है। तकनीक से घिरते जीवन में यह आवश्यक हो गया है कि मधुर स्मृतियों का लेखा-जोखा आभासी मंच पर नहीं, बल्कि वास्तविक जीवन में मन के संदूक में संचित होना चाहिए। यह समझना मुश्किल नहीं है कि ऐसे भाव-चाव किसी वीडियो में समेटने भर के लिए नहीं होते। बिखरते सामाजिक मूल्यों और रिश्तों में बढ़ती कड़वाहट के मौजूदा हालात में आवश्यक है।

### कितना पुण्य कमाया

दफ्तर में एक साथी अस्पताल के अपने कड़वे अनुभव बता रही थीं। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल उनके पति को निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। पूरी रात वे आईसीयू के बाहर बेंच पर बैठी रहीं। तड़के झपकी लगी ही थी कि पौने पांच बजे अचानक वार्ड बॉय ने जगाया कि आप ही हैं उनकी पत्नी? इन्होंने घबराते हुए पूछा कि वह ठीक हैं ना? बेरुखी से बोला- हां आप जाकर काउंटर पर फीस जमा कर दें। यानी मरीज़ का हाल बताने या ढांढस बंधाने के बजाय अस्पताल को अपनी फीस की चिंता थी। दो दिन में ही चार लाख रुपये का बिल बना दिया गया। उनकी बात सुन मुझे 21 बरस पहले का वाकया याद आ गया। डिलीवरी के दौरान अस्पताल ने केस ऐसा बिगाड़ा कि पत्नी आईसीयू में पहुंच गईं। अस्पताल की टीम ने आकर कहा कि वॉर्ड खाली कर दीजिए। मैंने कहा- देख नहीं रहे वहां नवजात है। तो बोले- फिर आपको आईसीयू और वॉर्ड दोनों के बिल भरने होंगे। मैंने कहा कि किसी ने मना किया क्या पैसा देने को। सामान्य से डिलीवरी के केस में आईसीयू पहुंचा दिया, उसके बाद भी सहानुभूति के दो शब्दों के बजाय कमाई की फिक्र। अस्पतालों के अंदर ऐसी संवेदनहीनता आखिर कहां से आती है। डॉक्टरों को सेवा की शपथ दिलाई जाती है, किसी की जान बचाने से बड़ा पुण्य का काम कोई नहीं। इसे धंधे में बदलने का कोई कैसे सोच सकता है। पिछले दिनों एक युवा डॉक्टर का विडियो वायरल हुआ था।

## तेज विकास के बावजूद बढ़ रही हैं आर्थिक चुनौतियां, भारत की अर्थव्यवस्था पर नए सवाल

**(पीएस वोहरा)**

वर्तमान में भारत का निफ्टी आईटी सूचकांक 22 फीसद से अधिक गिर चुका है। यह कमजोरी केवल बाजार का उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि एआई के क्षेत्र में तकनीकी प्रतिस्पर्धा के बदलते वैश्विक परिदृश्य का संकेत भी है। सबसे ज्यादा प्रभाव भारतीय रुपये पर पड़ा है। अप्रैल 2025 में लगभग 85 रुपए प्रति डॉलर के स्तर पर रहने वाली मुद्रा एक वर्ष के भीतर करीब 96 रुपए प्रति डॉलर तक पहुंच गई। वित्तीय वर्ष 2025-26 के परिणामों ने वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी देश की आर्थिक क्षमता पर विश्वास को मजबूत किया है। मार्च 2026 को समाप्त आखिरी तिमाही में लगभग 7.8 फीसद की विकास दर दर्ज होना केवल एक सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह उस आर्थिक लचीलेपन का प्रमाण है, जिसने अप्रत्याशित अमेरिकी शुल्क की अधिकतम दरों और फिर अमेरिका-इजराइल तथा ईरान युद्ध के बावजूद स्थिति को संभाले रखा। इन दोनों परिस्थितियों ने ऊर्जा संकट और वित्तीय निवेश संबंधी चिंताओं को बढ़ा दिया और यह स्थिति वर्तमान समय तक बनी हुई है। इन वैश्विक झटकों के बाद भी अगर भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपने विकास की गति को बनाए रखा है, तो यह आर्थिक नीतियों में भावी संभावनाओं के मद्देनजर किए गए बदलावों का असर हो सकता है, जैसे–जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाना और विभिन्न विकसित देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते। मगर इन सब प्रयासों के बीच कुछ ऐसे प्रश्न भी उभर रहे हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। देश की सकारात्मक तस्वीर को और मजबूती भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की हाल की मौद्रिक नीति समीक्षा से भी मिली है। आरबीआई ने एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाते हुए आर्थिक गतिविधियों को अनावश्यक दबाव से बचाने का प्रयास किया है। बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद रेपो दर को 5.25 फीसद पर स्थिर रखना यह संकेत देता है कि केंद्रीय बैंक केवल महंगाई को नहीं, बल्कि लोगों के हाथ में वित्तीय तरलता की आवश्यकताओं को भी समान महत्त्व दे रहा है। विशेष रूप से ऐसे समय में, जब पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कीमतों में लगातार वृद्धि ने घरेलू बजट और व्यावसायिक लागतों पर दबाव बढ़ाया है। यह निर्णय अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्त्वपूर्ण सहारा माना जा सकता है। आरबीआई की ओर से विदेशी पूंजी को आकर्षित करने के उद्देश्य से सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश पर पूंजीगत लाभ कर संबंधी सौ फीसद राहत का निर्णय भी नीतिगत दृष्टि से बहुत उल्लेखनीय माना जाना चाहिए। इससे अनुमानित पचास अरब डॉलर तक की विदेशी पूंजी भारतीय ऋण बाजार की ओर आकर्षित होगी। यह केवल निवेश का प्रवाह नहीं होगा, बल्कि रुपये की स्थिरता, विदेशी मुद्रा भंडार की मजबूती और दीर्घकालिक वित्तीय संतुलन की दिशा में भी एक अहम कदम साबित हो सकता है।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6147

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 6 | 9 | | | 4 |
| | | 9 | | | | | 5 | |
| | 2 | | | | 4 | 7 | 1 | |
| 4 | 9 | 8 | | | | | | 7 |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| 1 | | | | | | 4 | 3 | 5 |
| | 8 | 1 | 6 | | | | 4 | |
| | 5 | | | | | 3 | | |
| 9 | | | 2 | 7 | 1 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6146

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 |
| 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 5 | 8 | 9 | 2 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 7 | 6 | 1 |
| 9 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 3 | 4 | 5 |

### वर्ग पहेली 6147

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | ■ | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | 9 | |
| | ■ | ■ | 10 | | ■ | | ■ |
| 11 | | 12 | ■ | 13 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 14 | 15 |
| | ■ | 16 | | ■ | 17 | | |
| 18 | | | ■ | 19 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 20 | | ■ | 21 |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1828 को 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की प्रसिद्ध वीरागंना का जन्म हुआ था (6)
7. माता का वह दुलार जो उसकी संतान पर होता है (3)
8. वश में होने वाला (4)
10. संगीत में स्वरों का कलापूर्ण विस्तार, तानने की क्रिया (2)
11. मुक्ति, छुटवारा (3)
13. अमानत में खयानत, मुंशी प्रेमचंद द्वारा रचित उपन्यास, निर्मला के बाद यह उनका दूसरा यथार्थवादी उपन्यास है (3)
14. चंद्रमास के दो बराबर भागों में से एक, पंख, डैना (2)
16. ईशदूत, रसूल, पैगम्बर (2)
17. रामानुज जिनका विवाह कुशध्वज की कन्या मांडवी के साथ हुआ था (3)
18. इस नदी का एक नाम रेवा भी है (3)
19. पराजित, हारा हुआ (3)
20. नौका, किश्ती (2)
21. गेंहू की तरह एक प्रसिद्ध अन्न जिससे मदिरा निर्माण भी होता है (1)

**(ऊपर से नीचे**

1. यह संत तुलसीदास की प्रसिद्ध धार्मिक कृति है (8)
2. इस वृक्ष की छाल औषधि बनाने के काम आती है (2)
3. बेल (2)
4. बड़वानी से करीब 8 किमी दूर जैन धर्म के मानने वालों का एक तीर्थस्थल (5)
5. ईश्वर, भगवान, प्रभु (2)
6. प्रवेश, दाखिला, भराव, भराई (2)
9. देश भक्त, वतन से मुहब्बत करने वाला, राष्ट्र को सर्वोत्तम जानने वाला (6)
12. सच्चा, विश्वसनीय (5)
15. घायल, क्षतिग्रस्त, खंडित (2)
17. भरे होने का भाव (3)
19. कच्चे आम या इमली का बना हुआ खट्ठा-मीठा पदार्थ (2)

### वर्ग पहेली 6146 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | य | पु | र | ■ | ■ | य | दि |
| रू | म | ■ | ज | य | कि | श | न |
| र | क | मी | ■ | म | ना | ■ | ■ |
| त | ■ | ना | ■ | ज | रा | सं | ध |
| ■ | अं | कु | श | ■ | ■ | जी | न |
| न | ग | मा | ■ | ■ | जा | व | क |
| वा | ■ | री | ता | ■ | पा | नी | ■ |
| ब | री | ■ | न | य | न | ■ | ■ |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आप अपने बिजनेस में और कार्यक्षेत्र में लाभ प्राप्त कर पाएंगे। गिफ्ट आइटम और वस्त्रों के कारोबार से जुड़े जातकों को लाभ का विशेष मौका मिलेगा। आप मनोरंजक और सुख साधनों का आनंद ले पाएंगे। लंबी अवधि का निवेश करना कल आपके लिए फायदेमंद रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र में आपको कामयाबी मिलेगी। और प्रेम प्रसंग के मामलों में भी शुक्र बुध का गोचर अनुकूल रहेगा।

### वृष
आज का दिन कुछ नया करने का रहेगा। आप अपनी लाइफ को नई दिशा देने के लिए कुछ प्लान कर सकते हैं। आपकी कोई दबी इच्छा पूरी होगी और आपका आत्मविश्वास बढेगा। रिश्तों में आप तालमेल और सामंजस्य बनाए रखने का प्रयास करेंगे। आपको किसी बात को लेकर न चाहते हुए भी भावुकतावश समझौता करना पड़ सकता है।

### मिथुन
आज दिन रचनात्मक कार्यों में सफलता दिलाने वाला रहेगा। आप अपनी वाणी और व्यवहारकुशलता से कार्यक्षेत्र में तरक्की पाएंगे। आर्थिक लाभ का आपको अवसर मिलेगा। आपके सितारे बताते हैं कि आप कुछ नई योजना पर भी काम शुरू कर सकते हैं। नजदीकी संबंधियों से रिश्तों में चल रहा।

### तुला
आज का दिन लाभ के साथ खर्च में भी वृद्धि करने वाला रहेगा। आपको कुछ पुराने लेनदेन निपटाने होंगे। आर्थिक मामलों में आपको जोखिम भरे निवेश से बचना होगा नहीं तो नुकसान हो सकता है। पारिवारिक जीवन में जीवनसाथी के साथ छोटी-छोटी बातों पर मतभेद होने की आशंका है। वैसे आपको कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ लोगों से सहयोग प्राप्त होगा।

### वृश्चिक
आज का दिन बुध और शुक्र की युति से शुभ लाभदायक रहेगा। आपको किसी सगे संबंधी अथवा मित्रों से मिलने का मौका मिलेगा। आप अपनी वाणी कुशलता और चतुर योजना का लाभ ले पाएंगे। किसी अटके हुए काम के पूर्ण होने से आपको खुशी मिलेगी। आर्थिक पक्ष आपका अनुकूल बना रहेगा। अपने लिए आप कुछ खरीदारी भी कर सकते हैं। आपके संपर्क सूत्र का विस्तार होगा।

### धनु
आज का दिन चंद्रमा के गोचर से शुभ रहने वाला है। आपको भाग्य का साथ अपने कार्यक्षेत्र में प्राप्त होगा। आप कुछ नई योजनाओं पर काम करने का विचार कर सकते है। आपकी चतुर योजना और दूरगामी का सोच का आपको फायदा मिलेगा। राशि में केतु की स्थिति से आपको राजनीतिक और कूटनीतिक क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आपकी सबसे ज्यादा सपोर्ट बड़े भाई से प्राप्त होगा।

### कर्क
आज का दिन उत्साहपूर्ण रहेगा। आप अपना काम सफलतापूर्वक पूरा कर पाएंगे। आपको अपने साथी सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। करियर में ग्रोथ का भी संयोग बना रहा है। आप प्रबंधन क्षमता का भी लाभ ले पाएंगे। धार्मिक और दार्शनिक विषयों में आपकी रुचि बढेगी। शिक्षा और शिक्षण कार्य में भी आपको सफलता मिलने का संयोग बना है।

### सिंह
आज का दिन संतोषजनक रहेगा। आप अपने काम और योजनाओं से संतुष्ट रहेंगे। बहुत दिनों से आपकी कोई दबी इच्छी थी वह पूरी हो सकती है। किसी का मार्गदर्शन और सहयोग आपके करियर को नई दिशा दे सकता है। आर्थिक मामलों में आपको अपने प्रयास का लाभ मिलेगा। सगे संबंधियों से रिश्ते बेहतर होंगे और अपेक्षित सहयोग भी मिलेगा।

### कन्या
आज का दिन व्यापार और कारोबार के मामले में लकी रहेगा। आपको लाभ और सुख साधनों की भी प्राप्ति होगी। पारिवारिक जीवन में माता से स्नेह और सहयोग मिलेगा। अ वाहन खरीदने के लिए प्रयासरत है तो इस मामले में शुभ संयोग बनता दिख रहा है।

### मकर
आज का दिन गुरु के कर्क राशि के गोचर से शुभ रहने वाला है। आप मानसिक उलझन और द्वंद की स्थिति से खुद को निकालने में सफल रहेंगे। करियर में आपको अनुकूल स्थिति मिलेगी और आपको कुछ अपनी रुचि का काम करने का मौका मिलेगा। आर्थिक पक्ष आपका अनुकूल रहेगा। बिजनेस में आप उम्मीद से बढकर कमाई कर सकते हैं और कुछ नई योजनाओं पर भी काम शुरू कर सकते हैं।

### कुंभ
आज का दिन शुभ रहेगा आपका काम पूरा होगा लेकिन संघर्ष अधिक रहेगा। सेहत के मामले में दिन कुछ नरम रह सकता है। आपको जोखिम वाले काम से दूर रहना चाहिए और विवाद में उलझने से बचना होगा। भाइयों से किसी बात को लेकर मतभेद हो सकता है, संयम से काम लेना होगा। वाहन और बिजली के उपकरण पर धन खर्च होगा। साथ ही आपको परिवार के किसी सदस्य की मदद भी करनी होगी।

### मीन
आज दिन थकान भरा लेकिन चेहरे पर मुस्कान लाने वाला होगा। थकान और मानसिक उलझन हो सकती है लेकिन गिफ्ट में शोध करने की बुद्धि भी देंगे जिससे आप नई चीजों को सीख पाएंगे। आथिक लाभ का मौका मिलेगा और आप कामकाज में बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से आपकी कोई समस्या सुलझ सकती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009



## अपनी बायोपिक का पहला पोस्टर लॉन्च होने पर बोले गांगुली

# 'यह अब तक का सबसे अच्छा बर्थडे गिफ्ट'

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने बुधवार को अपने 54वें जन्मदिन पर अपनी बायोपिक, 'दादाः द सौरव गांगुली स्टोरी' के फर्स्ट-लुक पोस्टर के लॉन्च को 'अब तक का सबसे अच्छा बर्थडे गिफ्ट' बताया। नेशनल अवॉर्ड विजेता एक्टर राजकुमार राव स्टारर यह फिल्म अगले साल 14 मई को थिएटर में रिलीज होगी। पोस्टर लॉन्च के बाद अपने पहले रिएक्शन में गांगुली ने कहा कि इस मौके ने उनके जन्मदिन को और भी खास बना दिया। उन्होंने कहा, 'जन्मदिन हमेशा खास होते हैं और आज मेरी बायोपिक 'दादा - द सौरव गांगुली स्टोरी' का फर्स्ट लुक रिलीज होने से यह और भी यादगार बन गया है। यह सच में अब तक का सबसे अच्छा बर्थडे गिफ्ट है।' पूर्व कप्तान ने कहा कि फिल्म का यह पोस्टर उन्हें उनके क्रिकेट करियर के सबसे यादगार और अहम पलों में से एक की याद दिलाता है। उन्होंने राजकुमार राव पर भरोसा जताते हुए कहा कि अभिनेता ने उनके जीवन और संघर्ष को पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ पर्दे पर उतारा है। उन्होंने कहा, 'यह पोस्टर मुझे मेरे क्रिकेट सफर के एक बेहद खास पल में वापस ले जाता है। राजकुमार ने इस किरदार को पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ निभाया है। मुझे भरोसा है कि वह मेरी कहानी को दर्शकों तक बेहतरीन तरीके से पहुंचाएंगे। '

फिल्म के निर्माताओं को अपनी शुभकामनाएं देते हुए गांगुली ने उम्मीद जताई कि जब यह बायोपिक अगले साल सिनेमाघरों में आएगी, तो दर्शक बड़ी




संख्या में इसे देखने आएंगे। उन्होंने कहा, 'मैं उन्हें और पूरी टीम को शुभकामनाएं देता हूं और उम्मीद करता हूं कि फैंस 14 मई 2027 को बड़े पर्दे पर फिल्म का आनंद लेंगे। '

गांगुली के जन्मदिन के मौके पर जारी किए गए फिल्म के फर्स्ट-लुक पोस्टर में अभिनेता राजकुमार राव भारतीय क्रिकेट इतिहास के सबसे यादगार पलों में से एक को दोबारा जीवंत करते नजर आते हैं। पोस्टर में वह लॉर्ड्स की बालकनी में शर्ट उतारकर खड़े हैं, ठीक उसी अंदाज में जैसे सौरव गांगुली ने 2002 नेटवेस्ट ट्रॉफी फाइनल में भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद जश्न मनाया था। पोस्टर की पृष्ठभूमि में लहराता विशाल तिरंगा इस ऐतिहासिक पल को और भी भव्य बना रहा है।



# अभिषेक शर्मा के पर्सनैलिटी राइट्स से जुड़े मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने समन जारी किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने अभिषेक शर्मा के पर्सनैलिटी राइट्स से जुड़े मामले में प्रतिवादियों (डिफेंडेंट्स) को समन जारी किया और कई आपत्तिजनक URL की जानकारी भी दर्ज की। जस्टिस ज्योति सिंह ने प्रतिवादियों को समन और नोटिस जारी किए और निर्देश दिया कि उन्हें सोशल मीडिया हैंडल और अन्य कानूनी रूप से मान्य तरीकों से नोटिस भेजे जाएं। मामले की अगली सुनवाई 17 नवंबर को होगी। शर्मा के वकील गौरव बहल ने एक अतिरिक्त हलफनामा पेश किया और हाई कोर्ट को बताया कि क्रिकेटर से जुड़े कई कथित आपत्तिजनक URL हटा दिए गए हैं। वहीं, मेटा का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील वरुण पाठक ने बताया कि कंपनी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस मामले से जुड़े केवल दो URL ही अभी भी एक्सेस किए जा सकते हैं। बहल ने शर्मा का प्रतिनिधित्व किया क्योंकि क्रिकेटर इंग्लैंड के खिलाफ चल रही सीरीज के लिए इंग्लैंड में हैं। इस बीच शर्मा के वकील बहल ने कोर्ट से उन प्रतिवादी संस्थाओं के खिलाफ रोक (इंजंक्शन) लगाने का अनुरोध किया, जिन पर विवादित कंटेंट तक पहुंच प्रदान करने वाले हाइपरलिंक बनाने का आरोप है। हालांकि कोर्ट ने कहा कि अंतरिम रोक पर विचार करने से पहले समन जारी किए जाएंगे।

**क्या है मामला...** यह मामला ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर शर्मा के नाम, फोटो और उनकी छवि के कथित अनधिकृत इस्तेमाल से जुड़ा है। इसमें एआई-जनरेटेड और ऑनलाइन तरीके से बदले गए (मैनिपुलेटेड) कंटेंट भी शामिल हैं। पिछली सुनवाई में जस्टिस ज्योति ने पर्सनैलिटी राइट्स के दायरे की जांच की थी और उन लिंक पर विचार किया था जिन्हें शर्मा ने अपने अधिकारों का कथित उल्लंघन करने वाला बताया था।

## पहली बार विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बनाई

# मार्टा ने पाओलिनी को दी शिकस्त

**विंबलडन, एजेंसी।** यूक्रेन की मार्टा कोस्तयुक ने अपने करियर के पहले विंबलडन सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कोस्तयुक ने बुधवार को सेंटर कोर्ट पर इटली की जैस्मीन पाओलिनी के खिलाफ 6-3, 6-2 से जीत दर्ज करते हुए लगातार दूसरे ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह मुकाबला सिर्फ 1 घंटा और 9 मिनट तक चला।

कोस्तयुक ने शुरुआत से बनाए रखी पकड़ 12वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने पिछले साल की उपविजेता पर जीत के साथ डब्ल्यूटीए टूर पर उनके पिछले 22 मुकाबलों में 21 जीत का शानदार रिकॉर्ड बना दिया है। यह जीत उन्हें फ्रेंच ओपन 2026 में सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद मिली है। पहली बार सेंटर कोर्ट पर खेलते हुए कोस्तयुक ने आक्रामकता दिखाई। उन्होंने 19 विनर्स लगाए, जिनमें कई शानदार रिटर्न विनर्स भी शामिल थे। इसने पाओलिनी को लगातार दबाव में रखा।



पाओलिनी को शुरुआती सेट में संघर्ष करना पड़ा और उन्होंने 15 बेजां भूले कीं। इससे कोस्तयुक को मैच पर पकड़ बनाने का मौका मिला। मैच का अहम मोड़ पांचवें गेम में आया, जब यूक्रेनी खिलाड़ी ने हिचकिचाहट भरी दूसरी सर्विस पर फोरहैंड रिटर्न विनर लगाकर महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया। उस पल के बाद से मार्टा कोस्तयुक ने आत्मविश्वास के साथ खेला और इतालवी खिलाड़ी को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

कोस्तयुक ने दूसरे सेट में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने अपने दमदार बेसलाइन गेम और सटीक रिटर्न का इस्तेमाल करते हुए सिर्फ 69 मिनट में जीत हासिल करते हुए ऑल इंग्लैंड क्लब में पहली बार अंतिम-4 में अपनी जगह पक्की कर ली। अगले दौर में मार्टा कोस्तयुक का सामना चेक गणराज्य की नौवीं वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा या बेल्जियम की 25वीं वरीयता प्राप्त एलिस मर्टेंस से होगा, जिसमें उनके पास अपने पहले ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने का मौका होगा।



# अर्नव ने रचा इतिहास, विंबलडन जूनियर्स के क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**विंबलडन, एजेंसी।** भारतीय टेनिस को एक नया सितारा मिल गया है। 18 वर्षीय अर्नव पापरकर ने विंबलडन जूनियर चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। उन्होंने जापान के रियो तबाता को 6-2, 6-1 से हराकर लड़कों के एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही वह 1990 में लिएंडर पेस के बाद विंबलडन जूनियर्स के लड़कों के एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। ITF जूनियर विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर मौजूद अर्नव ने तीसरे दौर में जापान के रियो तबाता को एकतरफा मुकाबले में हराया। इस जीत के साथ उन्होंने 36 साल पुराना भारतीय रिकॉर्ड दोहराया, जिसे आखिरी बार लिएंडर पेस ने 1990 में बनाया था। इससे पहले अर्नव ने दुनिया के तीसरे नंबर के जूनियर खिलाड़ी कीटन हैंस (अमेरिका) को 6-2, 6-3 से हराकर बड़ा उलटफेर किया था।

### 6 फीट लंबे खिलाड़ी की सबसे बड़ी ताकत है सर्विस

करीब 6 फीट लंबे अर्नव पापरकर अपनी दमदार पहली सर्विस के लिए जाने जाते हैं। कीटन हैंस के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने छह ऐस लगाए, एक भी ब्रेक प्वाइंट नहीं गंवाया और अपनी सर्विस पर केवल 18 अंक खोए। यह उनके करियर की अब तक की सबसे बड़ी जीत मानी जा रही है। अर्नव हेमंत बेंद्रे टेनिस अकादमी में कोच प्रोसनजीत पॉल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेते हैं। मैच से पहले उनकी टीम विपक्षी खिलाड़ियों के खेल का बारीकी से विश्लेषण करती है और उसी रणनीति के साथ कोर्ट पर उतरती है। उन्हें महाराष्ट्र स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन, महा टेनिस फाउंडेशन, महाराष्ट्र सरकार की 'मिशन लक्ष्यवेध' योजना और आर्यन पंप्स का भी सहयोग मिल रहा है। अर्नव का परिवार खेलों से जुड़ा नहीं था, लेकिन उन्हें बचपन से ही खेलों का शौक था। वह तैराकी, क्रिकेट, फुटबॉल और टेबल टेनिस खेलते थे। एक दिन स्विमिंग पूल के पास बने टेनिस कोर्ट पर उनकी रुचि टेनिस में जगी।

# बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे टीम घोषित

## शुम्बा और न्यूमैन न्यामहुरी को मौका




**हरारे।** बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली 3 टी20 मैचों की घरेलू सीरीज के लिए जिम्बाब्वे क्रिकेट ने बुधवार को 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टीम की कमान सिकंदर रजा के हाथ में है। इस टीम में ज्यादातर वही खिलाड़ी हैं जो टी20 विश्व कप 2026 में जिम्बाब्वे को सुपर-8 तक पहुंचाने वाले कैंपेन का हिस्सा रहे थे। हरारे में चल रही वनडे सीरीज समाप्त होने के बाद 15, 17 और 19 जुलाई को बुलावायो में 3 टी20 मैच खेले जाने हैं। टीम में दो बदलाव हुए हैं। युवा तेज गेंदबाज न्यूमैन न्यामहुरी और बल्लेबाज मिल्टन शुम्बा को शामिल किया गया है। न्यामहुरी ने टी20 फॉर्मेट में अभी तक डेब्यू नहीं किया है। शुम्बा ऑस्ट्रेलिया में 2022 टी20 विश्व कप के बाद पहली बार टी20 टीम में लौटे हैं। बल्लेबाज बेन कुरेन, जिन्हें इस साल की शुरुआत में ब्रेंडन टेलर की चोट के बाद टी20 विश्व कप टीम में शामिल किया गया था, ने अपनी जगह बरकरार रखी है। ग्रेम क्रेमर बाएं हाथ में इंजरी की वजह से चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।

चयनकर्ता संयोजक डेविड मुटेंडेरा ने कहा कि टीम का चयन करते समय निरंतरता पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया गया था। उन्होंने कहा, 'टी20 विश्व कप ने दिखाया कि यह ग्रुप क्या करने में काबिल है, इसलिए निरंतरता हमारे लिए एक जरूरी बात थी।

# लॉर्ड्स में महिलाओं का टेस्ट मैच एक शानदार मौका

## इसका बेसब्री से इंतजार हैः भारतीय कोच मजूमदार

**लंदन।** भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच 10 जुलाई से लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर इकलौता टेस्ट मैच खेला जाएगा। इस खास मौके पर खुशी जाहिर करते हुए भारतीय हेड कोच अमोल मजूमदार ने बुधवार को कहा कि 'होम ऑफ क्रिकेट' में टेस्ट मैच खेलना किसी भी भारतीय क्रिकेटर का सबसे बड़ा सपना होता है। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में मजूमदार ने कहा, 'यह सोचकर ही हैरानी होती है कि लॉर्ड्स में यह पहला टेस्ट मैच (विमेंस) है। इसके बावजूद, मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं। मैं इस आयोजन से जुड़े सभी लोगों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। यह एक शानदार मौका है और हम इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। किसी भी भारतीय क्रिकेटर के लिए टेस्ट मैच खेलना ही एक सपना होता है, फिर लॉर्ड्स में खेलने की बात ही अलग है। मुझे यकीन है कि इस मुकाबले में जो भी खिलाड़ी सफेद जर्सी पहनकर मैदान पर उतरेंगे, उन्हें लॉर्ड्स में टेस्ट मैच खेलने पर गर्व होगा।' उन्होंने कहा, 'हमने ड्रेसिंग रूम में हमेशा यही बात कही है। पारंपरिक रूप से हमने टेस्ट मुकाबलों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले ही हर कोई लॉर्ड्स में होने वाले टेस्ट मैच के बारे में बात कर रहा था। अब वह समय आ गया है, इसलिए खिलाड़ी निश्चित रूप से इसे लेकर उत्साहित होंगे। '

भारत ने विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में निराशाजनक प्रदर्शन किया। लीग स्टेज से बाहर होने के बाद भारतीय टीम इंग्लैंड के विरुद्ध इस टेस्ट मैच में उतरेगी। मजूमदार ने स्वीकार किया है कि हालांकि प्रदर्शन 'मिला-जुला' रहा, लेकिन टीम ने सफलतापूर्वक अपना ध्यान सबसे लंबे फॉर्मेट पर लगा लिया है।



उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो, यह मिला-जुला रहा है। हमें हार से उबरना था। हम निश्चित रूप से निराश थे। हमारा वर्ल्ड कप बहुत अच्छा नहीं रहा, लेकिन इसके बावजूद, टीम का जज्बा सामने आना जरूरी था और हमें उस दौर से बाहर निकलकर जल्द ही टेस्ट मैच की तैयारी में जुटना था। मुझे लगता है कि हम ऐसा करने में कामयाब रहे हैं। हमने वर्म्सले क्रिकेट क्लब में तैयारी के पांच बहुत अच्छे दिन बिताए। यह एक खूबसूरत मैदान है और तैयारी के लिए एकदम सही जगह है और फिर यहां लॉर्ड्स में भी। हमारी तैयारी अच्छी रही है। '

# टैमी ब्यूमोंट भारत के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लेंगी संन्यास

**लंदन।** इंग्लैंड की अनुभवी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। टैमी भारत के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले जाने वाले मुकाबले के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहेंगी। टैमी अपने 17 साल के शानदार करियर का अंत इस मशहूर मैदान पर टेस्ट मैच के साथ करेंगी, जिसकी शुरुआत 10 जुलाई से होगी। नवंबर 2009 में अपने अंतरराष्ट्रीय सफर की शुरुआत करने वालीं टैमी ने इंग्लैंड के लिए सभी फॉर्मेट में कुल 260 मैच खेले, जिसमें 7,325 रन बनाए। टैमी वनडे फॉर्मेट में इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक 12 शतक लगाने वाली महिला खिलाड़ी हैं, जो साल 2017 में घरेलू मैदान पर इंग्लैंड की ऐतिहासिक महिला वनडे वर्ल्ड कप जीत की मुख्य सूत्रधार थीं। उस टूर्नामेंट में टैमी ने सर्वाधिक 410 रन बनाए, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की तरफ से जारी एक बयान में टैमी ने कहा, 'करीब 17 साल तक इंग्लैंड के लिए खेलना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान रहा है। जब छोटी उम्र में क्रिकेट खेलने का शौक जगा, तब मुझे शायद ही पता था कि इंग्लैंड के लिए क्रिकेट खेलना भी एक विकल्प हो सकता है। यह सोचकर मुझे बहुत खुशी होती है कि कितनी लड़कियां और लड़के इससे प्रेरित हुए हैं। हम हमेशा अगली पीढ़ी के लिए इस विरासत को आगे बढ़ाना चाहते थे, और अब मेरे लिए यह मौका आ गया है कि मैं इंग्लैंड के खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को यह जिम्मेदारी सौंप दूं। लॉर्ड्स में होने वाला यह टेस्ट मैच, जो लॉर्ड्स में महिलाओं का पहला टेस्ट है, मेरे करियर को अलविदा कहने का सबसे सही मौका है। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मेरा करियर इतना शानदार होगा।'



35 वर्षीय टैमी इंग्लैंड की उन दो महिला खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने खेल के तीनों फॉर्मेट में शतक लगाया है। टैमी टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाली पहली इंग्लिश महिला खिलाड़ी हैं, जिन्होंने साल 2023 में विमेंस एशेज के दौरान ट्रेंट ब्रिज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 208 रन बनाए थे। टैमी ब्यूमोंट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि वह घरेलू क्रिकेट में 'द ब्लेज' और 'द हंड्रेड' में 'बर्मिंघम फीनिक्स' के लिए खेलना जारी रखेंगी। उन्होंने कहा, 'मैं घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखूंगी, लेकिन अपने शानदार सपोर्ट के लिए सभी फैंस का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं।

# फॉरवर्ड सैबारी फ्रांस के खिलाफ क्वार्टर-फाइनल से हुए बाहर

**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2026 के क्वार्टर-फाइनल में फ्रांस जैसी मजबूत टीम के खिलाफ मुकाबले से पहले मोरक्को को बड़ा झटका लगा है। उनके मुख्य फॉरवर्ड इस्माइल सैबारी चोट के कारण इस अहम मैच से बाहर हो गए हैं। मोरक्को के हेड कोच मोहम्मद ओआबी ने गुरुवार को मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में सैबारी के बाहर होने की पुष्टि की। ओआबी के अनुसार, कनाडा के खिलाफ राउंड ऑफ 16 की जीत के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट लगने के बाद यह फॉरवर्ड समय पर ठीक नहीं हो सका। हालांकि, कोच को उम्मीद है कि अगर उनकी टीम सेमीफाइनल में पहुंचती है, तो 25 वर्षीय खिलाड़ी फिट हो जाएगा। मैच से पहले पत्रकारों से बात करते हुए ओआबी ने कहा, 'वह तैयार नहीं हैं, लेकिन मुझे उम्मीद है कि यह उनके लिए टूर्नामेंट का अंत नहीं है। 'सैबारी मौजूदा टूर्नामेंट में अफ्रीकी टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने ग्रुप स्टेज के तीनों मैचों में गोल किए और राउंड ऑफ 32 में नीदरलैंड के खिलाफ निर्णायक शूटआउट में पेनल्टी को गोल में बदला। उनकी अनुपस्थिति के कारण मोरक्को को 2022 वर्ल्ड कप की उपविजेता टीम के खिलाफ अधिक रक्षात्मक रणनीति अपनानी पड़ सकती है। फीफा ने फ्रांस और मोरक्को के बीच क्वार्टर-फाइनल मुकाबले के लिए पूरी तरह से अर्जेंटीना के अधिकारियों की टीम नियुक्त करके एक बड़ी बहस छेड़ दी है।

## न्यूज बाइट्स

### अंचलाधिकारी संजय कुमार को भावभीनी विदाई

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जिले के गोह अंचलाधिकारी संजय कुमार को गुरुवार को भावभीनी विदाई दी गई। उनका स्थानांतरण सहरसा जिले के पथरघट अंचल में किया गया है। इस अवसर पर प्रखंड मुख्यालय स्थित आईबी भवन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अंचल कार्यालय के कर्मियों, राजस्व कर्मचारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने संजय कुमार को फूल-माला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी। वक्ताओं ने उनके 11 माह के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि संजय कुमार ने अपनी पारदर्शी, ईमानदार और जनहितैषी कार्यशैली से आम लोगों का विश्वास जीता। उनके नेतृत्व में भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, परिमार्जन सहित राजस्व से जुड़े लंबित मामलों के निष्पादन में उल्लेखनीय तेजी आई। उन्होंने कार्यालय में टीम भावना के साथ कार्य करने की संस्कृति विकसित की तथा आम नागरिकों की समस्याओं के समयबद्ध समाधान को प्राथमिकता दी।

### श्रम विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गयी जानकारी

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।**

औरंगाबाद। श्रम अधीक्षक अंजु कुमारी ने श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए श्रमिकों और आम नागरिकों से इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि विभाग के तहत असंगठित श्रमिकों का पंजीकरण, निर्माण श्रमिक कल्याण योजनाएं, श्रमिक हितलाभ योजनाएं तथा पात्र लाभार्थियों को दी जाने वाली विभिन्न सुविधाएं संचालित की जा रही हैं।

इलाज के लिए गयाजी जा रही थी, मोबाइल प्लेटफॉर्म पर गिर गया, उठाते समय हादसा

# चलती ट्रेन से गिरकर महिला की हुई मौत



निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

औरंगाबाद के दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर स्थित फेसर रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार सुबह एक हादसा हुआ। इसमें चलती ट्रेन से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान फेसर थाना क्षेत्र के बनाही गांव निवासी जितेंद्र चौधरी की 35 साल की पत्नी उषा देवी के रूप में हुई है। उषा देवी इलाज कराने के लिए गांव की एक अन्य महिला के साथ गयाजी जा रही थीं। गुरुवार सुबह दोनों फेसर स्टेशन पहुंचीं और ट्रेन में सवार होने लगीं। इसी दौरान उषा देवी का मोबाइल प्लेटफॉर्म पर गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रेन चलने लगी थी, लेकिन मोबाइल उठाने के प्रयास में उषा देवी दोबारा नीचे उतरने लगीं। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गईं।

हादसे में उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद यात्रियों और स्थानीय लोगों ने तत्काल महिला को उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। हालांकि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की सूचना मिलते ही सदर अस्पताल में परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीणों ने बताया कि उषा देवी इलाज के लिए घर से निकली थीं, लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि वह कभी वापस नहीं लौटेंगी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसा चलती ट्रेन में चढ़ने-उतरने और गिरे हुए मोबाइल को उठाने के प्रयास के दौरान संतुलन बिगड़ने से हुआ। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

रेलवे और पुलिस अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने का प्रयास कभी न करें और किसी सामान या मोबाइल के गिर जाने पर उसे उठाने के लिए अपनी जान जोखिम में न डालें। थोड़ी-सी लापरवाही भी ऐसे दर्दनाक हादसों का कारण बन सकती है।

## ट्रक और टोटो की टक्कर, एक ही परिवार के 10 लोग घायल, तीन की हालत गंभीर



निज संवाददाता | बारुण (औरंगाबाद)

जिले के बारुण थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर बुधवार की देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के 10 लोग घायल हो गए। इनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी लोग रोहतास जिले के अकोढ़ी गोला निवासी हैं और एक रिसेप्शन (वलीमा) समारोह से लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार, अकोढ़ी गोला निवासी परिवार के सदस्य और उनके रिश्तेदार औरंगाबाद के अलीनगर में आयोजित वलीमा समारोह में शामिल होने आए थे। समारोह समाप्त होने के बाद सभी एक ही टोटो पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे।

इसी दौरान बारुण थाना क्षेत्र के जोकिया और प्रीतमपुर गांव के बीच एनएच-19 पर तेज रफ्तार ट्रक से टोटो की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि टोटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एएनएमएमसीएच), गया रेफर कर दिया। इनमें तीन घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही बारुण थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश में जुटी है।

### ओवरलोडिंग पर सवाल

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चार यात्रियों की क्षमता वाले टोटो पर करीब 10 लोग सवार थे। औरंगाबाद से अकोढ़ी गोला तक लगभग 45 किलोमीटर की दूरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोटो से तय की जा रही थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरलोडिंग और हाईवे पर टोटो जैसे धीमी गति वाले वाहनों का संचालन इस तरह के हादसों की बड़ी वजह बन रहा है। उन्होंने हाईवे पर ओवरलोडिंग और यातायात नियमों के सख्ती से पालन कराने की मांग की है।

# औरंगाबाद में बनेगा 150 मेगावाट का सोलर पार्क ऊर्जा भंडारण परियोजना को भी मिलेगी रफ्तार

- केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने की समीक्षा, डीएम ने समयबद्ध तरीके से परियोजना पूरी करने के दिए निर्देश
- बिजली ग्रिड की विश्वसनीयता बढ़ेगी और ट्रांसमिशन हानियां कम होंगी।



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद जिला जल्द ही बिहार की स्वच्छ ऊर्जा क्रांति का प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मेह एवं शेखपुरा गांव में प्रस्तावित 150 मेगावाट ग्रिड-संलग्न सोलर पार्क तथा 40 मेगावाट/160 मेगावाट-घंटा बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) परियोजना को गति देने के निर्देश दिए गए हैं। गुरुवार को केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा बिहार के मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में राज्य की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में औरंगाबाद की जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा सहित संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में मेह एवं शेखपुरा गांव में प्रस्तावित सोलर पार्क एवं बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजना की प्रगति पर विशेष चर्चा हुई। यह बिहार की महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में शामिल है, जिसे नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) से सिद्धांततः स्वीकृति मिल चुकी है।

### परियोजना से होंगे कई लाभ

इस परियोजना के शुरू होने से जिले और राज्य को कई महत्वपूर्ण लाभ मिलेंगे। इसके तहत स्वच्छ, सस्ती एवं विश्वसनीय बिजली उपलब्ध होगी, शाम के पीक आवर्स में भी निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी तथा बिजली ग्रिड की विश्वसनीयता बढ़ेगी। इसके अलावा पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम होगी, ट्रांसमिशन हानियों में कमी आएगी, हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। साथ ही औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को नई गति मिलने के साथ स्थानीय स्तर पर आधारभूत संरचना का भी विकास होगा।

बैठक के बाद जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजना से जुड़े भूमि अधिग्रहण, विभागीय समन्वय, अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) तथा अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि परियोजना निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरी हो सके। उन्होंने कहा कि यह परियोजना औरंगाबाद को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के साथ-साथ आत्मनिर्भर, हरित एवं विकसित बिहार के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## वर्ष 2000 के चर्चित हत्या मामले में दोषी को आजीवन कारावास

एसवीवी. संवाददाता | औरंगाबाद



व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार की अदालत ने वर्ष 2000 के बहुचर्चित हत्या मामले में दोषी करार दिए गए नवलाख यादव (ग्राम बेला) को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने हत्या के मामले में 50 हजार रुपये तथा आर्म्स एक्ट के तहत 5 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। न्यायालय के आदेशानुसार दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। लोक अभियोजक अजय कुमार ने बताया कि एसटीआर संख्या-206/01 एवं मुफस्सिल थाना कांड संख्या-452/2000 में सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनते हुए फैसला सुनाया। न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत नवलाख यादव को आजीवन कारावास एवं 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा दी। वहीं, आर्म्स एक्ट के तहत पांच वर्ष के कारावास और 5 हजार रुपये जुर्माने की भी सजा सुनाई। दोनों सजाएं एक साथ चलेंगी।

अभियोजन के अनुसार, इस मामले के प्राथमिकी सूचक विशुनदेव यादव (ग्राम बेला) ने 29 अक्टूबर 2000 को मुफस्सिल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आवेदन में बताया गया था कि उनके छोटे भाई बबन यादव 28 अक्टूबर 2000 की रात करीब नौ बजे खेत में पानी पटा रहे थे। इसी दौरान नवलाख यादव ने हथियार से गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। मामले की लंबी सुनवाई के बाद अदालत ने 1 जुलाई 2026 को नवलाख यादव को हत्या का दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। सजा के बिंदु पर सुनवाई पूरी होने के बाद गुरुवार को अदालत ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं, इस मामले में नामजद अन्य अभियुक्त महेंद्र यादव, योगेंद्र यादव और लालदेव यादव को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में न्यायालय ने दोषमुक्त कर दिया।

## गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में गुरुवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के तहत विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व (एंटीनटल) स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श और निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं। अस्पताल प्रभारी डॉ. कुणाल कामाख्या नारायण एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों की देखरेख में महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, नियमित जांच और सुरक्षित प्रसव से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी। डॉक्टरों ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। शिविर के दौरान गंभीर एनीमिया तथा उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं से पीड़ित हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान की गई। उनकी विशेष निगरानी सुनिश्चित करने के लिए उनके मातृत्व कार्ड पर लाल स्टिकर लगाया गया, ताकि प्रसव तक उन पर लगातार चिकित्सकीय नजर रखी जा सके।

# करंट लगने से 21 वर्षीय इलेक्ट्रीशियन की मौत, परिवार में मचा कोहराम

निज संवाददाता | अंबा (औरंगाबाद)



जिले के अंबा थाना क्षेत्र स्थित एरका सिंचाई कॉलोनी के समीप गुरुवार को करंट लगने से 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रिसियप थाना क्षेत्र के बभंडीह गांव निवासी गणेश साव के पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है। वह पेशे से इलेक्ट्रीशियन था और अपने बड़े भाई के साथ बिजली संबंधी कार्य कर परिवार के भरण-पोषण में सहयोग करता था। जानकारी के अनुसार, रोहित गुरुवार सुबह अपने बड़े भाई के साथ काम पर जाने के लिए निकला था। इसी दौरान एरका सिंचाई कॉलोनी के पास वह अचानक करंट की चपेट में आ गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उसे बचाने का प्रयास किया और गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

रोहित की मौत के कारण को लेकर अलग-अलग बातें सामने आ रही हैं। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि उसे करंट किन परिस्थितियों में लगा। कुछ लोगों का कहना है कि वह कॉलोनी स्थित आईटीआई कॉलेज परिसर में बिजली संबंधी कार्य कर रहा था, तभी हादसा हुआ।

### अस्पताल में परिजनों का हंगामा

घटना की सूचना मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया। सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और लोगों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# सर्पदंश हो तो झाड़-फूंक नहीं तुरंत पहुंचे अस्पताल : डॉ. शांता कुमारी

- अनुमंडलीय अस्पताल दाउदनगर में एंटीवेनम का पर्याप्त स्टॉक मौजूद
- समय पर सटीक इलाज से मरीजों की बचाई जा सकती है जान



निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद

सर्पदंश हो तो किसी झाड़ - फूंक और ओझा गुणी के चक्कर में नहीं पड़ना है। पीड़ित को तुरंत अस्पताल पहुंचाना है ताकि समय रहते मरीज का सटीक और प्रभावी इलाज किया जा सके और उसकी जान बचाई जा सके। उक्त कथन अनुमंडलीय अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ. शांता कुमारी का है। उन्होंने कहा है कि अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में एंटीवेनम का डोज मौजूद है। जरूरत के हिसाब से चिकित्सकों की निगरानी में इसका उपयोग किया जाता है। डॉ. श्रीमती कुमारी ने कहा है कि सर्पदंश से पीड़ित मरीज की जान अंधविश्वास के चक्कर में नाहक ही चली जाती है। कहा कि सतर्कता बरतनी जरूरी है। दरअसल मानसून की शुरुआत हो चुकी है। सर्पदंश की घटनाएं अक्सर इसी सीजन में बढ़ती हैं। असल में इसकी कई वजहें हैं। बारिश के कारण खेत - खलिहानों में पानी भर जाते हैं, बील में पानी घुस जाता है। लिहाजा जहरीले जीव जंतु बाहर निकल आते हैं और फिर वे महफूज जगहों की तलाश में किसी झाड़ी में, घरों में, झोपड़ियों में घुस जाते हैं। दूसरी तरफ किसानों की किसानी भी इसी पीरियड में होती है। हमें सतर्कता बरतनी चाहिए परंतु हम सतर्क नहीं रह पाते हैं।

एक लापरवाही यह हुई और दूसरी लापरवाही किसी जहरीले जीव जंतु के चपेट में आने के बाद चिकित्सकीय संपर्क में जाने के बजाय हम अंधविश्वास के चक्कर में किसी झाड़ - फूंक में फंस जाते हैं। ऐसे में जानें चली जाती है और फिर परिजनों के पास हाथ मलने के सिवा कोई रास्ता नहीं रहता। उपाधीक्षक डॉ. शांता ने सलाह दी। कहा कि खेत - झाड़ियों में काम करते समय सावधानी बरतें, रात में टॉर्च लेकर निकलें और सर्पदंश की स्थिति में बिना देरी किए अस्पताल पहुंचे। समय पर इलाज से अधिकांश मरीजों की जान बचाई जा सकती है।

## 15 दिनों में अधूरे आवास को पूर्ण कराएं, बीडीओ ने दिए कड़े निर्देश



- लाभुकों से नियमित संपर्क बनाए रखने और समस्याओं का त्वरित समाधान करने पर जोर।

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

आवास योजना के लंबित कार्यों को लेकर बीडीओ मोहम्मद जफर इमाम ने कल गुरुवार को प्रखंड कार्यालय में समीक्षा बैठक की।बैठक में वित्तीय वर्ष 2024 - 25 के 420 और 2025 - 26 के 204 अधूरे आवासों की प्रगति पर चर्चा की गई। बीडीओ ने निर्देश दिया कि लंबित सभी आवासों का निर्माण कार्य 15 दिनों के भीतर हर हाल में पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि लाभुकों से लगातार संपर्क रखें और निर्माण में आ रही समस्याओं का तुरंत समाधान करें। आवास कार्यों में तेजी लाने, इसका नियमित मॉनिटरिंग करने और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया गया। बैठक में कार्यपालक सहायक सुनील कुमार, लेखपाल सहायक कुमारी आरती, आवास सहायक विमलेश कुमार, विक्रांत, जीवन, मृगेंद्र पासवान, वीरेंद्र पासवान समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## 8.85 करोड़ का चेकडैम दरका

**कुटुंबा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले के कुटुंबा प्रखंड स्थित पिपरा बगाही गांव में बतरे नदी पर बन रहा एक चेकडैम उद्घाटन से पहले ही विवादों में घिर गया है। लघु जल संसाधन विभाग द्वारा 'हर खेत तक सिंचाई का पानी' योजना के तहत 8 करोड़ 85 लाख 40 हजार 323 रुपये की लागत से यह चेकडैम बनाया जा रहा है। पिपरा बगाही का यह चेकडैम लगभग बनकर तैयार हो चुका था। हालांकि, इसके उद्घाटन की तारीख तय होने से पहले ही इसकी दाहिनी ओर की मुख्य दीवार में ऊपर से नीचे तक एक बड़ी दरार पड़ गई। इस घटना ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और विभागीय निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय ग्रामीणों और पैक्स अध्यक्ष कुमुद रंजन मिश्रा ने इस दरार को लेकर मौके पर शिकायत दर्ज कराई थी। उनके अनुसार, संवेदक के कर्मियों ने शुरुआत में इसे मिट्टी के दबाव के कारण आई सामान्य दरार बताया था। उस समय कर्मियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि कमजोर हो चुकी इस दीवार को पूरी तरह तोड़कर नए सिरे से बनाया जाएगा।

## अनुमंडलीय अस्पताल दाउदनगर में शुरू हुआ डायलिसिस सेंटर



- किडनी के मरीजों को बड़ी राहत, नहीं जाना पड़ेगा अब बाहर

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

अनुमंडलीय अस्पताल दाउदनगर में गुरुवार को डायलिसिस सेंटर की शुरूआत कर दी गई। अस्पताल की प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. शांता कुमारी ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया फिर इसके बाद उनकी मौजूदगी में दाउदनगर बाजार के एक किडनी पेशेंट का सफलतापूर्वक डायलिसिस भी किया गया। बता दें इसकी सुविधा यहां उपलब्ध नहीं थी। इसके अभाव में जरूरतमंद मरीजों को कहीं बाहर जाना पड़ता था। इस सुविधा के शुरू होने से दाउदनगर अनुमंडल के इलाके भर के किडनी मरीजों को बड़ी राहत मिली है। इसके लिए अब उन्हें कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा। अस्पताल प्रबंधक ठाकुर चंदन सिंह और अपोलो डायलिसिस के ऑपरेशन मैनेजर एजाज अहमद ने बताया कि बहरहाल केंद्र की शुरुआत दो बेड के साथ की गई है। आने वाले समय में मरीजों की संख्या बढ़ेगी तो इसकी क्षमता भी बढ़ाई जाएगी। इसके लिए तीन और अतिरिक्त डायलिसिस मशीनें पहले से मंगाकर रखी गई हैं। मौके पर सीनियर टेक्नीशियन चंदन कुमार पटेल, लिपिक विकास कुमार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## शत-प्रतिशत नामांकन के लिए चलाया जायेगा विशेष अभियान, बीईओ ने प्रधानाध्यापकों को दिए निर्देश



निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

अशोक इंटर विद्यालय दाउदनगर में गुरुवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह कल्याण पदाधिकारी विकास कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापकों की एक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में प्रखंड के सभी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की गई।बी. ई. ओ. ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय अपने पोषक क्षेत्र में घर - घर सर्वे कर नामांकन से वंचित बच्चों की पहचान करेगा। अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक कर समय पर नामांकन और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि अभियान की नियमित समीक्षा कर प्रगति प्रतिवेदन समय पर भेजें। कहा गया कि अभियान की सफलता के लिए शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, जीविका समूहों और समुदाय की भागीदारी जरूरी है।

# जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मंझार पंचायत अंतर्गत धंधवा गांव में गुरुवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में एक पक्ष के तीन सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को परिजनों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। दूसरे पक्ष के भी कुछ लोगों के घायल होने की सूचना है, हालांकि उनकी पहचान नहीं हो सकी है। घायलों की पहचान धंधवा गांव निवासी मो. सलमानी (60 वर्ष), मो. खुर्शीद (55 वर्ष) और मो. जमशेद आलम (52 वर्ष) के रूप में हुई है। घायल मो. खुर्शीद ने बताया कि गोतिया पक्ष के साथ करीब 10 बीघा जमीन को लेकर पिछले एक महीने से विवाद चल रहा है। इस संबंध में मामला न्यायालय में विचाराधीन है और दोनों पक्षों की ओर से कानूनी प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को तीनों भाई खेत में हल चलाने गए थे। इसी दौरान गोतिया पक्ष के करीब आधा दर्जन लोग लाठी-डंडा लेकर वहां पहुंचे और विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी, जिसमें तीनों भाई घायल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों की सहायता से सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस ने भी मामले की जानकारी ली।

मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है, लेकिन अब तक किसी भी पक्ष की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है और मामला कोर्ट में लंबित है।

# उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण में देरी पर ग्रामीणों का धरना, जल्द काम शुरू कराने की मांग

निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)



गोह प्रखंड के हसामपुर पंचायत अंतर्गत हरिगांव में प्रस्तावित उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण में हो रही देरी के विरोध में गुरुवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने प्रशासन से भूमि विवाद का शीघ्र समाधान कर निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराने की मांग की। प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए तीन प्रमुख मांगें रखीं। उन्होंने सरकारी भूमि की तत्काल मापी एवं सीमांकन कराने, निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा ठेकेदार और मजदूरों को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि बिहार सरकार की ओर से हरिगांव में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए टेंडर जारी कर कार्यादेश भी दिया जा चुका है। अंचलाधिकारी द्वारा पक्की सड़क के किनारे स्थित गैरमजरुआ आम भूमि के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) भी जारी किया जा चुका है। इसके बावजूद कुछ लोगों के विरोध के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। मुखिया आनंद कुमार उर्फ गुड्डू की अध्यक्षता में आयोजित ग्रामसभा में भी उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया था। ग्रामीण राजीव कुमार विद्यार्थी ने बताया कि प्रस्तावित स्थल के उत्तर दिशा के कुछ लोग निर्माण का विरोध कर रहे हैं।